

सूर्योदय प्रातः 6:09 | सूर्यास्त संध्या 5:01 | पखवाड़ा | मार्गशीर्ष कृ. द्वितीया, संवत 2083 | तापमान | अधिकतम 24° | न्यूनतम 14°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 26 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 279, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस 2026

एवं सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर

स्थापना दिवस परवाड़ा

15 से 28 नवम्बर, 2026



मेला-सह-प्रदर्शनी

विभागीय स्टॉल में जनकल्याणकारी योजनाओं, नीतियों एवं उपयोगी सेवाओं की विस्तृत जानकारी



जिला पवेलियन

हर जिले के विशिष्ट उत्पाद, पर्यटन और आर्थिक झलक साथ ही, राज्य स्तरीय मंच पर जिला स्तर के चयनित प्रतिभागियों का प्रतिभा प्रदर्शन

प्रवेश नि:शुल्क

26 से 28 नवम्बर 2026

तक खेलगांव, राँची में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है



फ़ूड कोर्ट

धुस्का-घुघनी, पीठा, छिलका रोटी और असली झारखण्डी स्वाद



सांस्कृतिक संध्या

राज्य की समृद्ध कला, लोक संगीत और मनमोहक पारंपरिक नृत्यों की भव्य प्रस्तुतियाँ

जन-जन की भागीदारी झारखण्ड की खुशहाली

उद्घाटन समारोह

गरिमामयी उपस्थिति

श्री दीपक बिरुवा
माननीय मंत्री, राजस्व, भूमि सुधार विभाग एवं परिवहन विभाग

श्री संजय प्रसाद यादव
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग

श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग



दिनांक: 26 नवम्बर, 2026 | समय: संध्या 05 बजे से
स्थान: खेलगांव, राँची

आइए, हम सब मिलकर इस उत्सव के साक्षी बनें

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 394556 (IPRD) 26-27

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

एक झलक

लापुंग के चम्पाडीह रामरेखा टोंगरी में लगा मेला

लापुंग : लापुंग प्रखंड क्षेत्र के चंपाडीह रामरेखा टोंगरी में शहिद बडाईक गोविंद सिंह की जयंती सह कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर रामरेखा टोंगरी मेला का आयोजन किया गया। मेला के दौरान कई गांवों से आए कीर्तन मंडलियों के द्वारा बारह घंटे का अखंड हरिकीर्तन किया। वहीं इस दौरान पुजारी सुरेश देवघरीया, भरत दास ने पूजन अनुष्ठान कराएं। मेला में मिठाई, ईख खिलौना, की खुब बिक्री हुई। कार्यक्रम को सफल बनाने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पुर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद् के राम शंकर सिंह , देवेंद्र सिंह , विरेन्द्र सिंह, जगदीश सिंह, ग्राम प्रधान रेजन मुंड़ा , लक्ष्मण साहु , विजय बारला समेत कई लोगों का योगदान रहा।

कार्तिक पूर्णिमा पर कोटारी गांव में लगा मेला, उमड़ी भीड़

बुढ़मू : कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बुढ़मू प्रखंड के कोटारी गांव में पारंपरिक मेला आयोजित किया गया। मेले में नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें कलाकारों ने नृत्य और कला की प्रस्तुति देकर लोगों का मनोरंजन किया। मेले का उद्घाटन भाजपा प्रदेश संयोजक कार्यक्रम एवं बैठक विभाग, झारखंड प्रदेश के स्वामी देवेंद्र प्रकाश, उप प्रमुख हरदेव साहू सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि शमीम बड़ेहार, बबलू उरांव, प्राचीन मुंडा धर्म संस्था के सचिव प्रो. डॉ. चंद्रदेव मुंडा, संस्था के अध्यक्ष धर्मगुरु महेंद्र मुंडा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मेले में ईख, खिलौने और मिठाइयों की दुकानें लगी थीं। मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी थाना प्रभारी नवीन शर्मा के नेतृत्व में बुढ़मू पुलिस ने संभाली। आयोजन की सफलता में मेला समिति और ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

अधिकारियों ने लुकैयाटांड़ पहुंच कर कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

गोला (रामगढ़) : शहीद सोबरन मांझी शहीदी दिवस समारोह के सफल आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में बुधवार को रामगढ़ के उपायुक्त ऋतुराज एवं पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत लुकैयाटांड़ पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर समारोह को लेकर की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था, साफ-सफाई, सुरक्षा, आवागमन एवं अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली।

एसआईआर की प्रगति जांचने बुंडू और तमाड़ पहुंचे के. रवि कुमार

सुपरवाइजर को फार्म-6 भरवाने के दिये निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बुंडू : तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर की प्रगति की जांच करने मंगलवार को झारखंड के मुख्य चुनाव आयुक्त के. रवि कुमार बुंडू पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले जामगामी और लोटेहातु गांव का दौरा किया। इसके बाद नगर के राजकीय मध्य विद्यालय मांझीटोली स्थित बूथ पर बीएलओ और सुपरवाइजर से अब तक की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से पूछा कि क्या 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में जुड़ने से छूट गया है। जांच के दौरान वे स्वयं गांवों



और मांझीटोली के कई घरों में पहुंचे तथा लोगों से जानकारी ली। एक महिला ने बताया कि उसकी बेटी की शादी हो गई है और उसका नाम मतदाता सूची में कैसे जुड़ेगा। इस पर उन्होंने सुपरवाइजर को फार्म-6 भरवाने का निर्देश दिया। मांझीटोली बूथ की बीएलओ सीमा मुखर्जी अस्वस्थ होने के कारण उपस्थित नहीं थीं। उनकी बेटी ने बताया कि गोसाईडीह गांव और बूथ के 10-12 लोग घर पर नहीं मिलते हैं तथा मतदाता सूची में नाम जोड़ने में सहयोग भी नहीं करते हैं। बुंडू नगर प्रशासक शुभम पोद्दार ने मामले की जानकारी सीओ को देने की सलाह दी। इसके बाद के. रवि कुमार ने बुंडू एसडीएम मोहनलाल मरांडी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और तमाड़ के लिए रवाना हो गए। मौके पर बुंडू सीओ हंस हेम्ब्रोम, बीडीओ सावित्री कुमारी और थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

फसल बीमा को लेकर रामगढ़ में जागरूकता वाहन रवाना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : किसानों को फसल बीमा योजना एवं फसल क्षति के मुआवजे के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक्त ऋतुराज ने टाउन हॉल, रामगढ़ परिसर से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक संख्या में बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने की अपील की। उपायुक्त ने बताया कि रबी फसल का बीमा कराने के लिए जिले में अभियान चलाया जा रहा है, जो 31 दिसंबर 2026 तक जारी रहेगा। किसान मात्र 1 रुपये की टोकन राशि जमा कर अपनी रबी फसलों का बीमा करा सकते हैं। इसके तहत गेहूं, चना, सरसों एवं आलू जैसी फसलों का बीमा कराया जा सकता है। पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले शिविरों के माध्यम से भी



■ रबी बीमा के लिए 31 दिसम्बर तक होगा निबंधन

किसानों को योजना की जानकारी देते हुए बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। बीमा कराने के लिए किसानों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, मोबाइल नंबर, भूमि संबंधी दस्तावेज, बटाईदार या किराएदार किसानों के लिए आवश्यक घोषणा पत्र एवं फसल बुवाई का विवरण उपलब्ध कराना होगा। किसान संबंधित बैंक शाखा, पैक्स, कॉमन सर्विस सेंटर अथवा अधिकृत बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क कर अपना बीमा करा सकते हैं।

सिल्ली में रबी कर्मशाला आयोजित, 254 किसानों को दी गयी उन्नत खेती की जानकारी

79 किसानों के बीच मसूर, चना और सरसों के बीज वितरित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिल्ली : किसान भवन में बुधवार को प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला-सह-खेत बचाओ अभियान 2026 का आयोजन किया गया। इसमें महिला एवं पुरुष सहित कुल 254 किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को रबी फसल प्रबंधन, वैज्ञानिक खेती और कृषि विभाग की योजनाओं के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में जिला परिषद जेएसएलपीएस की प्रखंड सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन गुरुपद महली ने किया। कृषि विज्ञान केंद्र, रांची के कृषि वैज्ञानिक डॉ. रविंदर कुमार सिंह ने किसानों को जैविक एवं प्राकृतिक खेती, जीवामृत, जैविक खाद तथा मिट्टी की उर्वरा शक्ति बनाए रखने की जानकारी दी। वहीं किसानों को कृषि यंत्रीकरण, बीज अनुदान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया। इस दौरान 35 किसानों को मसूर, 20 को चना और 24 किसानों को सरसों के बीज वितरित किए गए। साथ ही खेत बचाओ अभियान के तहत मेड़बंदी, जल संरक्षण, भूमि संरक्षण एवं जैविक खाद के उपयोग के प्रति किसानों को जागरूक किया गया। मौके पर लखीचरण परमारी, पद्मा, ककिचरण परमाणिक, कृष्णा कुमार माझी और सरिता देवी सहित कृषक मित्र, आजीविका समूहों के प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान मौजूद थे।

कार्तिक पूर्णिमा पर नगड़ू गांव में लगा पारम्परिक मेला



बुढ़मू : प्रखंड क्षेत्र के नगड़ू गांव में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर पारंपरिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। सुबह से ही मेला स्थल पर लोगों की भीड़ जुटने लगी थी। मेले में लोगों ने विभिन्न दुकानों पर खरीदारी की, जबकि बच्चों ने खिलौने, मिठाइयों और मनोरंजक चीजों का आनंद लिया। मेले ने ग्रामीणों को आपसी मेल-मिलाप और सामाजिक एकजुटता का अवसर प्रदान किया। पूरे क्षेत्र में उत्सव और उल्लास का माहौल रहा। मेले में विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी, प्रखंड प्रमुख सत्यनारायण मुंडा, उपप्रमुख हरदेव साहू, शमीम बड़ेहर, मनोज गुप्ता, मदन महतो और बबलू उरांव सहित कई गणमान्य लोग शामिल हुए। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से मुलाकात कर मेले की सराहना की। मेले के सफल आयोजन में सनोज यादव, प्रदीप साहू, शंकर साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में ग्रामीणों का सराहनीय सहयोग रहा।

भुरकुंडा से अगवा कारोबारी सकुशल मुक्त, 05 गिरफ्तार

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

पतरातू : भुरकुंडा थाना चौक के पास से बीते 23 नवंबर की शाम कार पर अगवा किए गए युवक को पुलिस ने बरामद कर लिया है। अपहरण में शामिल सभी पांच अभियुक्त गिरफ्तार कर लिए गए हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों में रांची के सुखदेवनगर थान निवासी धर्मेंद्र कुमार साव, राजामणि गुप्ता उर्फ बंटी, रौशन कुमार सिंह, घनश्याम सिंह और पतरातू थाना अंतर्गत रसदार निवासी पीयूष कुमार शामिल है। मामला रुपयों के लेन-देन से जुड़ा बताया जाता है। इस संबंध में सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघवेंद्र शर्मा ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि 23 नवंबर की शाम भुरकुंडा से युवक से मारपीट कर अपहरण किया गया था। अपहृत युवक



कमलेश ठाकुर उर्फ दिनेश शर्मा (42 वर्ष) मूलरूप से हरली, बड़कागांव जिला हजारीबाग का निवासी है। जो कि वर्तमान में रांची के सुखदेवनगर थाना अंतर्गत पंडरा में रहता है। कमलेश की पत्नी रिंकू देवी के आवेदन के आधार पर पुलिस ने कांड दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और मानवीय आसूचनाओं के आधार पर पुलिस ने अपहरण कताओं पर दबिश दी। जिससे घबराकर उन्होंने कमलेश ठाकुर को पिठौरिया जंगल में छोड़ दिया। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया। वहीं पुलिस ने बीती रात रांची रिंग पर लॉ कॉलेज (होसिर) के निकट घेराबंदी कर कार में प्रयुक्त कार (जेएच 01 सीभी 4472) जब्त करते हुए कांड में शामिल पांचों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया।

स्थापना दिवस पखवाड़े पर रबी कार्यशाला व 'खेत बचाओ अभियान' आयोजित



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लापुंग : झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़े के अवसर पर आज लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय रबी कार्यशाला सह 'खेत बचाओ अभियान' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव और विधायक प्रतिनिधि लखन साहू को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कृषि पदाधिकारी आरिफ ने किया। बीटीएम आनंद टोप्पो ने कम संसाधन व कम पानी में बेहतर खेती, सही समय पर बुवाई, फसल रोगों के उपचार और ऑर्गेनिक (जैविक) खेती अपनाने पर जोर दिया। पशुपालन पदाधिकारी प्रभात पांडे ने पशुपालन योजनाओं और पशुओं के उपचार की जानकारी दी। बीडीओ उषा मिंज ने कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की। विधायक प्रतिनिधि जन्मेजय पाठक ने फसल नुकसान पर टोल फ्री नंबर 14447 पर शिकायत दर्ज कराने और मिलेट योजना के तहत फील्ड सर्वे में फोटो खिंचवाने की बात कही, एस के कुशवाह कृषि विशेषज्ञ ने किसानों को विशेष जानकारी दिये।

अंतर महाविद्यालय फुटबॉल प्रतियोगिता

गोस्सनर कॉलेज बना चैम्पियन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : करमचंद भगत महाविद्यालय तत्वावधान में आयोजित रांची विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष फुटबॉल प्रतियोगिता का समापन बुधवार को हो गया। जिसमें गोस्सनर कॉलेज और आरएसएलवाई कॉलेज के बीच खेले गए फाइनल मुकाबले में निर्धारित समय की समाप्ति पर दोनों ही टीम 1-1 के बराबरी पर रहा। इसके बाद गोस्सनर कॉलेज ने पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम किया। प्रतियोगिता के अंतिम दिन दोनों सेमीफाइनल भी खेले गए। पहले सेमीफाइनल में गोस्सनर कॉलेज ने केओ कॉलेज, गुमला को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे सेमीफाइनल में आरएसएलवाई कॉलेज ने डोरंडा कॉलेज को पराजित कर फाइनल में जगह बनायी। फाइनल के मुख्य



अतिथि रांची विश्वविद्यालय के खेल निदेशक अनिल ब्रिंदर कुल्लू ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरएलएसवाई कॉलेज के प्राचार्य बिष्णु चरण महतो और रांची विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक डॉ किशोर सुरीन उपस्थित रहे। विश्वविद्यालय के चयनकर्ता विजय कुमार वर्मा, कुमुद रंजन और राम कुमार मुर्मू मौजूद थे। संचालन मीरा कुमारी ने किया। मौके पर प्राचार्य डॉ प्रसन्नजीत मुखर्जी, सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में राजा सिंह, प्रो. अभिनीत तिर्की, प्रो. अरविंद राणा बिलुंग, प्रो. धीरज उरांव, अनिल उरांव डा जेडी राम डा बीएन साहू डा बदीउज्जमा डा वीएन पांडेय डा हर्षवर्धन डा आशा रानी लकड़ा, प्रवीण दास डा स्मिता डा सुजाता, प्रो उम्मे कुलसुम, प्रमिला का सराहनीय योगदान रहा।

हुण्डरू जलप्रपात में स्वच्छता अभियान चला कर पर्यटकों को किया गया जागरूक

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : झारखंड स्थापना दिवस 2026 के अवसर पर पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग तथा जिला पर्यटन संवर्धन समिति, रांची की ओर से आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के तहत बुधवार को प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हुण्डरू जलप्रपात में जागरूकता रैली निकालकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में पंचायत के जनप्रतिनिधि, स्थानीय दुकानदार, पर्यटक मित्र एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष शामिल हुए। इस दौरान जलप्रपात परिसर, उसके बाहर तथा आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई कर कचरे का उचित निष्पादन किया गया। अभियान के बाद उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। वहीं, स्थानीय दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आसपास नियमित साफ-सफाई रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर लोगों ने पर्यटकों को भी जागरूक करते हुए पर्यटन स्थल को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने की



अपील की। अभियान का उद्देश्य पर्यटन स्थलों को स्वच्छ रखने के साथ-साथ स्थानीय लोगों और पर्यटकों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। स्वच्छता अभियान में कुच्चू पंचायत के मुखिया सहदेव बेदिया, पंचायत समिति सदस्य जोन तिग्गा, ग्राम प्रधान जयदेव बेदिया, दुलाल बेदिया, राजकिशोर प्रसाद, बालेश्वर बेदिया, बबीता देवी, लीलावती देवी, प्रमिला देवी, सविता देवी, नीतू देवी, संध्या देवी, शिबा बेदिया, दीपक प्रसाद, बुधराम बेदिया, हरिचरण बेदिया, मेघनाथ बेदिया, मनोज कुमार बेदिया, जीत बहन भोक्ता, लालो देवी, कोशिला देवी, नागेश्वर बेदिया, राजेश बेदिया, महेश्वर बेदिया, चन्द्र उदय बेदिया, रंजन बेदिया एवं विष्णु कुमार बेदिया सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

रामगढ़ उपायुक्त ने फसल क्षति पर बीमा और धान अधिप्राप्ति को लेकर की प्रेस वार्ता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रामगढ़ : फसल क्षति से प्रभावित किसानों को बीमा का लाभ एवं मुआवजा दिलाने तथा खरीफ विपणन मौसम 2026-27 के तहत धान अधिप्राप्ति को लेकर उपायुक्त ऋतुराज ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया कि बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ मौसम में जिले के 30,282 किसानों ने बीमा कराया था। अनंब एवं अकवान साइक्लोन से हुई क्षति को लेकर अब तक 417 किसानों ने क्लेम दर्ज कराया है, जिनमें से 244 का सत्यापन पूरा हो चुका है। शेष का सत्यापन जारी है। उपायुक्त ने बताया कि फसल क्षति की सूचना 72 घंटे के अंदर दर्ज कराना अनिवार्य है। इसके लिए किसान टोल फ्री नंबर 14447 पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा क्रॉप इंश्योरेंस एप, कृषि रक्षक पोर्टल, बैंक, पैक्स, कृषि विभाग अथवा बीमा कंपनी के माध्यम से



भी क्लेम दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों ने बीमा नहीं कराया था, उनकी क्षति का भी आकलन किया जाएगा। इसके लिए पंचायत स्तर पर एक सप्ताह तक विशेष शिविर लगाए जाएंगे। शिविरों में जानकारी एकत्र कर प्रतिवेदन राज्य स्तर पर भेजा जाएगा, ताकि मुआवजा दिलाने की कार्रवाई हो सके। रबी फसल बीमा के लिए 31 दिसंबर 2026 तक अभियान चलेगा। किसान मात्र 1 रुपये की टोकन राशि पर गेहूं, चना, सरसों एवं आलू का बीमा करा सकते हैं। बीमा के लिए आधार कार्ड, बैंक पासबुक की प्रति, मोबाइल नंबर, भूमि दस्तावेज और फसल बुवाई का विवरण देना होगा। वहीं धान अधिप्राप्ति को लेकर उपायुक्त ने बताया कि इस वर्ष 7,449 किसानों का निबंधन हुआ है। जिले के लिए 1,80,059 क्विंटल धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य निर्धारित है।

राजाडेरा में धूमधाम से मनाया गया कार्तिक पूर्णिमा रास मेला, उमड़े श्रद्धालु



अनगड़ा : कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को अनगड़ा प्रखंड के राजाडेरा में रास मेला समिति की ओर से भव्य रास मेले का आयोजन किया गया। मेले में क्षेत्र के श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे क्षेत्र में धार्मिक एवं उत्सवी माहौल बना रहा। कार्यक्रम में जसपुरिया बीएड कॉलेज के संस्थापक एवं भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक जैलेंद्र कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी के प्रति श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन भारतीय संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की भक्ति में भाग लिया। रास मेले के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ-साथ आपसी भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश भी दिया गया। आयोजन को सफल बनाने में रास मेला समिति के अध्यक्ष संदीप सिंह, सचिव दीपक महतो, कोषाध्यक्ष बलेश सिंह, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल सिंह एवं उपसचिव कुबेर महतो सहित समिति के सदस्यों की सराहनीय भूमिका रही। समिति के सदस्य महावीर महतो, पवन सिंह, पुष्कर सिंह, गणेश उरांव, शशिभूषण महतो, रामप्रीत सिंह, मनोज महतो, जितेंद्र महतो, सावन लोहरा, देवनाथ लोहरा, विक्रम सिंह, मुन्ना सिंह, प्रकाश सिंह एवं अनिल सहित अन्य सदस्यों ने आयोजन में सहयोग किया। मेले में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

21वां चैम्पियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट

दीपक ब्रदर्स बुढ़मू को हरा कर टाटीसिलवे सेमीफाइनल में

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

अनगड़ा : अनगड़ा स्टेडियम लुपुंग में खेली जा रही 21वां चैंपियंस ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट में बुधवार को टाटीसिलवे एफसी की टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। टाटीसिलवे ने बेहद रोमांचक मुकाबले में दीपक ब्रदर्स बुढ़मू को पेनाल्टी शूट आउट में 11-10 गोल से पराजित किया। मुख्य अतिथि खिजरी विधायक प्रतिनिधि साकिर अंसारी व विधायक प्रतिनिधि छोटेलाल महतो ने प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार टाटीसिलवे के गोलची अमन



मुंडा को प्रदान किया गया। दूसरे मैच में जेएलकेएम रांची ने राजा स्पोर्ट्स बरियातू को पेनाल्टी शूट आउट में 8-7 गोल से पराजित किया। प्लेयर ऑफ मैच का पुरस्कार रंगलाल मुरमू को लोक कलाकार मजबूल खान और अनगड़ा थाना के एएसआई सचिन लकड़ा ने प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र शाही मुंडा, सीईओ जेलेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष रामसाय मुंडा, उमेश गोप, राजेश पाहन, दीपक महतो, बिपिन मुंडा, सौरभ कुमार, शिवदास गोस्वामी, आनंद राज, अघनू पाहन, शंकर केसरी आदि उपस्थित थे। 26 नवंबर को पहला मैच अपराहन एक बजे से नाइन बुलेट कव्वाली बनाम बांधगाड़ी एफसी, दूसरा मैच आतिश स्पोर्टिंग तुरुप व सत्यारीं टोली हाथुखेदा के बीच खेला जायेगा।

डीएवी स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

190 मॉडलों में दिखी विद्यार्थियों की प्रतिभा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल बेड़ो में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और नवाचार का परिचय देते हुए विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान से संबंधित कुल 190 आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें वर्षा संसूचक,स्वस्थ और अस्वस्थ भोजन परियोजना, जल के स्रोत, गुरुत्वाकर्षण बैटरी, बार कोड रीडर, कचरा पृथक्करण यंत्र, बिना बिजली का फ्रिज, स्वचालित औषधि यंत्र, 2037 में जल संरक्षण, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन और चक्रवात अर्णय प्रमुख रहे। इसके अलावा आदिवासी गाँव, भू-आकृतियाँ, स्मार्ट गाँव, प्रदूषण, घरों एवं ऋतुओं के प्रकार, स्मार्ट गाँव सड़क सुरक्षा, समुद्री डाकुओं का जहाज, जल के उपयोग तथा दिन और रात जैसे विषयों पर भी आकर्षक मॉडल प्रस्तुत किए गए। बच्चों के मॉडलों में पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन, आधुनिक तकनीक, आपदा प्रबंधन और सामाजिक जागरूकता की



झलक देखने को मिली। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडलों का अवलोकन किया और उनकी प्रतिभा एवं मेहनत की सराहना की। मुखिया सुशांति भगत ने कहा कि बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल उनकी प्रतिभा और रचनात्मक सोच को दर्शाते हैं। ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और क्षेत्र का नाम रोशन होता है। प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी बच्चों के सर्वांगीण विकास और वैज्ञानिक सोच को मजबूत करने का बेहतरीन माध्यम है। सीमित संसाधनों में विद्यार्थियों ने जिस तरह के मॉडल तैयार किए हैं, वे सराहनीय हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में जिज्ञासा, तार्किक क्षमता, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और आत्मविश्वास विकसित करना है। ऐसे आयोजनों से बच्चे वास्तविक जीवन की समस्याओं को समझकर उनके समाधान खोजने के लिए प्रेरित होते हैं।कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि बेड़ो की मुखिया सुशांति भगत, प्राइवेट स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अरविंद कुमार, महासचिव मोजाहिदुल इस्लाम, कोषाध्यक्ष आलोक बिपिन टोप्पो, पंचायत समिति सदस्य राखी भगत, पुरियो पंचायत के मुखिया नीरज कुजूर, विद्यालय के संस्थापक विष्णु महतो एवं सचिव श्रवण महतो आदि मौजूद थे।वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों ने सराहनीय योगदान दिया। प्रदर्शनी ने विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ वैज्ञानिक सोच, नवाचार और व्यावहारिक ज्ञान विकसित करने का बेहतर मंच प्रदान किया।

बेड़ो में पांच दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बेड़ो : बिशु भगत मेमोरियल महिला महाविद्यालय बेड़ो के सभागार में बुधवार को जिला उद्यान विकास योजना के तहत उद्यान विभाग के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बेड़ो प्रखंड के उप प्रमुख मुदस्सीर हक व विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रोफेसर करमा उरांव व माइनॉरिटी समग्र विकास संस्था के सचिव अब्दुल कलाम ने प्रशिक्षित लाभुकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रमाण पत्र का वितरण उद्यानिकी ट्रेनिंग रांची जिला उद्यान कार्यालय के सौजन्य से माइनॉरिटी समग्र विकास संस्था के द्वारा किया गया। मौके पर प्रशिक्षणार्थियों समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



सूर्योदय प्रातः 6:09 | सूर्यास्त संध्या 5:01 | पखवाड़ा मार्गशीर्ष कृ. द्वितीया, संवत 2083 | तापमान अधिकतम 24° न्यूनतम 14°

फ्रीडम फाइटर

राष्ट्रहित सर्वोपरि

रांची, पटना व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित



रांची, गुरुवार, 26 नवम्बर 2026, वर्ष : 17, अंक : 279, कुल पृष्ठ : 12, मूल्य : 2 रुपये, E-mail : freedomfighterranchi@gmail.com / epaper : https://epaper.avnpost.in/editions



एक झलक

असम में बनेंगी भारत की प्रमुख मिसाइलें : डॉ. हिमंत

गुवाहाटी : असम में रक्षा विनिर्माण क्षेत्र को बड़ा प्रोत्साहन मिलने जा रहा है। राज्य में भारत द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली प्रमुख मिसाइलों का निर्माण किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने बताया कि जागीरोड में डिफेंस पार्क स्थापित करने की योजना है। इसके लिए सरकार ने करीब 6000 बीघा जमीन आवंटित की है। यह परियोजना जागीरोड स्थित सेमीकंडक्टर परियोजना के सामने विकसित की जायेगी। मुख्यमंत्री बुधवार को एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पत्रकारों को यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि परियोजना के निर्माण में समय लगेगा, लेकिन राज्य सरकार ने इस दिशा में एक सपना देखा है और इसे साकार करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी बीच, राज्य के औद्योगिक क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण पहल के तहत रंगिया के तुलसीबाड़ी में एकीकृत रक्षा उपकरण निर्माण एवं उन्नत प्रौद्योगिकी केन्द्र स्थापित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने इस परियोजना का भूमि पूजन किया।

ग्रामीण पेयजल योजनाओं के रख-रखाव के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने की कवायद

नयी दिल्ली : केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल की उपस्थिति में बुधवार को यहां जल शक्ति मंत्रालय और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयंत चौधरी, जल शक्ति राज्यमंत्री वी. सोमन्ना तथा दोनों मंत्रालयों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्रालय के मुताबिक इस समझौते का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण पेयजल योजनाओं के नियमित संचालन एवं रखरखाव के लिए स्थानीय स्तर पर कुशल मानव संसाधन तैयार करना है। इसके माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आवश्यक तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे, जिससे उनके लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार की सम्भावनाएं भी बढ़ेंगी।

अंदर के पन्नों पर

3 एसआईआर की प्रगति जांचने बुंदू और तमाड़ पहुंचे मुख्य चुनाव...

5 मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी पूरी करें : के. रवि कुमार...

7 बच्चों की सुरक्षा पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : डीआरजी...

8 रबी फसलों के अधिकाधिक उत्पादन व किसानों की आय बढ़ाने पर जोर...

10 भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में पहली बार पांचवें स्थान...

कार्टून कोना



माटी कला के लाइव डेमो से लेकर आकर्षक छूट तक...

आईआईटीएफ-2026 के अंतिम दिनों में भी दर्शकों को लुभा रहा झारखंड पवेलियन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नयी दिल्ली/रांची : भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेला (आईआईटीएफ)-2026 में झारखंड पवेलियन पवेलियन में माटी कला बोर्ड द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाने की लाइव डेमो प्रस्तुति लोगों के बीच खास आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। चाक पर मिट्टी को आकार देकर पारम्परिक तकनीक से सुन्दर कलाकृतियां तैयार करते कारीगरों को देख दर्शक इस कला को करीब से समझने और जानने में रुचि दिखा रहे हैं।

माटी कला केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारम्परिक आजीविका

इस अवसर पर हस्तकरघा एवं हस्तशिल्प विभाग की निदेशक प्रीति रानी ने भी मिट्टी के बर्तन बनाने की लाइव डेमो प्रस्तुति में हिस्सा लिया। उन्होंने स्वयं चाक



पर मिट्टी को आकार देकर झारखंड की पारम्परिक माटी कला का अनुभव किया। उन्होंने कहा कि झारखंड की मिट्टी में यहां की संस्कृति, परम्परा और स्थानीय कारीगरों की रचनात्मकता की अनूठी पहचान समाहित है। माटी कला केवल एक शिल्प नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक आजीविका का महत्त्वपूर्ण हिस्सा है। इस तरह के लाइव डेमो ● शेष पृष्ठ 11 पर

रेलवे का पवेलियन भी छाया रहा, बुलेट ट्रेन से हाइड्रोजन ट्रेन तक दिखी भविष्य की झलक

भारत अंतरराष्ट्रीय व्यापार मेले (आईआईटीएफ) में भारतीय रेलवे का पवेलियन भी दर्शकों के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। 'भारतीय रेल : देश के विकास का पहिया' और 'विकास भी, विरासत भी' की थीम पर तैयार इस पवेलियन में रेलवे के गौरवशाली अतीत, वर्तमान की उपलब्धियों और भविष्य की महत्त्वाकांक्षी परियोजनाओं को एकसाथ प्रदर्शित किया गया है। यहां देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना, हाइड्रोजन ट्रेन, वन्दे भारत स्लीपर, नमो भारत रैपिड रेल और चिनाब रेल पुल के मॉडल दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं। ● शेष पृष्ठ 11 पर

विधानसभा के पटल पर आया सरकार का संकल्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) और खान एवं खनिज विकास संशोधन विधेयक (एमएमडीआर) बिल पर चर्चा को लेकर आहूत झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन बुधवार को संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने राज्य सरकार की ओर से संकल्प पेश कर एसआईआर का विरोध किया।

संकल्प प्रस्तुत करते हुए उन्होंने कहा कि एसआईआर के तहत मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य की मतदाता सूची में मतदाताओं की उम्र सहित कई जानकारियों में खामियां हैं। उन्होंने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग की।

इसके पूर्व चर्चा की शुरुआत करते हुए विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो ने सदन की कार्यवाही शुरू की, जिसके बाद संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने एसआईआर को लेकर राज्य सरकार का संकल्प सदन के पटल पर रखा। संकल्प में वर्तमान में चल रही एसआईआर प्रक्रिया पर चिन्ता जताते हुए इस पर सभी राज्यों और राजनीतिक दलों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद नये सिरे से पारदर्शी प्रक्रिया तैयार करने की मांग की।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि



- एसआईआर के तौर-तरीके और मतदाताओं को हो रही परेशानी बतायी गयी
- विचार-विमर्श के बाद नये सिरे से पारदर्शी प्रक्रिया तैयार करने की मांग की गयी
- सभी राज्यों और राजनीतिक दलों के साथ व्यापक विचार-विमर्श की मांग गूंजी
- मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार को हटाने की मांग



मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर योग्य मतदाताओं को संदेहास्पद सूची में डाला जाना गम्भीर चिन्ता का विषय है। सरकार के संकल्प के अनुसार, राज्य के कुल 2.64 करोड़ मतदाताओं में से प्रारूप मतदाता सूची में 2.21 करोड़ नाम ही प्रकाशित हुए हैं। वहीं, प्रारूप सूची में शामिल मतदाताओं में लगभग 27 प्रतिशत को संदेहास्पद मानते हुए नोटिस जारी की गयी है। राज्य सरकार ने संकल्प में दावा किया है कि राज्य के कुल मतदाताओं में 38 प्रतिशत से अधिक ऐसे लोग हैं, जिनके नाम या तो मतदाता सूची से हटा दिये गये हैं या उन्हें संदेहास्पद मानते हुए नोटिस जारी की गयी है। नोटिस जारी किये गये मामलों में 75 प्रतिशत से अधिक मामले माता-पिता के नाम की वर्तनी में अन्तर, उम्र सम्बन्धी विसंगति और अन्य तार्किक त्रुटियों से जुड़े हैं।

सरकार ने झारखंड की सामाजिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों का हवाला देते हुए कहा कि आदिवासी बहुल राज्य ● शेष पृष्ठ 11 पर

दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पायी मोदी सरकार, कांग्रेस ने साधा निशाना

एजेंसी

नयी दिल्ली : लोकसभा में परिसीमन विधेयकों को पारित कराने के लिए जरूरी दो-तिहाई बहुमत जुटाने में मोदी सरकार की कथित नाकामी को लेकर कांग्रेस ने बुधवार को केन्द्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने आरोप लगाया कि खुद को चाणक्य समझनेवाले व्यक्ति ने बहुमत हासिल करने के लिए कौटिल्य के सिद्धांत साम, दाम, दंड और भेद में से आखिरी तीन तरीकों का इस्तेमाल किया, लेकिन इसके बावजूद सफलता नहीं मिली।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि लोकसभा में खतरनाक परिसीमन विधेयकों को पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत



- जयराम बोले...खुद को चाणक्य समझनेवाले ने 'साम, दाम, दंड, भेद' में से आखिरी तीन तरीके अपनाये, फिर भी नाकाम रहे

जुटाने की बेताब कोशिश की गयी। इस दौरान आर्थिक प्रलोभन, संस्थागत दबाव और विपक्ष में फूट डालने जैसे तरीके अपनाये गये, लेकिन सरकार सफल नहीं हो सकी। उन्होंने सवाल उठाया कि बातचीत और सहमति के रास्ते ; यानी साम को आजमाने का मौका क्यों नहीं दिया गया।

रमेश ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पिछले सात महीनों में चार बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिख कर संवाद का रास्ता अपनाने का सुझाव दे चुके हैं। उन्होंने 11 अप्रैल, 16 जुलाई, 27 अगस्त और 16 अक्टूबर को पत्र लिखे, लेकिन किसी का भी औपचारिक जवाब नहीं मिला। रमेश अक्सर केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर स्वयम्भू चाणक्य कह कर निशाना साधते रहे हैं। इससे पहले ● शेष पृष्ठ 11 पर

आज के युवा झूठ को पसंद नहीं करते : भागवत

नागपुर : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने नागपुर में भारत की विविधता में एकता की अवधारणा पर महत्त्वपूर्ण विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाषा, सांस्कृतिक, धार्मिक और रीति-रिवाजों में भिन्नता के बावजूद, भारत के लोग हम की साझा भावना से एकजुट हैं। भागवत के अनुसार, यह हम लोग (वी द पीपल) की भावना ही है जो तमिलनाडु से लेकर पंजाब तक सभी को एक भारतीय पहचान देती है। उन्होंने कहा कि यह अपनापन की भावना किसी बाहरी खतरे के कारण उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि यह प्राचीन काल से चली आ रही है और इतिहास के विभिन्न कालखंडों में विकसित होती रही है।

जामताड़ा में साइबर ठगी के 10 आरोपी गिरफ्तार

दो अलग-अलग जगहों पर पुलिस की छापेमारी, 16 मोबाइल, 17 सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

जामताड़ा : जामताड़ा पुलिस ने साइबर ठगी के दो मामलों का खुलासा करते हुए 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने नारायणपुर और मिहिजाम थाना क्षेत्र में अलग-अलग छापेमारी कर यह कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में पांच नारायणपुर और पांच मिहिजाम क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से 16 मोबाइल फोन, 17 सिम कार्ड और एक लैपटॉप बरामद किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक शम्भु कुमार सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की विशेष टीम बनायी गयी थी। टीम ने मंगलवार को नारायणपुर के मुरलीपहाड़ी स्थित पानी टंकी के पास छापेमारी कर पांच आरोपियों को पकड़ा। इसके बाद मिहिजाम में भी कार्रवाई कर पांच अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। ● शेष पृष्ठ 11 पर

डाक संचालन व सम्पदा प्रबन्धन योजनाओं के विस्तार को मंजूरी

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने देश में डाक सेवा के संचालन और ढांचागत सुविधाओं के रखरखाव के लिए दो अलग-अलग फैसलों में 1,141 और 1,491 करोड़ की दो योजनाओं के अगले 05 सालों के संचालन को मंजूरी दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने डाक विभाग की योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी केन्द्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।



वैष्णव ने बताया कि डाक संचालन योजना को 16वें वित्त आयोग की पांच साल की अवधि के लिए मंजूरी दी गयी है। इसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में डाक सुविधाओं को अपग्रेड करना, मेल और पार्सल सेवाओं को संचालित करना, ई-कॉमर्स और अंतरराष्ट्रीय डाक लॉजिस्टिक्स को मजबूत करना और डिलीवरी सुविधाओं के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के साथ उनकी सुविधाओं में वृद्धि करना है। वहीं, सम्पदा प्रबंधन योजना के तहत 190 नयी विभागीय पोस्ट बिल्डिंग बनेगी, 5,050 पोस्ट ऑफिस को अपग्रेड किया जाएगा, 200 ऐतिहासिक डाक बिल्डिंग को संरक्षित किया जायेगा, 150 डाक सेवा से जुड़ी रिहायशी कॉलोनी को रिनोवेट किया जाएगा और बेंगलुरु में इंटीग्रेटेड टेक्नोलॉजी सेंटर स्थापित किया जायेगा।

निर्माण व बुनियादी ढांचा उपकरण विनिर्माण के लिए प्रोत्साहन योजना लायी सरकार

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार निर्माण एवं बुनियादी ढांचा उपकरण विनिर्माण के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना लेकर आयी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज निर्माण एवं अवसंरचना उपकरण (सीआईई) विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

राहुल गांधी को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

एजेंसी

नयी दिल्ली : लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आय से अधिक सम्पत्ति के आरोपों से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन आदेशों को रद्द कर दिया है, जिसमें इस मामले की केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जांच कराने के निर्देश दिये गये थे। सुप्रीम कोर्ट ने मामले को नये सिरे से विचार के



लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट वापस भेज दिया है और निर्देश दिये हैं कि राहुल गांधी को मामले में एक पक्षकार के रूप में शामिल करे। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच के उस आदेश को पलट दिया, जो भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर की याचिका पर आया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट को राहुल गांधी का पक्ष सुने बिना ऐसा आदेश पारित नहीं करना चाहिए था। बता दें कि कर्नाटक के भाजपा कार्यकर्ता एस. विग्नेश शिशिर ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर राहुल गांधी पर आय से अधिक सम्पत्ति रखने का आरोप लगा कर केन्द्रीय जांच ● शेष पृष्ठ 11 पर

भारत मंडपम में 27 को होगी आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक

एजेंसी

नयी दिल्ली : भारत की मेजबानी में हिन्द महासागर क्षेत्रीय सहयोग संगठन (आईओआरए) की 25वीं मंत्रिपरिषद की बैठक 27 नवम्बर को दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित होगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर बैठक की अध्यक्षता करेंगे। इसमें संगठन के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों और वरिष्ठ प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है।

बैठक से पहले 25 एवं 26 नवम्बर को आईओआरए के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति (सीएसओ) की 29वीं बैठक आयोजित की जा रही है। इसमें संगठन के कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा करने



विदेश मंत्री एस. जयशंकर करेंगे अध्यक्षता

और सदस्य देशों के बीच समन्वय से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जायेगा।

मालदीव की विदेश मंत्री इरुथिशम आदम बैठक में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा मलेशिया, सोमालिया, सिंगापुर, मॉरीशस, सेशेल्स, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया के वरिष्ठ प्रतिनिधियों के भी बैठक में शामिल होने का कार्यक्रम है।

विदेश मंत्रालय के अनुसार मलेशिया के उप महासचिव दातो डॉ. अहमद फैसल मुहम्मद 25 नवम्बर की रात दिल्ली पहुंचेंगे। सोमालिया के विदेश एवं अंतरराष्ट्रीय सहयोग राज्यमंत्री अली मोहम्मद उमर, सिंगापुर के विदेश एवं राष्ट्रीय विकास राज्यमंत्री डेरिल यामिन और मॉरीशस के विदेश मामलों, क्षेत्रीय एकीकरण एवं अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री धनंजय रामफुल 26 नवम्बर को पहुंचेंगे। इसी दिन सेशेल्स के विदेश एवं प्रवासी मामलों के मंत्री बैरी फौरे, संयुक्त अरब अमीरात के मंत्री अनवर अनलान, श्रीलंका के विदेश, विदेशी रोजगार एवं पर्यटन मंत्री एचएम विजिता हेराथ, ऑस्ट्रेलिया के हिन्द महासागर मामलों के विशेष दूत टिम वाट्स और इंडोनेशिया के उप विदेश मंत्री अरिफ हवास ओएग्रोसेनो के भी नई दिल्ली पहुंचने का कार्यक्रम है। आईओआरए मंत्रिपरिषद संगठन का सर्वोच्च निर्णय लेने वाला निकाय है। इसमें सदस्य देशों के विदेश मंत्री शामिल होते हैं। यह संगठन की नीतिगत दिशा और रणनीतिक प्राथमिकताएं तय करने के साथ सदस्य देशों के बीच क्षेत्रीय सहयोग की समीक्षा करता है।

बैठक में हिन्द महासागर क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, व्यापार, सम्पर्क, आर्थिक सहयोग और क्षेत्रीय स्थिरता से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होने की सम्भावना है। इसके अलावा क्षेत्र के साझा हितों और चुनौतियों से निपटने के लिए सहयोग बढ़ाने के उपायों पर भी विचार किया जायेगा। ● शेष पृष्ठ 11 पर

अमित शाह आज 'संविधान गौरव दिवस' कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित

एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह संविधान दिवस के अवसर पर गुरुवार को नयी दिल्ली में आयोजित 'संविधान गौरव दिवस' समारोह को सम्बोधित करेंगे। दिल्ली प्रदेश भाजपा की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता भी शामिल होंगी। कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सेंटर में आयोजित किया जायेगा। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि अमित शाह समारोह में मुख्य अतिथि और प्रमुख वक्ता होंगे। समारोह में दिल्ली के सांसदों के



अलावा विभिन्न क्षेत्रों के प्रबुद्ध नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट, चिकित्सकों, प्राध्यापकों, शिक्षकों और विद्यार्थियों की भागीदारी भी रहेगी। इसका उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों के प्रति नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना तथा संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के योगदान को याद करना है। ● शेष पृष्ठ 11 पर

एक झलक

कार्तिक पूर्णिमा मेले में खतियानी परिवार के बैनर तले मुफ्त स्वास्थ्य शिविर

हजारीबाग : कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हजारीबाग के प्रसिद्ध नर्सिंग स्थान मेले में खतियानी परिवार के बैनर तले मुफ्त स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। कन्हरी रोड स्थित खतियानी चौक के समीप जेपीएम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. ए के मेहता, डॉ. राजकुमार, डॉ. पीके भंडारी एवं डॉ. अमीर अफजल के सहयोग से शिविर आयोजित हुआ। इसमें सैकड़ो लोगों को मुफ्त दवा, ब्लड शुगर जांच, दांत एवं हड्डी संबंधी उपचार और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। शिविर का उद्देश्य जरूरतमंदों को सुलभ स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। मोहम्मद हकीम ने चिकित्सकों के जनसेवा कार्य की सराहना की। मौके पर सुरेश महतो, अशोक राम, बोधी साव, मुकेश प्रसाद, चंद्र राम, दिनेश साहू, मुरली महतो, तस्लीम अंसारी, मोहम्मद इस्माइल सहित अन्य उपस्थित थे।

बाल विवाह के खिलाफ बालिकाओं को किया जागरूक

चौपारण : झालसा के निर्देशानुसार बाल विवाह, कम उम्र में विवाह और जबरन विवाह के उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस के अवसर पर बुधवार को प्रखंड क्षेत्र में कानूनी जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिला एवं प्रखंड स्तर पर कार्यरत पारा विधिक स्वयंसेवकों (पीएलवी) ने गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में जागरूकता शिविर आयोजित कर विशेष रूप से बालिकाओं को बाल विवाह के दुष्परिणामों, उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। जिला विधिक सेवा प्राधिकार, हजारीबाग के सचिव कुमार विपुल के निर्देशन में आयोजित अभियान के दौरान बालिकाओं को बताया गया कि बाल विवाह उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, आत्मनिर्भरता और भविष्य के विकास में बाधा बन सकता है। उन्हें कम उम्र में विवाह के दबाव का विरोध करने, अपनी शिक्षा जारी रखने तथा किसी भी प्रकार की जबरदस्ती या बाल विवाह की स्थिति में संबंधित प्रशासन, पुलिस अथवा विधिक सेवा प्राधिकार से सहायता लेने के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बाल विवाह रोकने में परिवार, समाज, शिक्षकों और पंचायत प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी पर भी जोर दिया गया। अभियान के तहत अधिकार मित्र सह पीएलवी गांव-गांव और घर-घर पहुंचकर गरीब, वंचित, महिला, बच्चे, बुजुर्ग और जरूरतमंद लोगों को कानूनी अधिकारों तथा निःशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दे रहे हैं। लोक अदालत, मध्यस्थता और कानूनी सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी लोगों को अवगत कराया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य कानूनी जानकारी से वंचित अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है, ताकि आर्थिक कमजोरी या जागरूकता की कमी किसी के अधिकारों में बाधा न बने। मौके पर पीएलवी हरेंद्र राणा, नवीन कुमार, स्मिता कुमारी, नंदा देवी, रेखा देवी, रेहाना खातून सहित कई लोग उपस्थित थे।

विनोद सोरेन की पहल पर निजी खर्च से चालू हुआ महीनों से बंद पड़ा चापाकल

विष्णुगढ़ : प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के पुरनीकेन्दुवाडीह स्थित वार्ड संख्या-13 में ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से राहत दिलाने के लिए पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन ने सराहनीय पहल की है। वार्ड सदस्य सह उपमुखिया सीमा कुमारी के कपसा स्थान क्षेत्र में काफी दिनों से बंद पड़े चापाकल की मरम्मती उन्होंने अपने निजी खर्च से करवाई और उसे पुनः चालू कराया। चापाकल लंबे समय से खराब रहने के कारण स्थानीय ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन ने स्वयं पहल करते हुए चापाकल की मरम्मती का जिम्मा उठाया। चापाकल चालू होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने इस जनहितकारी पहल के लिए पंचायत समिति सदस्य विनोद सोरेन के प्रति आभार व्यक्त किया। जनप्रतिनिधियों की ऐसी छोटी-छोटी पहल ग्रामीणों की बड़ी समस्याओं का समाधान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

06 हजार दीपों से जगमगाया डीवीसी दुर्गा मंदिर परिसर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : डीवीसी कोनार परियोजना के परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह की सकारात्मक पहल एवं दूरदर्शी सोच के परिणामस्वरूप कोनार डेम के जीरो प्वाइंट, जरकुंडा में पहली बार भव्य मां गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक आयोजन में डीवीसी के अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा आसपास के ग्रामीण हजारों की संख्या में उपस्थित होकर इस पावन अमृत संध्या के साक्षी बने। कार्यक्रम के दौरान बनारस से पधारे विद्वान पंडितों एवं पंडित श्री उमाशंकर शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और पारंपरिक विधि-विधान के साथ माँ गंगा की भव्य आरती संपन्न कराई गई। दीपों की



अलौकिक रोशनी, शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और भक्तिमय वातावरण ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। पूरा क्षेत्र भक्ति एवं आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर डीवीसी कोनार के परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मां गंगा केवल एक नदी नहीं हैं, बल्कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की जीवनधारा हैं। उसी प्रकार कोनार डैम भी हमारे क्षेत्र की एक महत्वपूर्ण जलधारा है। यह केवल जल का स्रोत नहीं, बल्कि हमारी श्रद्धा, आस्था और विश्वास का प्रतीक भी है। जल संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति सम्मान हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने इस आयोजन को कोनार क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई देने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। उन्होंने इस आयोजन को कोनार क्षेत्र की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई देने वाला एक महत्वपूर्ण प्रयास बताया। वहीं देव दीपावली के पावन अवसर पर डीवीसी कोनार डैम स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण को लगभग 6,000 दीपों से सजाया गया। हजारों दीपों की जगमगाती रोशनी से पूरा मंदिर परिसर अलौकिक छटा बिखेरता नजर आया। ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो धरती पर दीपों का स्वर्ग उतर आया हो। इस अद्भुत दृश्य ने देव दीपावली के उत्सव को और भी यादगार बना दिया। समारोह के समापन पर परियोजना प्रधान राणा रणजीत सिंह ने इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी अधिकारीगण, कर्मचारीगण, आयोजन समिति के सदस्यों एवं क्षेत्र के समस्त ग्रामीणों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। कोनार डैम में पहली बार आयोजित मां गंगा आरती एवं देव दीपावली का यह भव्य उत्सव न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना, बल्कि डीवीसी और स्थानीय ग्रामीणों के बीच सामाजिक, सांस्कृतिक एवं भावनात्मक एकता को भी एक नई मजबूती प्रदान कर गया। निश्चित रूप से यह ऐतिहासिक आयोजन कोनार के इतिहास में एक अविस्मरणीय अध्याय के रूप में याद किया जायेगा।

अतिक्रमण के खिलाफ सख्त हुए एसडीपीओ अतिक्रमणकारियों को दी अंतिम चेतावनी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बरही : चौक पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त रुख अपनाने के मूड में है। बरही एसडीपीओ राधा प्रेम किशोर ने बुधवार को अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए स्पष्ट किया है



कि अब सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। एसडीपीओ ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसके बाद भी कोई व्यक्ति सड़क या सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अतिक्रमण कर रखे गए सामान को जब्त किया जाएगा तथा संबंधित व्यक्ति पर जुमार्ना भी लगाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बरही चौक पर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने और आम लोगों को आवागमन में परेशानी से बचाने के लिए अतिक्रमण हटाना आवश्यक है। प्रशासन की ओर से पहले भी अतिक्रमण हटाने को लेकर कार्रवाई की गई है, बावजूद इसके यदि कोई दोबारा अतिक्रमण करता है तो उसके खिलाफ कठोर कदम उठाए जाएंगे। एसडीपीओ की इस चेतावनी के बाद बरही चौक पर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप की स्थिति है। अब देखना होगा कि प्रशासन की सख्ती का असर जमीनी स्तर पर कितना दिखाई देता है और बरही चौक को स्थायी रूप से अतिक्रमणमुक्त बनाने की दिशा में कितनी प्रभावी कार्रवाई होती है।

5 ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

- 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद चारपहिया वाहन, दो मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन जब्त

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग पुलिस ने छापेमारी कर पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से 23 पुड़िया में करीब 11 ग्राम अवैध ब्राउन शुगर बरामद की गई है। इसके अलावा पुलिस ने एक चारपहिया वाहन, दो मोटरसाइकिल और चार मोबाइल फोन भी जब्त किये हैं। बड़कागांव थाना प्रभारी को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना इलाके के कदमाड़ीह पुल के पास कुछ युवक अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने के लिए आने वाले हैं। सूचना के आलोक में हजारीबाग एसपी अमन कुमार के निर्देश पर टीम गठित की गई। टीम बताये गये स्थान पर



पहुंची तो कुछ युवक संदिग्ध हरकत करते हुए देखे गए. पुलिस टीम को देखकर युवकों ने भागने का प्रयास किया, पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर सभी पांचों युवकों को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों की तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से प्लास्टिक की पुड़िया में रखे करीब 11 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई। कुल 23 पुड़िया में मादक पदार्थ रखा गया था। पुलिस ने मौके से अन्य सामान भी जब्त किया। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वे बड़कागांव थाना इलाके में ब्राउन शुगर की छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर खरीद बिक्री करते थे। एक पुड़िया की कीमत करीब एक हजार रुपया रखा जाता था। 1. अफताब आलम (23 साल), पिता मोहम्मद अख्तर, ग्राम सिकरी, थाना सिकरी, जिला हजारीबाग। 2. मोहम्मद राजन अंसारी (26 साल), पिता मोहम्मद एंगुल हक, ग्राम दाड़ी कला, थाना दाड़ी कला, जिला हजारीबाग। 3. मोहम्मद अल्ताफ हुसैन (20 साल), पिता मोहम्मद अरसद अली, ग्राम दाड़ी कला, थाना दाड़ी कला, जिला हजारीबाग। 4. रविंद्र कुमार महतो (27 साल), पिता केदार महतो, ग्राम खैरातरी, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग। 5. पवन कुमार (25 साल), पिता स्वर्गीय बालदेव महतो, ग्राम चामगढ़ा, थाना बड़कागांव, जिला हजारीबाग।

शादी समारोह के दौरान गोलीबारी एक की मौत, दूसरा गम्भीर

हजारीबाग : हजारीबाग के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत उपकार होटल में एक शादी समारोह के दौरान मंगलवार की रात गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया गया है घटना के बाद शादी समारोह में अफरा-तफरी मच गई और खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। मृतक का नाम अर्णव सिंह है वही घायल अंकित सिंह को रांची रेफर किया गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जानकारी ली। वही फिलहाल गोलीबारी के पीछे की वजह को लेकर पुलिस अनुसंधान कर रही है। थाना प्रभारी चंद्रशेखर सिंह ने भी बताया कि सीसीटीवी फुटेज और शादी के रिकॉर्डिंग की जांच की जा रही है। लोगों से पूछताछ किया जा रहा है कि आखिर यह घटना के पीछे का कारण क्या है। इन्होंने कहा कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता हैं।

श्रद्धालुओं ने लगायी आस्था की डुबकी, दान पुण्य के साथ की मंगलकामना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित विष्णुगढ़ के प्रसिद्ध भगवान भास्कर धाम मंदिर में छठ महापर्व पर आयोजित मेले का समापन मंगलवार को किया गया। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बरनवाल सेवा समिति सदस्यों द्वारा भव्य भंडारा का आयोजन किया गया था। बता दे कि विष्णुगढ़-गोमिया मार्ग पर स्थित विष्णुगढ़ के प्रसिद्ध भगवान भास्कर धाम मंदिर के उतर वाहिनी, जमुनिया छठ घाट पर कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर मंगलवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ पड़ी। पवित्र उतरवाहिनी जमुनिया नदी के तट पर हजारों श्रद्धालुओं ने स्नान, दान और पूजा-अर्चना कर पुण्य लाभ अर्जित कर सुख-शांति समृद्धि तथा उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की। इस अवसर पर पूरा क्षेत्र 'हर-हर गंगे' और 'जय मां के गगनभेदी जयकारों से गूंज उठा। सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का



तांता लगना शुरू हो गया था। महिलाएं थाल में दीप, फूल, चावल और दूध लेकर घाट की ओर रुख करती दिखीं। जैसे ही सूर्य की पहली किरणें जल पर पड़ीं, श्रद्धालुओं ने जमुनिया नदी में आस्था की डुबकी लगाई। स्नान के बाद मंदिरों में पूजा-पाठ और दीपदान का सिलसिला दिनभर चलता रहा। भास्कर धाम मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की व्यवस्था की गई थी। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्वयंसेवकों की टीम लगातार भीड़ को नियंत्रित करने में सक्रिय रही। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार कार्तिक पूर्णिमा में सुबह नदी स्नान मोक्षदायी माना जाता है साथ ही इस दिन स्नान और दान से जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश होता है। धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह से ओतप्रोत के इस दृश्य से श्रद्धालुओं के चेहरे पर अद्भुत शांति और संतोष झलक रहा था। जमुनिया नदी छठ घाट पर आयोजित यह पर्व न केवल आस्था का प्रतीक रहा, बल्कि सामुदायिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं का सजीव प्रेरणादायक उदाहरण भी बना। जमुनिया नदी छठ के दोनों किनारों पर श्रद्धालुओं की भीड़ डुबकी लगाने में खूब व्यस्त रही। बता दे कि छठ घाट के तट पर आकर्षक भास्कर धाम, सूर्य मंदिर आने वाले दिनों में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होने में नहीं देर लगेगी और यहां पर श्रद्धालु भक्त धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता से काफी संख्या में जुड़ेंगे। क्योंकि धर्म और संस्कृति की इस विरासत को संजोने के उद्देश्य से ग्रामीणों की सहयोग से छठ महापर्व के अवसर पर ऐतिहासिक सात दिवसीय मेला का आयोजन किया गया था।

विवाहिता की संदिग्ध मौत से सनसनी ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

दारू (हजारीबाग) : जिले के दारू प्रखंड अंतर्गत इरगा गांव में बुधवार को एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान इरगा निवासी विकास साव की 22 वर्षीय पत्नी संजू देवी के रूप में हुई है। उसका शव घर के एक कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह परिजनों ने संजू देवी को कमरे में फंदे से लटका देखा। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद शव को घर लाया गया और मायके पक्ष के लोगों को इसकी सूचना दी गयी। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग इरगा गांव पहुंचे। उन्होंने संजू देवी की मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का गम्भीर आरोप लगाया। मायके वालों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में दारू थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से मौखिक रूप से हत्या का आरोप लगाया गया है, हालांकि अभी तक पुलिस को कोई लिखित आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने पति-पत्नी के बीच आपसी विवाद होने की बात भी कही। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार, मामले की जांच की जा रही है। लिखित शिकायत एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

गृह प्रवेश की खुशियों के बीच पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल

आवास लाभुकों को भेंट किये गये फलदार पौधे

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : घर में प्रवेश की खुशी को यादगार बनाने के साथ-साथ प्रकृति को संवारने की एक अनूठी पहल खरकी पंचायत के वार्ड संख्या-02 स्थित सजोट गांव में देखने को मिली। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि किशोरी महतो की उपस्थिति में अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को गृह प्रवेश के अवसर पर एक-एक फलदार पौधा ग्रामीणों को भेंट किया गया। लाभुकों को आम, अमरूद और कटहल के पौधे देकर घर के साथ-साथ हरियाली बसाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर किशोरी महतो ने अपने संबोधन में कहा कि बेटा भले ही आपको धोखा दे सकता है, बेइज्जती कर सकता है, लेकिन पेड़-पौधे कभी धोखा नहीं देते।



आज आप इन्हें लगाकर सेवा कीजिए, कल यही पेड़ आपको फल, छाया और सुकून देंगे। एक वृक्ष दस पुत्रों के समान होता है। उन्होंने आगे कहा कि मकान बन जाने से परिवार को छत जरूर मिल जाती है, लेकिन आंगन में लगा एक फलदार पेड़ आने वाली पीढ़ियों के लिए अनमोल विरासत बन जाता है। इसलिए हर लाभुक पौधे को केवल उपहार न समझें, बल्कि उसे अपने परिवार के सदस्य की तरह पालें-पोसें। पौधा लगाना आसान है, लेकिन उसे बड़ा करना हमारी जिम्मेदारी है। किशोरी महतो ने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि जिस तरह लोग अपने नए घर की देखभाल करते हैं, उसी तरह लगाए गए पौधों की भी नियमित देखभाल करें। क्योंकि आज का छोटा पौधा कल किसी के आंगन की हरियाली, परिवार की खुशहाली और गांव की पहचान बनेगा। गृह प्रवेश के पावन अवसर पर पौधारोपण की इस पहल ने एक सकारात्मक संदेश दिया कि विकास केवल पक्के मकान बनाने तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण और हरे-भरे गांव का निर्माण भी विकास का अभिन्न हिस्सा है। मौके पर उपस्थित अबुआ आवास योजना और प्रधानमंत्री आवास योजना, के लाभार्थी हरिहर सिंह, अनीता देवी, मोसोमात सोहनी, बसंती देवी, कुंजलाल महतो, टहल अगरिया समेत अन्य ग्रामीण लोग मौजूद थे।

मुखिया ने नवनिर्माण कालीकरण रोड का किया निरीक्षण



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चरही/हजारीबाग : ग्राम कजरी का यह मुख्य सड़क है इसे गुणवत्ता के साथ बनाने का काम करें, पंचायत में बचे हुए और भी सड़कों को बहुत जल्दी ही पूरा करने का काम करेंगे। मुखिया देवकी महतो, हम सभी को बहुत खुशी हो रही है। इस रोड के न बनने का कारण हमलोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीण जनता, हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चुरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के द्वारा, बहेरा पंचायत अंतर्गत ग्राम ग्राम कजरी में उप स्वास्थ्य केंद्र कजरी से नकुल महतो के घर तक हो रहे नवनिर्माण कालीकरण रोड का निरीक्षण किया गया, इस दौरान मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने कहा कि हम सबों की बहुत खुशी हो रही है क्योंकि इस रोड के कारण हम सभी ग्रामीणों की बहुत ही परेशानियों का सामना करनी पड़ती थी, कई सालों बाद अब जाकर उस परेशानियों से छुटकारा पाएंगे, मौके पर मुखिया देवकी महतो, पंचायत समिति सदस्य शक्ति देवी, पूर्व विधायक प्रतिनिधि आरिफ अंसारी, संतोष राय, महेंद्र महतो, मोहम्मद रजाक आलम सहित कई लोग मौजूद थे।

पकरी बरवाडीह में दो दिवसीय सुरक्षा कार्यशाला का शुभारम्भ

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बड़कागांव : ओपनकास्ट खदानों में डंपर, टिप्पर एवं ट्रकों के सुरक्षित संचालन, सुरक्षा सुविधाओं के उपयोग तथा सुरक्षित रखरखाव की कार्यप्रणालियों विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला-सह-जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ आज पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना में हुआ। कार्क्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में श्री नरेश गोविंद फुले, डीएमएस (मैकेनिकल), डीजीएमएस उपस्थित रहे। इसके साथ ही डीजीएमएस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, हजारीबाग क्षेत्र की विभिन्न कोयला खनन परियोजनाओं के प्रमुख, एमडीओ एवं प्रमुख ओईएम कंपनियों के



प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान 10 से अधिक तकनीकी प्रस्तुतियां दी जा रही हैं। इसमें विशेषज्ञों द्वारा खनन वाहनों के सुरक्षित परिचालन, चालकों की सुरक्षा, वाहनों की नियमित जांच, ब्रेक, लाइट, रिवर्स हॉर्न, कैमरा जैसी सुरक्षा सुविधाओं के सही उपयोग और सुरक्षित रखरखाव की बेहतर कार्यप्रणालियों पर विस्तार से जानकारी दी जा रही है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य खनन वाहनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, परिचालन प्रक्रियाओं में सुधार करना और खदानों में दुर्घटनाओं को रोकना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, अभियंता, सुरक्षा कर्मी और वाहन चालक उपस्थित रहे।

बड़कागांव से 28 नवम्बर को रवाना होगा सांसद तीर्थ दर्शन महाभियान का 100वां और 101वां जत्था

हजारीबाग : हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल की ओर से संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाभियान का 100वां और 101वां जत्था आगामी 28 नवंबर को बड़कागांव से तीर्थ यात्रा के लिए रवाना होगा। इस अवसर पर सांढ़ और नयाटांड़ पंचायत के 130 बुजुर्ग श्रद्धालु काशी, विंध्याचल, अयोध्या और प्रयागराज स्थित त्रिवेणी संगम के दर्शन करेंगे। इस ऐतिहासिक पड़ाव पर बड़कागांव थाना के सामने स्थित मां अम्बे परिसर, गुरुचट्टी में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत हवन-पूजन से होगी। इसके बाद बुजुर्ग श्रद्धालुओं के पांव पखारकर और पुष्पवर्षा कर सम्मानपूर्वक विदाई दी जायेगी।

हजारीबाग डेंटल कॉलेज की डॉ. सौम्य वर्मा तीसरी बार IAOMR की कार्यकारिणी में निर्वाचित

हमारे संस्थान के साथ पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है : डॉ. प्रवीण श्रीनिवास

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के फैकल्टी सदस्य डॉ. सौम्य वर्मा को इंडियन एकेडमी ऑफ ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी (IAOMR) की कार्यकारिणी समिति का सदस्य निर्वाचित किया गया है। केरल में 20 से 22 नवंबर तक आयोजित एकेडमी के 37वें राष्ट्रीय सम्मेलन में उनका निर्वाचन हुआ। डॉ. सौम्य वर्मा लगातार तीसरी बार इस प्रतिष्ठित कार्यकारिणी में निर्वाचित हुए हैं। उनका यह निर्वाचन देश के दंत चिकित्सा एवं अकादमिक जगत में उनके प्रति विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। डॉ. सौम्य वर्मा झारखंड के



दंत चिकित्सा महाविद्यालयों के फैकल्टी सदस्यों में इस उपलब्धि को हासिल करने वाले दूसरे व्यक्ति हैं। इस अवसर पर हजारीबाग डेंटल कॉलेज के सचिव डॉ. प्रवीण श्रीनिवास ने डॉ. सौम्य वर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि हमारे संस्थान के साथ पूरे झारखंड के लिए गर्व का विषय है। उनकी सफलता से संस्थान के अन्य शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को भी उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास जताया कि डॉ. वर्मा राष्ट्रीय स्तर पर दंत चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में अपना महत्वपूर्ण योगदान जारी रखेंगे। इससे पूर्व, हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज के प्राचार्य डॉ. श्री कृष्ण झारखंड से इस प्रतिष्ठित उपलब्धि को हासिल करने वाले प्रथम व्यक्ति रहे हैं। उन्होंने IAOMR में मानद महासचिव, एकेडमी के जर्नल के प्रधान संपादक तथा एकेडमी के अध्यक्ष जैसे महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं। राज्य के दंत चिकित्सा अकादमिक क्षेत्र के लिए यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती पहचान और सहभागिता का प्रतीक है।

शिक्षा, सामाजिक एकता और कुरीतियों के उन्मूलन से ही समाज का सर्वांगीण विकास सम्भव : भुवनेश्वर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग शहर के जुलू पार्क स्थित मेहता भवन में बुधवार को मेहता विकास मंच का 19वां वर्षगांठ समारोह धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मेहता विकास मंच के जिला अध्यक्ष नागेश्वर प्रसाद मेहता ने की, जबकि मंच का संचालन इचाक प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश मेहता ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मेहता विकास मंच के मुख्य संरक्षक सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के तौर पर मंच के संरक्षक बटेश्वर प्रसाद मेहता एवं लखनलाल मेहता ने समारोह में



अपनी सहभागिता निभाई। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य संरक्षक एवं पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने समाज के सर्वांगीण विकास, शिक्षा, सामाजिक एकता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज में व्याप्त बाल विवाह, नशाखोरी जैसी कुरीतियों के खिलाफ सामूहिक रूप से चिंतन, मंथन और जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। समाज को इन बुराइयों से मुक्त करने के लिए युवाओं, बुद्धिजीवियों और समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आना होगा। उन्होंने शिक्षा को समाज की प्रगति का सबसे मजबूत आधार बताते हुए कहा कि शिक्षित समाज ही विकास की गाथा लिखता है। शिक्षा के बिना सामाजिक, आर्थिक और बौद्धिक उन्नति की कल्पना अधूरी है। समाज के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने, प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों की पढ़ाई में सहयोग करने के लिए समाज को आगे बढ़कर पहल करनी चाहिए। उन्होंने सामाजिक एकता, आपसी सहयोग और सकारात्मक सोच के माध्यम से समाज को नई दिशा देने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि संरक्षक बटेश्वर प्रसाद मेहता ने अपने संबोधन में समाज की एकजुटता, शिक्षा के प्रसार, युवाओं की भागीदारी और सामाजिक जिम्मेदारियों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि समाज की मजबूती केवल संगठन की स्थापना या समारोहों तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद, बच्चों की शिक्षा, महिलाओं के सम्मान और नई पीढ़ी को संस्कार एवं बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर कार्य होना चाहिए। संरक्षक लखनलाल मेहता ने समाज के लोगों को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि समाज के सभी लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक मंच पर आना होगा, तभी विकास की राह मजबूत होगी। 19वें वर्षगांठ समारोह के अवसर पर समाज के विकास, शिक्षा के विस्तार, सामाजिक जागरूकता और संगठन की मजबूती को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई।

डॉ. राखो हरि बने विभावि के भौतिकी विभागाध्यक्ष



हजारीबाग : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के पद पर कार्यरत डॉ. राखो हरि को विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग का विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कुलपति प्रोफेसर चंद्र भूषण शर्मा के आदेश से 23 नवंबर 2026 को उनकी नियुक्ति की गई। डॉ. राखो हरि का शैक्षणिक एवं अध्यापन अनुभव लगभग चार दशकों का है। उन्होंने अपने शैक्षणिक करियर की शुरूआत वर्ष 1986 में अन्नदा महाविद्यालय से की थी। वहां 10 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के पश्चात वे दरभंगा स्थित ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय से जुड़े, जहां उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष तक अध्यापन किया। इसके बाद उन्होंने संत कोलंबा महाविद्यालय में लगातार 22 वर्षों तक अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2021 से वे विनोबा भावे विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में कार्यरत हैं। अपने लंबे शैक्षणिक अनुभव, विषय के प्रति समर्पण एवं अकादमिक योगदान के आधार पर उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। डॉ. राखो हरि विश्वविद्यालय के कई महत्वपूर्ण पदों को सुशोभित कर चुके हैं। उनकी नियुक्ति से वि

मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी पूरी करें : के. रवि कुमार

जीरो पेंडेंसी के लक्ष्य के साथ लम्बित मामलों के शीघ्र निष्पादन करने के निर्देश

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने कहा कि राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य अंतिम चरण में है। ऐसे में सभी संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तैयारी पूरी करें। उन्होंने जीरो पेंडेंसी के लक्ष्य के साथ कार्य करने और किसी भी स्तर पर मामले लंबित नहीं रखने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बुधवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से



सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारी, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में उन्होंने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित मामलों का नियमानुसार गहन निरीक्षण किया जाए। आवश्यक दस्तावेज प्राप्त कर तथ्यों का सत्यापन करें, संबंधित मतदाताओं को सुनवाई का अवसर दें और प्रत्येक मामले में नियमानुसार अंतिम निर्णय लें। के. रवि कुमार ने कहा कि मतदाताओं की सुनवाई एवं सत्यापन के साथ मतदान केंद्रों के नजरी नक्शे, फोटो और जियो टैगिंग सहित अन्य कार्यों का अपडेट भी पूरा किया जाए। ड्राफ्ट रोल के बाद प्रतिदिन प्राप्त होने वाले आवेदनों को उसी दिन ईसीआईनेट पर अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन मतदान केंद्र क्षेत्रों में नए मतदाताओं के नामांकन के लिए कम आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, वहां सुपरचेकिंग के दौरान होम टू रोल वेरिफिकेशन की गहन समीक्षा की जाए। भौतिक सत्यापन के दौरान पदाधिकारी लगातार कम से कम पांच घरों में जाएं और वहां के प्रत्येक पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल है या नहीं, इसकी जांच करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार, राज्य प्रशिक्षण नोडल पदाधिकारी देव दास दत्ता, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सहित सभी जिलों के संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित थे।

सीआईएमएफआर कर्मियों के नियमितीकरण पर 03 महीने में फैसला

हाईकोर्ट ने सुरक्षित रखी नौकरी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड उच्च न्यायालय ने धनबाद स्थित केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीआईएमएफआर) में पिछले 25 से 30 वर्षों से अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों के नियमितीकरण से जुड़े विवाद में एक महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायमूर्ति मनोज प्रसाद की खंडपीठ ने राजेश तिवारी सहित 14 याचिकाकताओं एवं मनबोध कुमार मंडल सहित 105 याचिकाकताओं के मामले को निष्पादित करते हुए केंद्रीय सरकार औद्योगिक न्यायाधिकरण-सह-श्रम न्यायालय (सीजीआईटी-1), धनबाद को तीन महीने के भीतर इस मामले में अपना अंतिम फैसला सुनाने का निर्देश दिया है। खंडपीठ ने कर्मचारियों की नौकरी पर रोक बरकरार रखी है और नए टेंडर पर पाबंदी कायम रखी है। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि जब तक सीजीआईटी-1, धनबाद में अपना अंतिम निर्णय नहीं सुना देता और फैसले की सूचना पक्षकारों को मिलने के चार सप्ताह बाद तक, संस्थान में वर्तमान



यथास्थिति कायम रहेगी। इस अवधि के दौरान सीआईएमएफआर प्रबंधन और संबंधित ठेका एजेंसी (मेसर्स शिवा प्रोटेक्शन फोर्स प्राइवेट लिमिटेड) याचिकाकर्ता कर्मियों की सेवा समाप्त नहीं कर सकेंगे। राजेश तिवारी समेत 14 याचिकाकताओं एवं मनबोध कुमार मंडल सहित 105 ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर 14 जुलाई, 2023 को जारी टेंडर को चुनौती दी थी। याचिकाकताओं का कहना था कि वे वर्ष 1995 के आसपास से (करीब ढाई-तीन दशकों से) संस्थान में कार्यरत हैं और उनके नियमितीकरण का मामला वर्ष 2006 से सीजीआईटी-1, धनबाद में लंबित है। कर्मियों का आरोप था कि औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 की धारा 33 के तहत ट्रिब्यूनल की अनुमति लिए बिना ही नया टेंडर निकालकर उनकी सेवा शर्तों को बदलने और उन्हें हटाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे पहले 21 जनवरी, 2025 को उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए नए टेंडर और कर्मियों को हटाने पर रोक लगा दी थी।

एक झलक

बाबूलाल के सम्बोधन पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने जताया विरोध

रांची : एसआईआर और एमएमडीआर संशोधन बिल पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी की ओर से विस्तार से अपनी बात रखने पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की, स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी सहित सत्ताधारी दल के अन्य विधायकों ने विरोध जताया। इसपर विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) रबींद्र नाथ महतो ने भी बाबूलाल को टोका, जिसपर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आप पार्टी मत बनिए। स्पीकर ने कहा कि आप जो बातें कह रहे हैं वे सभी सुझाव निर्वाचन आयोग के हैं आप सरकार की ओर से सुझाव दें। इसके पूर्व भी चर्चा की शुरूआत में भी स्पीकर के वक्तव्य के बाद नेता प्रतिपक्ष जैसे ही बोलने के खडे हुए उन्हें स्पीकर ने बैठने को कहा। हालांकि बाबूलाल मरांडी ने स्पीकर की बात मानते हुए अपनी सीट पर बैठ गए और संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर के वक्तव्य के बाद अपनी बातें रखी।

कर्रा में मेला में हथियार लहरा कर बदसलूकी कर रहा युवक गिरफ्तार

रांची/खूंटी : खूंटी जिले के कर्रा थाना क्षेत्र में मेला समारोह के दौरान हथियार लहराकर लोगों के साथ बदसलूकी कर रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। एसपी ऋषभ गर्ग ने बताया कि 24 नवंबर की रात पुलिस को सूचना मिली थी कि कर्रा थाना क्षेत्र में चल रहे मेला समारोह में एक व्यक्ति हथियार लहरा रहा है और लोगों के साथ बदसलूकी कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने टीम का गठन कर तुरंत मौके के लिए रवाना किया। मौके पर पहुंची टीम ने उस व्यक्ति को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी रिवॉल्वर, गोली, एक मोबाइल और लोहे का बना पंच बरामद हुआ, जिसका इस्तेमाल पंचिंग के लिए किया जाता है।

नगर आयुक्त मेयर के पत्र की कर रहे हैं अनदेखी : मुकेश अग्रवाल

रांची : झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य और नगर निगम किरायेदार संघ के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने नगर निगम प्रशासन पर गंभीर सवाल उठाए हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि नगर आयुक्त हाईकोर्ट के आदेशों की भी अनदेखी कर रहे हैं। मेयर की ओर से भी दर्जनों पत्र लिखे जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। निगम की लगातार कार्रवाई और नोटिस से दुकानदारों को इस कदर परेशान किया जा रहा है कि वे अपने अधिकारों के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर हो जाएं। किरायेदार संघ के अध्यक्ष मुकेश अग्रवाल ने बताया कि नगर निगम के बाजारटांड़ स्थित आवंटित दुकानों पर कार्रवाई को लेकर विवाद गहराता जा रहा है।

कल्याण विभाग की समीक्षा में 13,171 छात्रवृत्ति आवेदनों की स्वीकृति

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची/खूंटी : उपायुक्त मो. जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित सभागार में आइटीडीए एवं कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं और प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर प्राप्त 13,171 नए छात्रवृत्ति आवेदनों को समिति ने मंजूरी प्रदान की। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी योजनाओं का क्रियान्वयन निर्धारित समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करने और लंबित कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए ई-कल्याण पोर्टल पर प्राप्त 13,171 नए



आवेदनों की समीक्षा की गई। संबंधित विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों द्वारा आवेदनों का भौतिक सत्यापन और अनुमोदन किए जाने के बाद समिति ने सभी आवेदनों को स्वीकृति दे दी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी पात्र विद्यार्थियों के बैंक खातों में छात्रवृत्ति की राशि जल्द से जल्द हस्तांतरित की जाए, ताकि विद्यार्थियों को समय पर योजना का लाभ मिल सके। बैठक में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत संचालित टीएमएमसी योजना की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को योजना के सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने का निर्देश दिया। इसके अलावा सहयोग विलेज के बच्चों का नामांकन आवासीय विद्यालयों में कराने को लेकर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने और बच्चों को शिक्षा की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उपायुक्त मो. जावेद हुसैन ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र लाभुकों तक समय पर पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के साथ पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने छात्रवृत्ति वितरण में किसी तरह की अनावश्यक देरी नहीं होने देने पर भी जोर दिया। बैठक में उप विकास आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश, जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा सहित आइटीडीए एवं कल्याण विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सम्पत्तियों की कुर्की पर निगम ने दी सफाई, कहा

कोर्ट के आदेशों के अनुसार होगी कार्रवाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : नगर निगम की संपत्तियों की कुर्की से जुड़ी खबरें सामने आने के बाद निगम प्रशासन ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। निगम ने कहा है कि पूरे मामले में सभी न्यायिक दस्तावेजों, वित्तीय दावों और संबंधित अभिलेखों की जांच की जा रही है। न्यायालय के आदेशों के अनुरूप ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। निगम ने स्पष्ट किया है कि किसी भी परिस्थिति में अदालत के आदेशों की अवहेलना नहीं होगी। नगर निगम की ओर से जारी स्पष्टीकरण के अनुसार निगम प्रशासन के संज्ञान में आई। इसके बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए उपलब्ध दस्तावेजों और अभिलेखों का अवलोकन किया गया। संबंधित पक्ष की ओर से किए



गए राशि के दावों और उनकी गणना का भी नियमानुसार परीक्षण किया जा रहा है। निगम प्रशासन के मुताबिक, बुधवार को सक्षम न्यायालय में नगर निगम की ओर से अपना पक्ष रखा गया। इसके बाद न्यायालय ने निगम को अपना पक्ष रखने और मामले में आवश्यक कार्रवाई करने के लिए समय दिया है। इस अवधि में निगम न्यायिक आदेशों के आलोक में आगे की विधिक और प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी करेगा। नगर निगम ने कहा कि मामले में संबंधित अभिलेखों, वित्तीय दावों, बकाया राशि की गणना और सभी कानूनी पहलुओं की गंभीरता से जांच की जा रही है। परीक्षण पूरा होने के बाद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

संकल्प में एसआईआर को लेकर सरकार के समाधान का जिक्र नहीं : सरयू राय

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : विधायक सरयू राय ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में एमएस गिल को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। बाद में उन्हें केंद्र में मंत्री बनाया गया और पद्म भूषण से सम्मानित भी किया गया। राय बुधवार को झारखंड विधानसभा के विशेष सत्र की दूसरी पाली में एसआईआर को लेकर सरकार की ओर से लाए गए संकल्प पर चर्चा के दौरान बोल रहे थे। सरयू राय ने सदन में कांग्रेस की मौजूदा टिप्पणियों पर सवाल उठाते हुए उसके पुराने राजनीतिक फैसलों की याद दिलाई। सदन में राय के संबोधन के दौरान सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। इसी बीच स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे विधानसभा का माहौल और गरमा गया। सरयू राय ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान आम लोगों को हो रही परेशानियों और उनके समाधान के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी, इसका संकल्प में कोई स्पष्ट उल्लेख नहीं है। उन्होंने प्रस्ताव को विसंगतिपूर्ण बताते हुए कहा कि इसे तथ्यों के अनुरूप तैयार किया जाना चाहिए। सरयू राय ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर को पद से हटाने की मांग को सरकारी संकल्प का हिस्सा बताए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव में ऐसी कोई मांग शामिल नहीं है, इसलिए इसे संकल्प का हिस्सा बताना उचित नहीं है।



विधानसभा के समक्ष वैश्य मोर्चा का धरना-प्रदर्शन, मुख्यमंत्री को दिया गया मांग-पत्र

27% आरक्षण, वैश्य आयोग गठन की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : बुधवार को विधानसभा के समक्ष (कुट्टे मैदान में) झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के बैनर तले सांकेतिक धरना-प्रदर्शन का आयोजन किया गया। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से वैश्य मोर्चा द्वारा मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को स्मार-पत्र भी दिया गया। स्मार-पत्र की प्रतिलिपि देश विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भी भेजा गया। इस धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने किया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को दिए गए स्मार-पत्र में कहा गया है कि वैश्य मोर्चा गत बीस वर्षों से कहती, मांग करती आ रही है कि झारखंड में भी ओबीसी को 27% आरक्षण दिया जाए, वैश्य आयोग का गठन किया जाए,



छोटे दुकानदारों का 10 लाख रुपये तक की ऋण माफ की जाए, वैश्य समाज के ऊपर हो रहे शोषण, दमन, हत्या और लूट पर रोक लगाई जाए। लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। हम मांग करते हैं कि राज्य के 52% आबादी के लिए भी विशेष सत्र आहूत की जाए। इस धरना-प्रदर्शन कार्यक्रम में वैश्य मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हीरानाथ साहु, वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, लक्ष्मण साहु, मुख्य प्रवक्ता रोहित कुमार साहु, संगठन महासचिव अनिल वैश्य, संगठन सचिव दिवाकर साहु, रांची जिलाध्यक्ष कृष्णदेव साहु, कार्यकारी अध्यक्ष राजेश कुमार साहु, आलोक कुमार साहु, केंद्रीय सदस्य मुकेशलाल सिंदूरिया, युवा मोर्चा के हलधर साहु, आदित्य पोद्दार, भरत केशरी, ओम प्रकाश साव, मुकेश साहु, पिंटू साहु, तारण साहु आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

सड़क सुरक्षा अभियान में युवाओं को किया जागरूक, यमराज ने पढ़ाया नियमों का पाठ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत परिवहन विभाग रांची और 'रिलेशंस' संस्था के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के तहत ऑक्सीजन पार्क में युवा संवाद सह चौपाल और खेलगांव चौक पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ऑक्सीजन पार्क में आयोजित चौपाल में सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। जन विकास मंच की नाट्य टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से यातायात नियमों के उल्लंघन से होने वाले नुकसान को दर्शाया। कलाकारों ने हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित वाहन परिचालन के महत्व को बताया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, सड़क सुरक्षा अभियंता गौरव कुमार, सड़क सुरक्षा सहायक अभय कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी और आशीष रौशन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम में युवाओं और नागरिकों ने हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन नहीं चलाने और तेज गति से बचने की शपथ ली। इसके बाद खेलगांव चौक पर यमराज की वेशभूषा में कलाकार ने अनोखे अंदाज में लोगों को जागरूक किया। बिना हेलमेट और सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों को रोककर यातायात नियमों का पालन करने तथा जीवन की सुरक्षा के प्रति सचेत रहने की अपील की गयी।

एनएसयूआरएल में डालसा का 'क्लाईंट काउंसिलिंग कैम्प' आयोजित

क्लाईंट काउंसिलिंग के माध्यम से छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायामूर्ति-सह-कार्यपालक अध्यक्ष, झालसा, सुजीत नारायण प्रसाद के दिशा-निर्देश तथा माननीय सदस्य सचिव, झालसा कुमारी रंजना अस्थाना एवं माननीय न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष डालसा, रांची, अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में तथा डालसा सचिव, ईंचार्ज के नेतृत्व में बुधवार को एन.यु.एस.आर.एल.का के, रांची के साथ समन्वय स्थापित कर डालसा टीम ने 'क्लाईंट काउंसिलिंग कैंप' के कार्यक्रम में वहां के अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को दी गयी जानकारी। डिप्टी एल.ए.डी.सी.सी. राजेश कुमार सिन्हा ने क्लाईंट



काउंसेलिंग के माध्यम से लोगों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की जानकारी दी तथा यहां से मिलनेवाली सुविधाओं के बारे में भी बताया। दूर-दराज से ग्रामीण और आये मजदुरों की समस्याओं को काउंसेलिंग के माध्यम से सुना गया तथा उनके समस्याओं के कानुनी समाधान की जानकारी दी गयी। मौके पर उन्होंने वहां पर उपस्थित अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को बताया कि कैसे क्लाईंटों के साथ बातचीत किया जाता है। उनकी समस्याओं को धैर्यपूर्वक सुनना, दस्तावेजी प्रमाण को एकत्र करना तथा समस्या से संबंधित उचित सलाह देना है। उन्होंने यह भी बताया कि विधिक समस्याओं के निदान हेतु उचित फॉरम क्या है ? और कहां पर आवेदन कर सकते है, इसकी जानकारी दी। वैसे गरीब-असहाय व्यक्ति जो लिगल सर्विसेज ऑथॉरिटी एक्ट के धारा-12 के अंतर्गत आते है, उनको निःशुल्क में कानुनी सहायता डालसा के द्वारा प्रदान किया जाता है। श्री सिन्हा ने माननीय नालसा एवं झालसा द्वारा चलाये जा रहे लाभकारी योजनाओं पर भी फोकस किये। आगे उन्होंने नालसा टॉल फ्री नम्बर - 15100 पर भी फोकस किये। अंत में डालसा पीएलवी राजेन्द्र महतो के द्वारा आगामी 12 दिसम्बर को व्यवहार न्यायालय, रांची में होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी गयी।

उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त विजय कुमार गुप्ता की सुपुत्री मुस्कान प्रिया के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए हेमन्त-कल्पना

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं उनकी धर्मपत्नी-सह-विधायक कल्पना सोरेन बुधवार को रांची स्थित होटल लेमन ट्री पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल विजय कुमार गुप्ता की सुपुत्री मुस्कान प्रिया के वैवाहिक समारोह में सम्मिलित हुए। इस पावन और मांगलिक अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने नवदम्पति (वर-वधू) को अपना स्नेहिल आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने नये जोड़े के सुखद, समृद्ध एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की मंगलकामना करते हुए उन्हें हार्दिक



बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मौके पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त विजय कुमार गुप्ता एवं उनके परिजनों से आत्मीय मुलाकात की तथा इस परिवारिक उत्सव में शामिल होकर हर्ष व्यक्त किया।

द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड का 07वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड द्वारा 26 नवंबर 2026 को शौर्य सभागार, जेएपी ग्राउंड के सामने, डोरंडा, रांची में 07वां दीक्षांत समारोह सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। समारोह में उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों का उत्सव मनाया गया और यह विश्वविद्यालय की शैक्षणिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण अवसर बना। झारखंड के माननीय राज्यपाल एवं द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड के विजिटर, महामहिम संतोष कुमार गंगवार समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलाधिपति डॉ. टी. आर. के. राव, माननीय कुलपति कर्नल (डॉ.) रणजीत सिंह तथा कुलसचिव सुमित कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत कुल 365 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को उपाधियों प्रदान की गई। इनमें 10 पीएच.डी. शोधार्थी, 47 एमबीए विद्यार्थी, 16 बीबीए विद्यार्थी, 13 बीबीए (बिजनेस एनालिटिक्स) विद्यार्थी, 21 बी.टेक विद्यार्थी, विभिन्न विशेषज्ञताओं के अंतर्गत 77 बीसीए विद्यार्थी, 35 डिप्लोमा इन टेक्नोलॉजी विद्यार्थी, 40 एलएलएम



विद्यार्थी, 85 एलएलबी विद्यार्थी तथा 21 बीबीए-एलएलबी (ऑनर्स) विद्यार्थी शामिल थे। दीक्षांत समारोह का एक विशेष आकर्षण 10 शोधार्थियों को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान किया जाना रहा। इन शोधार्थियों ने प्रबंधन, विपणन, संगठनात्मक व्यवहार, उद्यमिता, ज्ञान प्रबंधन, डिजिटल परिवर्तन एवं सतत विकास जैसे विविध क्षेत्रों में शोध कार्य किया। शैक्षणिक उत्कृष्टता को सम्मानित करते हुए विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 12 स्वर्ण पदक तथा द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 11 रजत पदक प्रदान किए गए। ये पदक झारखंड के माननीय राज्यपाल द्वारा प्रदान किए गए। विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति कर्नल (डॉ.) रणजीत सिंह ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की विश्वविद्यालय रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें विश्वविद्यालय की शैक्षणिक प्रगति एवं संस्थागत विकास की उपलब्धियों को रेखांकित किया गया। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की शपथ भी ली तथा नैतिक आचरण, व्यावसायिक निष्ठा, प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सम्मान, गुणवत्ता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व एवं

द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड के बारे में

द आईसीएफएआई विश्वविद्यालय, झारखंड गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्रदान करने तथा अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों, शोध गतिविधियों एवं मूल्य-आधारित शिक्षा के माध्यम से उद्योग जगत की आवश्यकताओं ताओं के अनुरूप कुशल पेशेवरों के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय शैक्षणिक उत्कृष्टता, नवाचार, उद्यमिता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान देता है। यह विश्वविद्यालय अपने आदर्श वाक्य 'मूल्यों के साथ पेशेवरों का निर्माण के प्रति समर्पित है।

ठंड को देखते हुए श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर की समय-सारिणी में बदलाव

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : संत शिरोमणि सदानंद महाराज जी के सानिध्य में एम.आर.एस. श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग स्थित श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर की समय-सारणी में गोपाष्टमी के बाद परिवर्तन किया गया है। ठंड के मौसम को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर के खुलने एवं बंद होने का नया समय निर्धारित किया गया है।ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि अब मंदिर सुबह 6:30 बजे खुलेगा और दोपहर 12:30 बजे तक दर्शन-पूजन के लिए खुला



रहेगा। इसके बाद मंदिर दोपहर 3 बजे पुनः खुलेगा और शाम 8 बजे तक श्रद्धालु दर्शन कर सकेंगे। मंदिर दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक बंद रहेगा। संध्या आरती प्रतिदिन शाम 5:30 बजे होगी। मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित अरविंद पांडेय 24 घंटे उपलब्ध रहेंगे। मंदिर में सभी पूजा-पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान पुजारी जी द्वारा विधिवत संपन्न कराए जाएंगे।

सम्पादकीय.....

ऐसे वक्तव्यों से परहेज जरूरी

अपने देश के दो बड़े नेताओं के पिछले दिन आये वक्तव्य काफी चर्चा में रहे। एक वक्तव्य प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रहा, तो दूसरा वक्तव्य कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे का। प्रधानमंत्री मोदी ने एक बार फिर दिमागी नक्सल शब्द कहा, तो राज्यसभा के नेता प्रतिपक्ष खड़गे ने दीपावली को खुशियों की ईद बता दिया। भाजपा को खड़गे की बात पर आपत्ति हुई। यह स्वाभाविक भी था, क्योंकि हिन्दुओं के लिए दीपावली सबसे बड़ा त्योहार है, जिसमें लक्ष्मी मां की पूजा की जाती है। पांच दिनों के इस त्योहार का सम्बन्ध कृषक बहुल भारतीय समाज से भी है। इसमें फसल कटाई के बाद मिले फुर्सत के क्षणों में किसान वर्ग उत्सव मनाता है। साथ ही, गो वंश की पूजा भी करता है। विविधता से युक्त भारतीय समाज में दीपावली मनाने के भी कई तरीके हैं। अब आते हैं प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर, जिसमें उन्होंने फिर से दिमागी नक्सल शब्द का उपयोग किया। पीएम ने इस बार दीपावली के लिए छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके का चयन किया था। बस्तर में जाकर उन्होंने एक वक्तव्य दिया...'हथियारबंद नक्सली जंगलों से गायब हो गये हैं, लेकिन 'दिमागी नक्सलियों' ने कई संस्थाओं पर कब्जा कर लिया है। आज भी वे देश के संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ लोगों को भड़का रहे हैं। उन्होंने कई राजनैतिक दलों और अलग-अलग संगठनों में घुसपैठ की है। हमें उन्हें पहचानना होगा, हराना होगा और देश को सुरक्षित रखना होगा।' दुख की बात यह है कि प्रधानमंत्री ने सैन्यवर्दी में यह वक्तव्य दिया। जबकि, उन्हें इस वर्दी के मान की खूब समझ है। सो, उन्हें इससे परहेज करना चाहिए था। चूंकि, सैन्यबल किसी एक पार्टी के लिए काम नहीं करता, अतः किसी राजनैतिक दल की विचाधारा उस पर थोपी नहीं जानी चाहिए। यह काम तानाशाह देशों में होता है, भारत में इसके लिए स्थान नहीं है। दीपावली पर तो प्रधानमंत्री मोदी को केवल खुशी और प्रेम बढ़ानेवाला भाषण ही देना चाहिए था। इससे पूर्व भी लालकिले से उन्होंने दिमागी नक्सल शब्द का इस्तेमाल किया था। 05 सितम्बर को दिल्ली यूनिवर्सिटी के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स के 100वें स्थापना दिवस के कार्यक्रम में भी उन्होंने यही बात कही थी। इस बार बस्तर जाकर पीएम ने अपने राजनैतिक विरोधियों को दिमागी नक्सल कहा। बहरहाल, चाहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हों या फिर मल्लिकार्जुन खड़गे; दोनों नेताओं के कथन को किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह के कथन स्वीकार्य नहीं हो सकते। देश की दो बड़ी राष्ट्रीय पार्टियों के ये दोनों शीर्ष नेता हैं। दोनों के पास अनुभव भी अगाध है। इनसे देश को बहुत अपेक्षाएं हैं। लिहाजा, दोनों को ही ऐसे वक्तव्यों से परहेज करना चाहिए।

चुनावी महासंग्राम की राह पर उत्तर प्रदेश

विशेष | निर्मल रानी



साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछानेवाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक, बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवम्बर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किये गये हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा की 403 सदस्यों के लिये होने वाले आम चुनाव, फरवरी-मार्च 2027 में होने की संभावना है। उत्तर प्रदेश के साथ ही देश के 4 अन्य राज्यों पंजाब, उत्तराखंड, मणिपुर और गोवा में भी संभवतः फरवरी-मार्च 2027 की शुरूआत में ही विधानसभा चुनाव होने की संभावना है। इन सभी पाँचों राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई 2027 के बीच समाप्त हो रहा है। इन पांच राज्यों के अलावा, वर्ष 2027 के अंत यानी नवंबर-दिसंबर में दो अन्य राज्यों गुजरात और हिमाचल प्रदेश में भी विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। इन विधान सभा चुनावों को 2029 के प्रस्तावित लोकसभा चुनावों के सेमी फाइनल के रूप में भी देखा जा रहा है। वैसे तो इन सभी पांचों राज्यों में चुनाव बेहद दिलचस्प होने की संभावना है परन्तु सबसे चुनौतीपूर्ण चुनाव उत्तर प्रदेश में देखने को मिल सकता है। साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण के आधार अपनी चुनावी बिसात बिछाने वाला देश का यह सबसे बड़ा प्रदेश इस बार न केवल साम्प्रदायिक बल्कि जातीय समीकरणों में भी बुरी तरह उलझ चुका है। उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एस आई आर के बाद, निर्वाचन आयोग ने 2027 विधानसभा चुनाव से पहले ड्राफ़्ट मतदाता सूची जारी कर दी है और नाम जोड़ने व सुधारने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। 17 नवंबर 2026 को जारी ड्राफ़्ट मतदाता सूची में उत्तर प्रदेश में कुल 13.58 करोड़ मतदाता दर्ज किए गए हैं। 10 अप्रैल 2026 को एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम सूची की तुलना में इस मसौदा सूची में 18,84,113 मतदाताओं की शुद्ध वृद्धि हुई है। इस वृद्धि में महिला मतदाताओं की संख्या में 10,96,828 और पुरुष मतदाताओं की संख्या में 7,87,449 का इजाफा हुआ है। इससे पहले एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान 15.44 करोड़ मतदाताओं की जांच के बाद 12.55 करोड़ नाम बरकरार रखे गए थे और लगभग 2.89 करोड़ नाम सूची से हटाए गए थे। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दावा किया है कि पंचायत और विधानसभा मतदाता सूची के भ्रम के कारण 1 करोड़ 27 लाख हिंदू मतदाताओं के नाम सूची में नहीं जुड़ पाए हैं। इसके मद्देनजर भाजपा ने हर बूथ पर मतदाता जोड़ने के लिए एक महीने का विशेष अभियान शुरू किया है। इसी तरह समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनकी पार्टी ने भी मतदाता सूची में संभावित गड़बड़ियों और नाम कटने के मुद्दों पर सवाल उठाए हैं और अपने कार्यकर्ताओं को मतदाता सूची की निगरानी के लिए सक्रिय किया है। उधर मुस्लिम समाज भी न केवल उत्तर प्रदेश बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर जानबूझ कर पूर्व नियोजित तरीके से एक बड़ी साजिश के तहत मुस्लिम मतदाताओं के नाम काटे जाने की शिकायत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश के इस चुनाव में जहां भाजपा बनाम इण्डिया गठबंधन (कांग्रेस+समाजवादी पार्टी) चुनावी मुकाबला होने की संभावना थी वहीँ मायावती की बहुजन समाज पार्टी भी शुरू से ही अपनी डफली अलग ही बजा रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक इसे मायावती द्वारा भाजपा को लाभ पहुँचाने की कोशिश की नजर से भी देख रहे हैं। परन्तु पिछले दिनों असदुद्दीन ओवैसी की ए आई एम आई एम ने उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से लोकसभा सांसद और 'भीम आर्मी' के प्रमुख चंद्रेशखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) से चुनाव पूर्व समझौता कर उत्तर प्रदेश के राजनैतिक हल्कों में खलबली पैदा कर दी है। बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना पर जहां पहले भी चर्चा होती रही है वहीँ चुनाव नजदीक आने पर बने ओवैसी चंद्रशेखर के यह नये समीकरण व इसके द्वारा उठाये जाने वाले धर्मस्थल विध्वंस,लक्षित एस आई आर,अवैध घुसपैठ, धर्मांतरण, धार्मिक जुलूसों जैसे अनेक ऐतिहासिक विवादों पर तीखे बयान सामाजिक और साम्प्रदायिक संवेदनशीलता को और भी बढ़ा रहे हैं। गोया उत्तर प्रदेश के लगभग 19झ20% मुस्लिम मतदाताओं के रुझान को लेकर एक ओर जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन इस वोट बैंक को एकजुट रखने का प्रयास कर रहे थे वहीं असदुद्दीन ओवैसी के ए आई एम आई एम व चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) और बसपा जैसे दलों की सक्रियता से मुस्लिम वोटों के बंटवारे की संभावना बढ़ती दिखाई दे रही है। कुछ राजनैतिक विश्लेषक तो पहले ही असदुद्दीन ओवैसी को भाजपा के हितसाधक नेता के रूप में देखते आ रहे थे परन्तु अब इस सूची में चंद्रशेखर आजाद का नाम भी शामिल हो गया है। उधर भाजपा समर्थित बागेश्वर धाम प्रमुख धीरेन्द्र शास्त्री जोकि पहले भी अपने सम्प्रदायिकपूर्ण व विवादित बयानों के लिये चर्चा में बने रहते हैं उन्होंने पिछले दिनों 'हमारे राम तुम्हारे कृष्ण' जैसी बातें कर और साथ ही भगवान कृष्ण को लेकर अशोभनीय बातें कर समाज में रोष भड़का दिया है। इसके बाद बेशक धीरेन्द्र शास्त्री ने मुआफी मांग ली है परन्तु उनके समर्थन और विरोध को लेकर खिंची रेखायें साफ दिखाई दे रही हैं। इसके अतिरिक्त राज्य की राजनीति में ब्राह्मण लॉबी और राजपूत/ठाकुर असंतोष जैसे मुद्दे भी चर्चा में हैं। जबकि बहुजन समाज पार्टी के कोर जाटव वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए सपा, भाजपा और चंद्रशेखर की आजाद समाज पार्टी के बीच होड़ देखी जा रही है।

विपक्ष की एकता पर सीट बंटवारे का संकट

गौरतलब | अजय कुमार



कांग्रेस की ओर से पहले 181 सीटों की मांग की खबर आयी, फिर 130 और 120 सीटों के आसपास की दावेदारी सामने आयी। फासला साफ है। अखिलेश का तर्क है कि सीटें जीतने की सम्भावना के आधार पर मिलनी चाहिए। परन्तु, जीत का पैमाना कौन तय करेगा? क्या सपा अपने उम्मीदवारों को भी इसी कसौटी पर परखेगी? कांग्रेस की हालत भी किसी भ्रम में रहने लायक नहीं।

2027 की लड़ाई से पहले विपक्ष दिल्ली की बैठकों में उलझा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस भाजपा को हराने का दावा करती हैं, पर उनकी बातचीत का केंद्र जनता, बेरोजगारी या महंगाई नहीं, सीटों की गिनती और राजनीतिक हैसियत बन गई है। जिस गठबंधन को भाजपा के लिए चुनौती बनना था, वह अभी अपने भीतर भरोसा कायम नहीं कर पा रहा। यह कमजोरी भाजपा के लिए अवसर है। सपा ने कांग्रेस के सामने 26 सीटों का प्रस्ताव रखा है। कांग्रेस की ओर से पहले 181 सीटों की मांग की खबर आई, फिर 130 और 120 सीटों के आसपास की दावेदारी सामने आई। फासला साफ है। अखिलेश का तर्क है कि सीटें जीतने की संभावना के आधार पर मिलनी चाहिए। पर जीत का पैमाना कौन तय करेगा? क्या सपा अपने उम्मीदवारों को भी इसी कसौटी पर परखेगी? कांग्रेस की हालत भी किसी भ्रम में रहने लायक नहीं। 2022 में उसने 399 सीटों पर चुनाव लड़ा, सिर्फ दो जीतीं, उसका वोट प्रतिशत 2.33 रहा और 387 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई। ऐसे प्रदर्शन के बाद 120-130 सीटों का दावा आत्ममुग्धता लगता है। मगर 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने प्रदेश की 17 में से छह सीटें जीतीं और 9.46 प्रतिशत वोट पाए। सपा ने 62 में से 37 सीटें जीतकर 33.60 प्रतिशत मत हासिल किए। लोकसभा नतीजे विधानसभा की गारंटी नहीं, लेकिन कांग्रेस शून्य भी नहीं। दोनों दल अपने अनुकूल आंकड़े चुन रहे हैं। सपा की 26 सीटों वाली सूची में रामपुर खास और फरेंदा जैसी कांग्रेस की जीती सीटें हैं। मथुरा, खेरागढ़, जगदीशपुर और किदवई नगर वे क्षेत्र हैं जहां कांग्रेस दूसरे स्थान पर रही थी। बागपत, मोदीनगर, हापुड़, जेवर, स्याना, खुर्जा, खैर, इगलास, मांट, आगरा उत्तर, फतेहपुर सीकरी, बिलग्राम-मल्लावां, गोविंद नगर, नानपारा, गोरखपुर शहर, खजनी, पडरौना, फाजिलनगर, पिंडरा और वाराणसी कैंट भी प्रस्ताव में बताए गए हैं। कई क्षेत्रों में कांग्रेस के हजार-दो हजार वोट सपा के तर्क को बल देते हैं, पर जीत उम्मीदवार, समीकरण, संगठन और वोट हस्तांतरण से तय होगी। अखिलेश की सबसे बड़ी राजनीतिक भूल यह हो सकती है कि वह गठबंधन को साझेदारी नहीं, अधीनता समझ बैठें। पांच प्रत्याशियों की घोषणा बेहट से उमर अली खान, सहारनपुर से आशु मलिक, कैराना से नाहिद हसन, अमरोहा से महबूब अली और ललितपुर से ज्योति लोधी सीटों पर बातचीत के बीच हुई।

आज का इतिहास

- सन 1885 में पहली बार उल्कापिंड की तस्वीर ली गयी।
- देश के श्वेत क्रांति के जनक माने-जाने वाले वर्गीज कुरियन का 1921 में जन्म में हुआ।
- महान क्रिकेटर डॉन ब्रैडमैन ने 1932 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में दस हजार रन बनाये।
- नेशनल कैडेट कोर की 1948 में स्थापना हुई।
- देश का सर्वोच्च कानून हमारा संविधान 1949 में अंगीकार किया गया।
- आजाद भारत के संविधान पर 1949 में संविधान सभा के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किये।
- ब्रिटेन के ऊपरी सदन हाउस ऑफ लॉर्डस ने 1953 में आज ही के दिन में देश में व्यावसायिक टेलीविजन चैनल शुरू करने के लिए लाये गये प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।
- भारत में 1960 में पहली बार कानपुर एवं लखनऊ के बीच एसटीडी सेवा शुरू हुई।
- लिस्बन में 1967 में बादल फटने से करीब 450 लोग मरे।
- इराक एवं अमेरिका ने 1984 में कूटनीतिक संबंधों को पुनः स्थापित किया।
- ब्रिटेन की प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर ने 1990 में ब्रिटेन की महारानी को अपना इस्तीफा सौंपा था।
- सन 1992 में आज ही के दिन ब्रिटेन की संसद ने एक ऐतिहासिक फैसले में ये तय कि ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को अपनी आय पर कर देना होगा।
- मंगल ग्रह पर जीवन की सम्भावनाओं का पता लगाने के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने 1996 में अंतरिक्ष यान 'मार्स ग्लोबल सर्वेयर' को अंतरिक्ष में भेजा (07 नवम्बर); संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने इराक के संदर्भ में 'आयल फॉर फुड डील' प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया।
- पाक सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने 1997 में मुख्य न्यायाधीश को निलम्बित किया।

सुविचार

दुखियारों को हमदर्दी के आंसू भी कम प्यारे नहीं होते।
प्रेमचन्द

कुबेर भी यदि आय से अधिक व्यय करे, तो निर्धन हो जाता है।
चाणक्य

● किसने क्या कहा



होम्योपैथी के क्षेत्र में मजबूत अनुसंधान संस्कृति विकसित करने के लिए संस्थान मिल कर करें काम

द्रौपदी मुर्मू
राष्ट्रपति

असम में बनेंगी भारत की प्रमुख मिसाइलें, जागीरोड में स्थापित होगा डिफेंस पार्क



डॉ. हिमंत बिस्व सरमा
मुख्यमंत्री (असम)

अंकजाल - 8460

खाली स्थानों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर दाएँ से बाएँ एवं ऊपर से नीचे जोड़ना है जिसका सही उत्तर मटमैले रंग के खानों में दिया गया है.

	21	13	45	33			21	23	
21	9		7			5			14
23		2		5		8		5	20
	3		2		3		2		35
				7		5		8	36
33	9		3		5				
38		3		4		2		6	
14	3		7		8		5		29
13		6				6		7	25
7	20	15			27	44	18	21	

अंकजाल 8459 का हल

	25	19	23		31	19	16	11	
14	7	2	5		7	8	5	4	24
18	9	2	7		5	8	7	5	25
13	3	8	2		7	3	4	2	16
32	6	7	9	3	7				
				2	5	9	2	3	21
26	8	5	6	7		3	6	4	13
18	5	2	5	6		3	4	7	14
29	8	8	5	8		6	4	4	14
	21	15	16	26		21	16	18	

Jagrutidaur.com, Bangalore

ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों
एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है?
महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो?
वह बोला- नहीं जानता।
तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

● मदिरालय में चिकित्सा, अस्पताल में प्रतीक्षा ●



प्रो. आरके जैन

जिस देश में मरीज इलाज के लिए डॉक्टर के पीछे और डॉक्टर अपनी सुविधाओं के पीछे दौड़ता हो, वहां मध्यप्रदेश के सागर की पहल ने चिकित्सा का भूगोल ही बदल दिया। अब डॉक्टर अस्पताल में मरीज की प्रतीक्षा नहीं करेंगे, बल्कि शराब की दुकान पर (और चिन्हित लोगों के घरों पर भी) ग्राहक/आदतन सेवन करने वालों का इंतजार करेंगे। आखिर सरकार भी क्या करे, जिसे अस्पताल तक लाना मुश्किल हो, उसे उसके पसंदीदा ठिकाने पर ही स्वास्थ्य का पाठ पढ़ा दिया जाए! मदिरा की दुकान के बाहर डॉक्टर बैठेंगे, ग्राहक बोतल खरीदने आएगा तो पहले उसकी सेहत का हाल पूछा जाएगा। सरकारी चिकित्सा ने मरीज तक पहुंचने का नया रास्ता खोज लिया है। बस, इलाज तक पहुंचने का रास्ता अभी तलाशना बाकी है।

आबकारी और स्वास्थ्य विभाग की इस संयुक्त पहल के तहत मदिरा दुकानों पर नियमित शराब सेवन करने वालों की पहचान की जा रही है। जो लोग स्वेच्छा से स्वास्थ्य परीक्षण कराना चाहते हैं, उनकी जांच की जा रही है। उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। पहल का विचार अपनी जगह ठीक है, लेकिन सरकारी व्यवस्था का यह प्रयोग कई सवाल भी खड़े करता है। अस्पतालों में मरीजों को डॉक्टर और सुविधाओं के लिए इंतजार करना पड़ता है, मगर शराब की दुकान पर चिकित्सा की सुविधा खुद चलकर पहुंच गई। अब यह समझना मुश्किल है कि स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार हो रहा है या मरीजों की आदतों के हिसाब से सरकारी सुविधाओं के पते तय किए जा रहे हैं। इस मुहिम की पृष्ठभूमि में जिले में बीते तीन महीनों के दौरान शराब सेवन के बाद हुई मौतों की घटनाएं हैं। हाल ही में सागर (मप्र) के बंडा में दो और देवरी में एक (कुल तीन) लोगों की मृत्यु हुई। जांच में सामने आया कि इनमें शराब की भूमिका तो थी, लेकिन कई पीड़ित पहले से लिवर-किडनी की गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। यानी मौत का कारण बीमारी निकला, लेकिन व्यवस्था ने उसका समाधान मदिरा दुकान के बाहर खोजा। सवाल है कि जिन बीमारियों ने लोगों की जान ली, उनकी पहचान पहले क्यों नहीं हुई? क्या स्वास्थ्य केंद्रों में जांच की व्यवस्था इतनी कमजोर है कि बीमारी को पकड़ने के लिए मरीज का शराब की दुकान तक पहुंचना जरूरी हो गया? मौत के बाद कारण तलाशने से बेहतर होता कि बीमारी को समय रहते पहचान लिया जाता।

सरकारी व्यवस्था का अपना एक दिलचस्प ढर्रा है। कोई घटना हुई, जांच बैठी, अधिकारियों ने निर्देश दिए और फिर एक नया अभियान शुरू हो गया। कुछ दिनों तक गतिविधियां चलती हैं, तस्वीरें सामने आती हैं और उपलब्धियों का ब्योरा तैयार हो जाता है। लेकिन समस्या की जड़ अक्सर वहीं पड़ी रहती है। यहां भी डॉक्टर दुकान के बाहर बैठ गए, मगर असली सवाल यह है कि जांच में किसी व्यक्ति को गंभीर बीमारी निकल आए तो आगे क्या होगा? क्या उसे अस्पताल में उपचार मिलेगा? क्या नियमित चिकित्सकीय परामर्श और निगरानी होगी? क्या शराब छोड़ने के इच्छुक लोगों को आवश्यक सहायता मिलेगी? केवल बीमारी बता देना इलाज नहीं है। वरना सरकारी रजिस्टर में स्वास्थ्य सुधरता रहेगा और मरीज अपनी बीमारी के साथ घूमता रहेगा।

सरकारी नौकरी वाला दामाद चाहिए, तो दहेज की मांग पर कैसी चुप्पी?

गौरतलब | डॉ. सत्यवान सौरभ



सरकारी नौकरी वाला दामाद मिल जाये, तो परिवार स्वयं को भाग्यशाली समझता है। लेकिन, इसी मानसिकता के भीतर एक ऐसा विरोधाभास छिपा है, जिस पर समाज खुल कर चर्चा करने से बचता है। यदि लड़की पक्ष सरकारी नौकरीवाले दामाद को प्राथमिकता देता है और लड़के वाला पक्ष बदले में ब्रेजा, ऑडी या महंगी गाड़ी की मांग रख देता है, तो क्या इसे केवल उसकी व्यक्तिगत पसंद कह कर स्वीकार कर लिया जाना चाहिए? क्या विवाह वास्तव में दो परिवारों का मिलन है या योग्यताओं और सम्पत्तियों की नीलामी का कोई मंच?

भारतीय समाज में विवाह को दो व्यक्तियों के बीच जीवनभर के साथ, विश्वास और जिम्मेदारियों का संबंध माना गया है। लेकिन बदलते सामाजिक परिवेश में विवाह की पवित्रता पर बाजारवाद की ऐसी छाया पड़ी है कि रिश्तों का मूल्यांकन अब व्यक्ति के संस्कार, विचार, व्यवहार और मानवीय गुणों से अधिक उसकी नौकरी, वेतन, पद और आर्थिक हैसियत से होने लगा है। विवाह के लिए लड़के की तलाश करते समय लड़की पक्ष की पहली प्राथमिकताओं में सरकारी नौकरी, अच्छा वेतन, अपना मकान, जमीन-जायदाद और सामाजिक प्रतिष्ठा शामिल हो जाती हैं। सरकारी नौकरी वाला दामाद मिल जाए तो परिवार स्वयं को भाग्यशाली समझता है। लेकिन इसी मानसिकता के भीतर एक ऐसा विरोधाभास छिपा है, जिस पर समाज खुलकर चर्चा करने से बचता है। यदि लड़की पक्ष सरकारी नौकरी वाले दामाद को प्राथमिकता देता है और लड़के वाला पक्ष बदले में ब्रेजा, ऑडी या महँगी गाड़ी की माँग रख देता है, तो क्या इसे केवल उसकी व्यक्तिगत पसंद कहकर स्वीकार कर लिया जाना चाहिए? क्या विवाह वास्तव में दो परिवारों का मिलन है या योग्यताओं और संपत्तियों की नीलामी का कोई मंच? यह सवाल किसी एक परिवार, जाति, वर्ग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है। यह उस सामाजिक मानसिकता पर चोट करता है, जिसमें विवाह को धीरे-धीरे आर्थिक लेन-देन का माध्यम बना दिया गया है। विडंबना देखिए कि लड़की के माता-पिता अपनी बेटी के लिए सरकारी कर्मचारी दामाद इसलिए चाहते हैं कि उसका भविष्य सुरक्षित रहे, उसे आर्थिक परेशानियों का सामना न करना पड़े और समाज में उसे सम्मान मिले। उनकी यह इच्छा अपने आप में अनुचित नहीं है। प्रत्येक माता-पिता अपनी संतान के सुखद भविष्य की कामना करते हैं। लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब इसी सुरक्षा की तलाश में वे लड़के की नौकरी को उसके संपूर्ण व्यक्तित्व का प्रमाणपत्र मान लेते हैं। सरकारी नौकरी मिलते ही लड़के का सामाजिक मूल्य बढ़ जाता है और विवाह के बाजार में उसकी कथित कीमत भी निर्धारित होने लगती है। यहीं से दहेज की मानसिकता को खाद-पानी मिलता है। लड़के के परिवार को लगता है कि उनके बेटे ने प्रतियोगी परीक्षाएँ पास की हैं, वर्षों मेहनत की है, इसलिए विवाह में महँगी गाड़ी, नकदी, जमीन, फर्नीचर और अन्य सुविधाएँ माँगना उनका अधिकार है। दूसरी ओर लड़की का परिवार भी अपनी सामाजिक हैसियत और प्रतिष्ठा बचाने के लिए इन माँगों को पूरा करने की कोशिश करता है। कोई ब्रेजा को प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेता है तो किसी की निगाह ऑडी पर टिक जाती है। माँग पूरी न होने पर रिश्ते टूट जाते हैं और कई बार लड़की के माता-पिता अपनी आर्थिक क्षमता से बाहर जाकर कर्ज तक उठा लेते हैं। सवाल यह है कि जिस सरकारी नौकरी को बेटी के सुरक्षित भविष्य की गारंटी समझा गया था, क्या उसी नौकरी के नाम पर उसके माता-पिता को आर्थिक बोझ तले दबाना उचित है?

राशिफल

मेष अपने हितैषी समझे जानेवाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। नये-नये व्यापारिक अनुबंध होंगे। समय अच्छा है।	**तुला** योजना क्रियान्वन के लिए समय अच्छा व सकारात्मक परिणाम देनेवाला बन रहा है। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जायेगा।
वृष आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें।	**वृश्चिक** व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। सचेत रहें।
मिथुन शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।	**धनु** लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास होंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।
कर्क शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जायेगा।	**मकर** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी।
सिंह आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कार्यक्षेत्र में खुशनुमा माहौल बनेगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।	**कुंभ** मनोरंजन के साधनों पर धन-व्यय होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। समय ठीक है।
कन्या भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। समय अच्छा है।	**मीन** सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी।

स्वामित्व दिग्विजय सिंह के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक आलोक कुमार सिन्हा द्वारा एवी पब्लिशर्स, 220 माखिजा हाउस, ओल्ड एचबी रोड, नियर कोकर बाजार, कोकर, रांची, 834001 से प्रकाशित एवं **एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड**, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची 835222 से मुद्रित। आर.एन.आई.सं : **JHAHIN2009/32423, प्रबंध सम्पादक** : नागेंद्र नारायण सिंह, **सम्पादक (झारखंड)** : विष्णु शंकर उपाध्याय* । दूरभाष 0651-3501612, 8825197097, 9431343365, 8863906660
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरवी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

बाल सुरक्षा सप्ताह के तहत गढ़वा जिले के विद्यालयों में चला जागरूकता अभियान

बच्चों की सुरक्षा पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी : डीआरजी

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

खरौंधी (गढ़वा) : बच्चों की सुरक्षा, उनके अधिकारों तथा सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण के निर्माण को लेकर 19 से 25 नवंबर 2026 तक बाल सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया। इसके तहत खरौंधी प्रखंड सहित गढ़वा जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। यह अभियान जिला शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा एवं जिला स्वास्थ्य समिति, गढ़वा के संयुक्त प्रयास से विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम (SHWP) के अंतर्गत संचालित किया गया। इसमें सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज (सी3) ने तकनीकी सहयोग प्रदान किया। सी3 के जिला कार्यक्रम पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के बच्चों को उनके अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा और सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूक करना था। विद्यार्थियों को हिंसा, शोषण, साइबर बुलिंग तथा इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचाव की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि बच्चों को जागरूक बनाकर ही सुरक्षित और सशक्त भविष्य की नींव रखी जा सकती है। वहीं, खरौंधी प्रखंड के डीआरजी अरविंद कुमार गुप्ता ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा केवल परिवार की नहीं, बल्कि विद्यालय और पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। बच्चों को अच्छे और बुरे स्पर्श की पहचान, बाल अधिकार तथा किसी भी तरह के दुर्व्यवहार के खिलाफ बिना डर अपनी बात रखने के लिए जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग और आत्मविश्वासी होना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूतों द्वारा मॉड्यूल-10 हिंसा एवं चोट से सुरक्षा तथा मॉड्यूल-11 इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किए गए। इसके साथ ही विद्यालयों में पेंटिंग, स्लोगन लेखन, चित्रांकन एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास, आत्मरक्षा और सुरक्षित व्यवहार की भावना विकसित करने का प्रयास किया गया।

- जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 6 से 12वीं तक के विद्यार्थियों को बाल अधिकार, व्यक्तिगत सुरक्षा और साइबर अपराध के प्रति किया गया जागरूक



सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग शुरू, उद्घाटन मैच में स्ट्राइकर ने शेरशाह येलो को हराया

फ्रीडम फाइटर संवाददाता



लातेहार : जिला खेल स्टेडियम में बुधवार को सुपर डिवीजन क्रिकेट लीग 2026 का शुभारंभ हुआ। नगर पंचायत अध्यक्ष महेश सिंह और भारत सरकार की ब्रिज एंड रूफ कंपनी के निदेशक प्रदीप कुमार उपाध्याय ने संयुक्त रूप से खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर तथा बल्लेबाजी कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में महेश सिंह ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। उन्होंने सभी टीमों से बेहतर प्रदर्शन करने की अपील की और जिला व राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में लातेहार का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उद्घाटन मुकाबला शेरशाह येलो और स्ट्राइकर के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी शेरशाह येलो की टीम ने सभी विकेट गंवाकर 143 रन बनाए। स्ट्राइकर की ओर से शाहिल विलसन ने दो विकेट लेकर गेंदबाजी में अहम योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्ट्राइकर की टीम ने श्रवण महली की शानदार बल्लेबाजी के दम पर आठ विकेट खोकर 147 रन बनाए और दो विकेट से जीत दर्ज की। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्ट्राइकर के शाहिल विलसन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्हें जिला क्रिकेट संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन संघ के सचिव अमलेश कुमार सिंह ने किया। मौके पर संघ के उपाध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद, विष्णुदेव प्रसाद गुप्ता, संयुक्त सचिव जावेद अख्तर, लीग संयोजक प्रकाश कुमार, सदस्य नीरज कुमार सिंह, दिलीप कुमार प्रसाद, उमाकांत प्रसाद, प्रमोद कुमार सहित कई खेल प्रेमी मौजूद थे।

एक झलक

चोटहंसा में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन

चैनपुर : प्रखंड के चोटहंसा गांव में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता किशोर कुमार पांडेय शामिल हुए। उन्होंने पूजन-अर्चन कर संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर किशोर पांडेय ने कहा कि यज्ञ से वातावरण शुद्ध होता है तथा समाज में सद्भाव और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। यज्ञ स्थल पर भक्तों की श्रद्धा, भजन-कीर्तन और जय श्रीमन नारायण के जयघोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। उन्होंने भगवान श्री लक्ष्मी नारायण से क्षेत्रवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। साथ ही यज्ञ समिति के अध्यक्ष, सचिव एवं सभी पदाधिकारियों को सफल आयोजन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

कमरे में फंदे पर लटका मिला महिला का शव

पलामू : पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर शहर थाना क्षेत्र के बैरिया में बाजार समिति गेट के सामने एक मकान में एक महिला का शव बुधवार सुबह फंदे पर लटका मिला। महिला पति से अलग दूसरे कमरे में बच्चों के साथ सोई हुई थी। मां को फंदे पर लटका देख बच्चे के रोने पर घटना की जानकारी बुधवार सुबह तीन बजे के बाद हुई। परिजनों ने घटना की सूचना 112 के माध्यम से पुलिस को दी। पुलिस जांच में जुटी है। महिला की पहचान पूजा देवी (30) पति अमित कुमार के रूप में हुई। घटना की जानकारी मिलने पर महिला के पिता नगर ऊंटारी निवासी भरत कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से मामले में निष्पक्ष जांच कर स्थिति स्पष्ट करने की मांग की है। पिता नगर ऊंटारी के एसडीओ के ड्राइवर हैं। जानकारी के अनुसार हर दिन की तरह पूजा देवी अपने दो बच्चे एक बेटे एवं एक बेटी को लेकर अलग कमरे में सोई थी। सुबह करीब 3:00 बजे बेटे ने मां के शव को फंदे पर लटका देखा। रोने पर पति सहित घर के अन्य सदस्यों की नींद खुली। बाद में करीब साढ़े तीन बजे इसकी सूचना 112 के माध्यम से पुलिस को दी गई।

खौलते पानी में गिर कर 3.5 वर्षीय बच्ची जख्मी, रेफर

भवनाथपुर : भवनाथपुर ब्लॉक गेट के समीप रहने वाले दिनेश कुमार की साढ़े तीन वर्षीया पुत्री दीपशिखा कुमारी खौलते पानी में गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। घटना के बाद परिजनों ने आनन-फानन में बच्ची को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद बेहतर इलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार बच्ची को नहलाने के लिए उसकी मां बाथरूम में गर्म पानी से भरा टब रख रही थी। इसी दौरान बच्ची अचानक फिसलकर टब में रखे गर्म पानी में गिर गई। घटना में बच्ची झुलस गई। हादसे के बाद घर में अफरा-तफरी मच गई। परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर चिकित्सा के लिए रेफर कर दिया।

संचार साथी पोर्टल से लातेहार पुलिस ने खोज निकाले 18 गुम मोबाइल, मालिकों को लौटाये



- साइबर सेल की तकनीकी मदद से मिली सफलता

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : मोबाइल फोन गुम होने के बाद उसे वापस पाने की उम्मीद छोड़ चुके लोगों के लिए लातेहार पुलिस ने राहत भरी पहल की है। पुलिस ने तकनीकी संसाधनों और साइबर सेल की मदद से 18 गुम मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए। लंबे समय से अपने खोए मोबाइल की तलाश कर रहे लोगों को फोन वापस मिलने से चेहरे पर खुशी लौट आई। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निर्देश पर साइबर सेल की टीम गुम मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए लगातार काम कर रही है। इसके लिए संचार साथी पोर्टल की मदद ली जा रही है। तकनीकी माध्यम से गुम मोबाइल फोन की जानकारी जुटाकर उन्हें ट्रेस करने और बरामद करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने 18 मोबाइल फोन बरामद करने में सफलता हासिल की। बुधवार को लातेहार पुलिस ने बरामद सभी 18 मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए। मोबाइल वापस मिलने से लोगों को आर्थिक नुकसान से राहत मिली। साथ ही पुलिस की इस पहल से आम नागरिकों में भरोसा भी बढ़ा है कि गुम हुए मोबाइल की शिकायत दर्ज कराने पर उसकी बरामदगी के लिए प्रयास किए जा सकते हैं। पुलिस का कहना है कि मोबाइल फोन आज लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी का अहम हिस्सा बन चुका है। इसमें निजी जानकारी, जरूरी दस्तावेज, बैंकिंग से जुड़ी सूचनाएं और संपर्क नंबर सहित कई महत्त्वपूर्ण जानकारियां रहती हैं।

शिरडी साईं पालकी यात्रा का लातेहार में स्वागत

रामनाथ अग्रवाल ने श्रद्धालुओं के लिए किया भोजन व ठहरने का इंतजाम

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : रांची से महाराष्ट्र के शिरडी साईं मंदिर के लिए निकली पालकी एवं पदयात्रा का लातेहार में स्वागत किया गया। श्री राम वाटिका होटल में यात्रियों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई। होटल संचालक रामनाथ अग्रवाल ने श्रद्धालुओं की सेवा कर उनके सफर में सहयोग दिया। पालकी यात्रा बुधवार की रात करीब 12 बजे उदयपुरा से रिसीव कर श्री राम वाटिका लाया गया। यहां पदयात्रियों और पालकी के साथ चल रहे श्रद्धालुओं के स्वागत की व्यवस्था की गई थी। रामनाथ अग्रवाल की ओर से सभी यात्रियों के सम्मान में रात्रि भोज आयोजित किया गया। साथ ही उनके ठहरने की विशेष व्यवस्था की गयी, ताकि लंबी यात्रा के बाद श्रद्धालु आराम कर सकें। श्रद्धालुओं ने रामनाथ अग्रवाल के इस सहयोग और आत्मीय व्यवहार की सराहना की। यात्रा में शामिल लोगों ने कहा कि रास्ते में इस तरह का सहयोग और अपनापन मिलने से यात्रियों को नई ऊर्जा मिलती है। लातेहार में मिले आतिथ्य ने उनके सफर को यादगार बना दिया। गुरुवार सुबह नाश्ते के बाद पालकी यात्रा को आगे के लिए रवाना किया गया। रामनाथ अग्रवाल ने विधिवत नारियल फोड़कर पालकी और पदयात्रियों को विदाई दी तथा सभी की सुखद, सुरक्षित और सफल यात्रा की कामना की। इस पदयात्रा में साईं मनीष की मंडली शामिल है। रांची से शिरडी के लिए निकली यह यात्रा विभिन्न स्थानों से गुजरते हुए श्रद्धालुओं के बीच भक्ति और आस्था का संदेश दे रही है।



घर के बाहर खड़ी सवारी गाड़ी को आग के हवाले किया, जल कर राख

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : घर के बाहर खड़ी सवारी गाड़ी को मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने आग लगा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरी गाड़ी जलकर राख हो गई। घटना गारू थाना क्षेत्र के सरयू प्रखंड अंतर्गत तेतरटोला गांव की है। घटना के बाद गाड़ी मालिक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। गाड़ी मालिक रामधनी उरांव ने बताया कि उनकी करीब पांच साल पुरानी सवारी गाड़ी सरयू से लातेहार के बीच चलती थी। मंगलवार शाम चालक गाड़ी चलाकर लौटने के बाद घर के समीप खड़ी कर चला गया था। रात करीब 11 से 12 बजे के बीच अचानक शोर-शराबे की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनकर उनकी नींद खुली और वह घर से बाहर निकले। बाहर का दृश्य देखकर वह दंग रह गए। उनकी गाड़ी आग की लपटों में घिरी हुई थी। उन्होंने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया और आसपास के लोगों को भी मदद के लिए बुलाया, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण उस पर काबू नहीं पाया जा सका। देखते ही देखते गाड़ी पूरी तरह जल गई।



- गाड़ी मालिक ने शोर सुन कर बाहर देखा, तो वाहन आग की लपटों में घिरा था, पुलिस ने शुरू की जांच

जन समाधान दिवस में उमड़ी फरियादियों की भीड़

डीसी ने दिये 15 दिनों में कार्रवाई के निर्देश

- उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं
- सम्बन्धित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन के दिये निर्देश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जन समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने बारी-बारी से सभी की समस्याएं सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को जांच कर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त श्री शेखावत ने पदाधिकारियों को जन शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करते हुए 15 दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजनों की समस्याओं का समयबद्ध एवं पारदर्शी समाधान जिला प्रशासन की प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जन समाधान दिवस में मुख्य रूप से भूमि विवाद, अवैध एलपीसी, अतिक्रमण, दाखिल-खारिज, रास्ता अवरुद्ध करने, आवास योजना की किस्त, सेविका चयन में अनियमितता, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आपूर्ति से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं।

पलामू पुलिस ने 79 लोगों को लौटाये गुम मोबाइल

मेदिनीनगर : पलामू पुलिस ने गुम मोबाइल फोन की बरामदगी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बुधवार को 79 मोबाइल फोन उनके सत्यापित वास्तविक धारकों को सौंपे। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर उएक्स पोर्टल की मदद से तकनीकी विश्लेषण कर विभिन्न थाना क्षेत्रों से मोबाइल बरामद किए गए। बरामद अधिकांश मोबाइल पिछले दो माह के दौरान गुम हुए थे। वास्तविक स्वामियों का सत्यापन करने के बाद उन्हें मोबाइल वापस किए गए। मोबाइल मिलने पर लोगों ने पलामू पुलिस के प्रति आभार जताया। थानावार बरामदगी में छतरपुर से 22, शहर थाना से 12, सदर से 10, सतबरवा से पांच, चैनपुर और नावाजयपुर से चार-चार, जबकि लेस्लीगंज, पिपरा, नौडीहा बाजार, हैदरनगर और पाटन से तीन-तीन मोबाइल शामिल हैं।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन पहुंचे लातेहार के मंगरा गांव, विधायक रामचंद्र सिंह के सुपुत्र चि. विजय बहादुर सिंह के वैवाहिक कार्यक्रम में हुए सम्मिलित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी-सह-विधायक कल्पना सोरेन के साथ बुधवार को लातेहार जिले के बरवाडीह स्थित मंगरा गांव पहुंचे। मुख्यमंत्री यहां मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचन्द्र सिंह के सुपुत्र चि. विजय बहादुर सिंह के शुभ विवाह समारोह में सम्मिलित हुए। इस मांगलिक कार्यक्रम के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन एवं विधायक कल्पना सोरेन ने विजय बहादुर एवं आयु. कुमारी महिमा (नवदम्पती वर-वधू) को स्नेह एवं आशीर्वाद प्रदान करते हुए उनके नवजीवन की सुखद शुरूआत की मंगलकामना की। साथ ही, नवदम्पती के जीवन में सुख, समृद्धि, प्रेम, सद्भाव और खुशहाली सदैव बनी रहे, इसकी कामना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने विधायक तथा उनके परिवार के अन्य सदस्यों एवं सगे-संबंधियों से आत्मीय मुलाकात कर खुशी जाहिर की और परिवारजनों को भी इस मांगलिक कार्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं, स्थानीय आम नागरिकों का अभिवादन किया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को मंगरा गांव पहुंचने पर हैलिपैड पर स्थानीय प्रशासन द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर किया गया तथा स्वागत किया गया। मौके पर प्रमण्डलीय आयुक्त कुमूद सहाय, पलामू क्षेत्र के डीआईजी किशोर कौशल, लातेहार उपायुक्त संदीप कुमार एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव आदि पदाधिकारीगण, स्थानीय जन प्रतिनिधिगण एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।



सादगी और प्रकृति के बीच बौद्ध रीति से सम्पन्न हुआ विवाह



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सुरक्षा अधिकारी एवं आत्मीय अभिभावक बिपिन रजक की पुत्री हर्षा का विवाह गढ़वा निवासी मनोज के साथ पतरातू स्थित लेक रिसॉर्ट्स में बौद्ध रीति-रिवाज से संपन्न हुआ। प्रकृति के खूबसूरत वातावरण में आयोजित समारोह की खासियत सादगी और आत्मीयता रही। पारंपरिक शहनाई की मधुर धुन, आकर्षक सजावट, बेहतर व्यवस्था और स्वादिष्ट व्यंजनों ने समारोह को यादगार बनाया। इस अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई वरिष्ठ नेता, मंत्री और विधायक सहित अनेक गणमान्य लोग नवदंपति को आशीर्वाद देने पहुंचे। समारोह में बिपिन रजक से आत्मीय मुलाकात हुई। नवदंपति को पुष्पगुच्छ भेंट कर सुखी, समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। समारोह ने यह संदेश दिया कि विवाह की वास्तविक भव्यता आडंबर और दिखावे में नहीं, बल्कि संस्कार, पारिवारिक अपनत्व और आत्मीयता में होती है।

नौडीहा बाजार प्रखंड परिसर में गरिमा केन्द्र (जेंडर रिसोर्स सेंटर) का भव्य उद्घाटन

महिलाओं को मिलेगा न्याय और अधिकारों का नया मंच



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

मेदिनीनगर : नौडीहा बाजार (पलामू)। नौडीहा बाजार प्रखंड कार्यालय परिसर में आज गरिमा केंद्र (Gender Resource Centre – GRC) का भव्य उद्घाटन किया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना, लैंगिक भेदभाव को समाप्त करना तथा महिला उत्पीड़न, घरेलू हिंसा और शोषण से जुड़ी समस्याओं के समाधान में सहयोग प्रदान करना है। कार्यक्रम में नौडीहा बाजार के उड संजय कुमार सिंह एवं थाना प्रभारी नीरज कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा IPRP अरुण कुमार जी, उपद्ध प्रमिला देवी, नमिता देवी, नामुदाग क्लस्टर की अध्यक्ष बृंदा देवी, सचिव अनीता देवी, कोषाध्यक्ष पूनम देवी, मैनेजर दौलती देवी एवं टक्र संगीता कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर उड संजय कुमार सिंह ने जेंडर जस्टिस सेंटर के उद्देश्य एवं महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं थाना प्रभारी नीरज कुमार ने महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं न्याय सुनिश्चित करने में गरिमा केंद्र की भूमिका के बारे में जानकारी दी। वहीं प्रमिला देवी एवं नमिता देवी ने गरिमा केंद्र की कार्यप्रणाली, उद्देश्य और महिलाओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से बताया। गरिमा केंद्र महिलाओं के लिए एक ऐसा मंच बनेगा, जहां वे अपनी समस्याओं को खुलकर रख सकेंगी और उचित मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त कर सकेंगी।

अवैध बालू ढुलाई पर प्रशासन की सख्ती नदी जानेवाले रास्तों पर खोदी जा रही खाई

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लातेहार : अवैध बालू कारोबार पर लगाम लगाने के लिए जिला प्रशासन ने अब रास्ते बंद करने की रणनीति अपनाई है। नदी घाटों तक बालू उठाव के लिए पहुंचने वाले ट्रैक्टरों को रोकने के उद्देश्य से खनन विभाग ने विभिन्न रास्तों पर ट्रेंच खोदनी शुरू कर दी है। बुधवार को चंदवा थाना क्षेत्र के देवनद समेत अन्य नदियों तक जाने वाले रास्तों पर खाई खोदकर ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकी गई। ज्ञात हो कि जिला टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त संदीप कुमार और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने अवैध खनन एवं खनिजों के गैरकानूनी परिवहन पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद खनन विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इससे पहले औरंगा नदी के आसपास भी बालू उठाव के लिए इस्तेमाल होने वाले रास्तों पर ट्रेंच खोदी गई थी। जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी के अनुसार, नदी घाटों तक ट्रैक्टरों की पहुंच रोकने के लिए रास्तों को अवरुद्ध किया जा रहा है।



- ट्रैक्टरों की आवाजाही रोकने के लिए देवनद समेत अन्य नदी घाटों के रास्ते बंद, अवैध खनन के खिलाफ अभियान तेज

खेत बचाओ अभियान को लेकर डंडई में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

किसानों को दी गयी खेती की नयी तकनीकों की जानकारी

- कम लागत में अधिक पैदावार और खेतों की उर्वरा शक्ति बनाये रखने पर दिया गया जोर



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

डंडई/गढ़वा : बीडीओ देवलाल करमाली की उपस्थिति में बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार भवन मे खेत बचाओ अभियान के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रमेश सिंह, बीटीएम सत्येंद्र कुमार, एटीएम सत्य प्रकाश, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष तेज बहादुर सिंह सहित प्रखंड क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बीडीओ ने कहा कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को खेती करने के बेहतर तौर-तरीकों की जानकारी देना है। उन्होंने कहा कि किसानों को खेतों की उर्वरा शक्ति बनाए रखने के साथ-साथ आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी हासिल करनी चाहिए। महंगाई के इस दौर में खेती-किसानी करना चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में किसानों को कम लागत में बेहतर पैदावार प्राप्त करने के उद्देश्य से खेती करनी चाहिए। वहीं, बीटीएम सत्येंद्र कुमार ने खेत बचाओ अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने किसानों को खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरा शक्ति बनाए रखने के साथ बेहतर उत्पादन के लिए वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने की जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही फसलों को नुकसान से बचाने के लिए कृषि विभाग की सलाह के अनुसार उचित कीटनाशक दवाओं के इस्तेमाल पर भी जोर दिया। उन्होंने किसानों से खेती में नई तकनीकों की जानकारी लेकर उसका उपयोग करने की अपील की,ताकि खेतों की सेहत बरकरार रहने के साथ फसलों का उत्पादन भी बेहतर हो सके। इससे पहले किसानों के बीच विभाग की ओर से रजिस्टर और पेन भी वितरण किया गया ताकि वे सभी गुणात्मक बातों को उसमें अंकित कर इसका अध्ययन घर पर भी बैठकर अच्छी तरीके से कर सकें। मौके पर उत्तिम देव प्रजापति, श्याम लाल विश्वकर्मा, सुदामा प्रजापति, पवन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

ताला काट कर 72 हजार की कोल्ड ड्रिंक ले उड़े चोर

पूर्वी सिंहभूम : पूर्वी सिंहभूम जिले के पोटका थाना क्षेत्र में चोरों ने एक गोदाम को निशाना बनाते हुए करीब 72 हजार रुपये मूल्य की कोल्ड ड्रिंक चोरी कर ली। घटना हाता स्थित साईं मंदिर के समीप की है। मंगलवार की रात चोरों ने गोदाम के दरवाजे पर लगे ताले और सिक्कड़ को काटकर अंदर प्रवेश किया और वहां रखी रेड बुल कोल्ड ड्रिंक की 30 पेटियां लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी बुधवार को पीड़ित दुकानदार विजय माहेश्वरी और उनके पुत्र ने दी। उन्होंने बताया कि चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से पहले गोदाम के दरवाजे का ताला और सिक्कड़ काटा। इसके बाद अंदर रखी कोल्ड ड्रिंक की 30 पेटियां चोरी कर लीं। चोरी किए गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई गई है।

एक झलक

पति-पत्नी के विवाद में दो महिलाओं की हत्या

गुमला : दो महिलाओं की हत्या के सनसनीखेज मामले ने इलाके में दहशत फैला दी है।जानकारी के अनुसार, विंध्याचल नगर नदी टोली निवासी 28 वर्षीय मिनी प्रिया पति शिव शंकर साहू और 20 वर्षीय राधिका कुमारी, पति नवीन साहू की हत्या उनके पतियों द्वारा किए जाने का आरोप है। दोनों महिलाओं के शव को सिमडेगा थाना क्षेत्र के वीरू जंगल में दफनाने की बात सामने आई है।बताया जाता है कि दोनों दंपतियों के बीच लंबे समय से वैवाहिक संबंध ठीक नहीं चल रहे थे,जिसको लेकर शनिवार को दोनों ही पक्ष के बीच आपसी समझौता कुछ लोगों की मौजूदगी में हुआ,इसके बाद दोनों अपने-अपने पत्नियों को लेकर शमसेरा अपने घर चले गए,सोमवार को सुबह को परिजनों से आखरी बार फोन पर संपर्क हुआ था।तब तक सभी ठीक थे लेकिन इसके बाद किसी बात को लेकर विवाद शुरू हुआ और मारपीट के साथ ही नौबत हत्या तक आ गई। जिसके बाद साक्षय छिपाने की नीयत से शिव शंकर जो सदर अस्पताल का एम्बुलेंस चालक है उसने एंबुलेंस से दोनों महिलाओं के शव को ले जाकर सिमडेगा जिला के वीरू जंगल में ले जाकर दफन का दिया और शिव शंकर नवीन साहू के साथ अपने सात वर्षीय पुत्र को लेकर गुमला थाना पहुंचकर गुमराह करने का कोशिश करने लगा और गुमसूदगी की बात बताई। लेकिन पुलिस के कड़ी पूछताछ से उसने हत्या की बात को स्वीकारी इसके बाद मंगलवार की रात को गुमला पुलिस जंगल में पहुंचकर शव खोजने की कोशिश की लेकिन पुलिस को कोई सुराग हाथ नहीं लगा।

रायडीह में दो अलग-अलग सड़क हादसे, साइकिल सवार वृद्ध समेत दो घायल

रायडीह : थाना क्षेत्र में मंगलवार की शाम अलग-अलग स्थानों पर हुए दो सड़क हादसों में दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।पहली घटना सीलम ढलान के समीप की है। यहां कुलमुंडा बेरी टोली निवासी 55 वर्षीय विकास लकड़ा गुमला से साइकिल पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। हादसे में विकास लकड़ा के सीने और कमर में गंभीर चोट लगी है। परिजनों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं दूसरी घटना बांसडीह घाटी के समीप हुई। पाकर टोली निवासी 32 वर्षीय हेमंत कुजूर गुमला से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सड़क पर अचानक नशे की हालत में एक व्यक्ति आ गया। उसे बचाने के प्रयास में हेमंत बाइक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े। हादसे में उनकी जांघ में गंभीर चोट लगी है। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

मवेशी चरा कर लौट रहे 66 वर्षीय बुजुर्ग को अज्ञात बाइक सवार ने मारी टक्कर

गुमला : जिले के पालकोट थाना क्षेत्र के हसदौन गांव में सड़क हादसे में 66 वर्षीय बुजुर्ग घूरन गोप गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सोमवार शाम की है।मिली जानकारी के अनुसार, घूरन गोप मवेशी चराने के लिए सेमरा जंगल की ओर गए थे। शाम को मवेशियों को लेकर घर लौटने के दौरान सड़क पार कर रहे थे। इसी बीच पालकोट कि ओर से तेज रफ्तार में आ रहे एक अज्ञात बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।हादसे में घूरन गोप का दाहिना पैर टूट गया, जबकि कंधे में भी गंभीर चोट लगी। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें घर पहुंचा दिया। परिजनों की जानकारी नहीं होने के कारण शुरूआत में घर पर ही उनका इलाज किया गया।हालत बिगड़ने पर पड़ोसियों को इसकी जानकारी दी गई। इसके बाद मंगलवार शाम करीब सात बजे उन्हें गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

रबी फसलों के अधिकाधिक उत्पादन व किसानों की आय बढ़ाने पर जोर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : जिला कृषि विभाग, गुमला के तत्वावधान में आज कृषि कार्यालय परिसर में जिला स्तरीय रबी कर्मशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त दिलेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन तथा जिला परिषद उपाध्यक्ष संयुक्त देवी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कृषि विभाग सहित उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, भूमि संरक्षण एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए किसानों को रबी मौसम में फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने, उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषि एवं संबद्ध योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही किसानों को योजनाओं



का लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया से भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त दिलेश्वर महतो ने कहा कि रबी कर्मशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों को आगामी रबी मौसम में अधिकाधिक क्षेत्र में खेती करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा उन्हें उन्नत बीज, कृषि तकनीक एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिले के किसान इस बार अपने खेतों को खाली नहीं रखें और खरीफ के बाद रबी फसलों की खेती को भी प्राथमिकता दें। सरकार एवं जिला प्रशासन की ओर से किसानों को आवश्यक बीज एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने प्राकृतिक एवं जैविक खेती के महत्व पर विशेष जोर देते हुए कहा कि रासायनिक खाद एवं कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है, जिसका प्रतिकूल असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ रहा है।

उपायुक्त ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि केवल खरीफ मौसम में धान की खेती तक सीमित न रहें, बल्कि उपलब्ध जल स्रोतों एवं सिंचाई सुविधाओं का उपयोग कर रबी मौसम में भी अधिक से अधिक खेती करें। वहीं उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन ने अपने संबोधन में एकीकृत कृषि प्रणाली को अपनाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न विभागीय योजनाएं एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। किसान यदि इन योजनाओं का समन्वित रूप से लाभ उठाते हैं, तो उनकी आय में वृद्धि के साथ-साथ कृषि व्यवस्था भी अधिक टिकाऊ बन सकती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि भूमि संरक्षण विभाग के माध्यम से निर्मित तालाब का उपयोग सिंचाई के साथ-साथ मत्स्य पालन के लिए भी किया जा सकता है। उप विकास आयुक्त ने मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला।

युवाओं को रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से नगर भवन गुमला में रोजगार मेला आयोजित

20 से अधिक कम्पनियों ने लिया हिस्सा



गुमला : झारखंड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर जिला नियोजनालय-सह-मॉडल कैरियर सेंटर, नगर भवन, गुमला में स्थानीय अभ्यर्थियों के लिए रोजगार मेला-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त दिलेश्वर महतो एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त अनिमेष रंजन उपस्थित रहे। रोजगार मेले में 20 से अधिक विभिन्न निजी कंपनियों एवं प्रतिष्ठानों ने भाग लेकर स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए।इस रोजगार मेले में मुथूत माइक्रोफिन लिमिटेड, गुमला प्राइवेट आईटीआई, आईडीएफसी फर्स्ट भारत, साहू नर्सिंग होम गुमला, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड, आदित्य बिरला सन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक, फ्रेंड्स मोटराड गुमला, क्वेस कॉर्प लिमिटेड (टाटा मोटर्स एवं एमआरएफ के लिए नियुक्ति), प्रेमसंस बजाज एलएलपी, आर्यन स्टील्स नागपुर, अंकित एंटरप्राइजेज गुमला, ब्लिंकिट कंपनी, एसआईएस लिमिटेड, भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), गुमला शाखा तथा पैन आईआईटी रीच फॉर झारखंड फाउंडेशन सहित विभिन्न कंपनियों एवं संस्थानों ने अपने स्टॉल लगाए।

उड़ान से विद्यार्थियों को मिली भविष्य की नयी दिशा

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झुमरी तिलैया : विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा उन्हें उच्च शिक्षा और भविष्य के करियर विकल्पों से परिचित कराने के उद्देश्य से कैपिटल विश्वविद्यालय, कोडरमा की विशेष शैक्षणिक पहल उड़ान (UDAAN) के अंतर्गत सेक्रेड हार्ट स्कूल, झुमरी तिलैया के विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय परिसर का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ मदन कुमार सैनी, वाइस चांसलर डॉ. प्रमोद कुमार एवं रजिस्ट्रार डॉ. अजीत सिंह से मुलाकात की और उनके साथ संवाद किया। विद्यार्थियों ने उच्च शिक्षा, विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों, आधुनिक तकनीक, अनुसंधान एवं भविष्य में उपलब्ध करियर की संभावनाओं से संबंधित कई



महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और निरंतर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की आधुनिक प्रयोगशालाओं, हाईटेक कंप्यूटर लैब, पुस्तकालय, विभिन्न शैक्षणिक विभागों तथा भव्य ऑडिटोरियम का अवलोकन किया। उन्होंने विश्वविद्यालय की अत्याधुनिक सुविधाओं और प्रयोगात्मक शिक्षण पद्धति को करीब से समझा। इस अनुभव ने विद्यार्थियों में विज्ञान, तकनीक, नवाचार और उच्च शिक्षा के प्रति विशेष उत्सुकता पैदा की। विद्यालय की ओर से इस शैक्षणिक भ्रमण में शिक्षक सत्येंद्र सिंह, प्रियंका बिस्वास, विक्रम कुमार एवं विकास थापा उपस्थित रहे।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि विद्यार्थियों को वास्तविक दुनिया की चुनौतियों, नए अवसरों और संभावनाओं से भी परिचित कराना आवश्यक है।

रांची में 27 को जुटेंगे राज्यभर के संवेदक, चतरा संघ भी लेगा हिस्सा

चतरा : झारखंड कान्ट्रेक्टर एसोसिएशन की ओर से 27 नवंबर को रांची के मोरहाबादी स्थित मंगलम गार्डन में राज्यस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। इसमें चतरा जिला संवेदक संघ के सदस्य भी शामिल होंगे। बैठक को लेकर जिला संघ ने जिले के सभी संवेदकों से एकजुट होकर भाग लेने की अपील की है। सभी संवेदकों को सुबह 11 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। बैठक में राज्यभर के संवेदक अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से उठाएंगे। इसमें सरकारी विभागों में लंबे समय से लंबित भुगतान, निविदा प्रक्रिया में आ रही परेशानियों और कार्यादेश जारी करने में होने वाली देरी जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होगी।

गुमला के शिक्षक अमृत कुमार मेटे के कार्यों पर बनी डॉक्यूमेंट्री, गुरुवार को डीडी झारखंड पर होगा प्रसारण

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : जिले के रायडीह प्रखंड स्थित राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लुदाम कोठाटोली के प्रभारी प्रधानाध्यापक अमृत कुमार मेटे के शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों पर दूरदर्शन की टीम ने एक विशेष डॉक्यूमेंट्री (वृत्तचित्र) तैयार की है। इस लगभग 50 मिनट की डॉक्यूमेंट्री का सीधा प्रसारण गुरुवार, 26 नवंबर को अपराह्न 2:00 बजे दूरदर्शन के डीडी झारखंड चैनल पर किया जाएगा।

?शास्त्री नगर, गुमला निवासी श्री अमृत कुमार मेटे के विद्यालय में पदस्थापन के बाद से क्षेत्र के शैक्षणिक माहौल में अभूतपूर्व बदलाव आया है। सुदूरवर्ती और पिछड़े क्षेत्र में बच्चों को शिक्षा से जोड़ने और विद्यालय के समग्र



विकास में उनके सराहनीय योगदान के लिए उन्हें पूर्व में राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से भी नवाजा जा चुका है।

डॉक्यूमेंट्री में दिखेगी विद्यालय की बदली तस्वीर

दूरदर्शन द्वारा निर्मित इस वृत्तचित्र में श्री मेटे के निरंतर प्रयासों, विद्यालय प्रांगण की बेहतर व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और खेलकूद के क्षेत्र में की गई नई पहलों को विस्तार से दर्शाया गया है। इस डॉक्यूमेंट्री का निर्देशन पंकज सिन्हा ने किया है, जबकि कैमरामैन एस. तिर्की, भेंटकर्ता नवोदित कलाकार सुशांत कुमार और प्रोग्राम हेड श्री सुधीर कुमार हैं।

शिक्षा विभाग में उत्साह, डीएसई ने की सराहना

इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधीक्षक (डीएसई) गुमला श्री नूर आलम खान ने श्री अमृत कुमार मेटे के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है। वहीं, श्री मेटे ने इसे अपने लिए एक अप्रतिम अनुभूति बताया है। राष्ट्रीय चैनल पर जिले के शिक्षक की सफलता की कहानी प्रसारित होने की खबर से पूरे शिक्षा विभाग में उत्साह की लहर है।

झारखंड के मजदूरों की मौत और लापता होने का सिलसिला कब थमेगा : जुम्मन खान

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : गुमला जिला के रायडीह प्रखंड के बांसडीह गांव का मजदूर मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन से रहस्यमय दंग से लापता दिनांक 2/11/26/ को दिन के 2:बजे रहस्य ढंग से लापता हो गया।पिता टूलू उरांव ने गुमला आ कर मजदूर संघ को आवेदन दे कर खोज बीन कराने का लगायी गुहार।जानकारी के अनुसार मजदूर प्रयाग उरांव अपने घर से गांव के ही एक अन्य युवक अनिल मुंडा के साथ मजदूरी करने के लिए गोवा जा था उसी दौरान मुंबई में मजदूरी करने वाले गुमला जिला के चैनपुर थाना क्षेत्र के युवक परमेश्वर मुंडा के पास रुके जो अनिल मुंडा का भाई है इसी बीच लापता मजदूर प्रयाग उरांव ने अपने दोनों साथियों को गोवा नहीं जाने की बात कहा तथा वापस अपने घर आने के का इच्छा जताया जिसका जानकारी लापता



मजदूर प्रयाग उरांव पिता टूलू उरांव ने फोन कर अपने परिजनों को दिनांक 2/11/26/ को दिन के 2: बजे दिया। तथा परिवार वालों से फोन पर बात चीत भी किया। उसके बाद परिजनों के अनुसार लापता मजदूर प्रयाग उरांव के साथ दादर रेलवे स्टेशन आने वाले सहयोगियों ने शाम को फोन कर परिजनों को बताते हैं कि आपका बेटा प्रयाग उरांव अचानक दादर रेलवे स्टेशन ईस्ट से दौड़ते हुए भाग गया तथा देखते ही देखते गायब हो गया जिसके बाद परिजनों ने लापता मजदूर प्रयाग उरांव के साथियों को खोजने को कहा गया लेकिन दोनों साथियों ने खोजने की बात कह कह कर हर दिन बहाना बनाने लगे।

झारखण्ड एकता मंच मानवता की सेवा -जीवन बचाने का संकल्प

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

गुमला : 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के वीर नायक, महान योद्धा एवं अमर क्रांतिकारी शहीद शेख भिखारी जी की वीर विरासत और बलिदान की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आज उनकी प्रपौत्री, झारखण्ड एकता मंच की संस्थापक एवं प्रदेश अध्यक्ष तथा फातिमा स्कूल की निदेशक शेख इम्तेशाम अली का नेतृत्व में मानवता की सेवा का एक अनूठा अभियान निरंतर आगे बढ़ रहा है। इसी गौरवपूर्ण यात्रा में 25,505 यूनिट रक्तसेवा के ऐतिहासिक पड़ाव की खुशी में गुमला जिले में रक्तदान महादान शिविर का सफल आयोजन किया गया। मुख्तार आलम, जिलाध्यक्ष असंगठित कामगार कांग्रेस सह 20 सूत्री सदस्य ने अतिथि के रूप में उपस्थित होकर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।इस आयोजन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि झारखण्ड एकता मंच की टीम ने गुमला जिले में रक्तदान के माध्यम से एक ऐसा मानवीय रिश्ता स्थापित किया, जो जाति, धर्म, मजहब और समुदाय की सीमाओं से ऊपर उठकर इंसानियत को जोड़ता है।शेख इम्तेशाम अली का संकल्प है कि जिस वीर परिवार ने देश और झारखण्ड के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया, उसी परिवार की विरासत को आज जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने के लिए समर्पित किया जाए। इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने में गुमला सदर अस्पताल की पूरी टीम एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों और कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग प्राप्त हुआ। उनके समर्पण और सेवा भावना के लिए झारखण्ड एकता मंच हृदय से आभार व्यक्त करता है।इस अभियान को धरातल पर सफल बनाने में झारखण्ड एकता मंच की गुमला जिला टीम की विशेष भूमिका रही। विशेष रूप से नगर अध्यक्ष सोनी बेगम ने अपनी पूरी टीम के साथ जिस मेहनत, एकजुटता और जिम्मेदारी का परिचय दिया, वह प्रशंसनीय है।

झारखण्ड एकता मंच की समर्पित महिला टीम

सोनी बेगम - नगर अध्यक्ष, झारखण्ड एकता मंच, गुमला।नेहा परवीन झ वार्ड संख्या 2।सानिया झ वार्ड संख्या 6।अलमाना फिरदौस झ वार्ड संख्या 5।,इन सभी महिला सदस्यों ने अपने समर्पण और सक्रिय भागीदारी से गुमला जिले में रक्तदान के इस नेक अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।यह केवल एक रक्तदान शिविर नहीं, बल्कि गुमला जिले में इंसानियत का रिश्ता जोड़ने की एक ऐतिहासिक पहल है।

झारखण्ड एकता मंच का संकल्प है कि किसी भी जरूरतमंद मरीज को रक्त के अभाव में परेशानी न हो। रक्त उपलब्ध कराने में किसी जाति, धर्म या समुदाय का भेदभाव न हो और मानवता का रिश्ता हर रिश्ते से ऊपर रहे।

रास पूर्णिमा पर मैनाबाद बाबा धाम में एक रात्रि हरिनाम संकीर्तन का आयोजन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

कुडहित (जामताड़ा): कुंडहित प्रखंड अंतर्गत पाहाड़गोड़ा स्थित मैनाबाद बाबा धाम मंदिर प्रांगण में बुधवार को रास पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एक रात्रि हरिनाम संकीर्तन का आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिमय वातावरण में किया गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी रास पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर परिसर में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर दामाधारा निवासी कीर्तन गायक नदिया मान्ना ने अपने मधुर कीर्तन गायन से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उन्होंने कीर्तन के माध्यम से कहा कि हरिनाम संकीर्तन के बिना जीवन का उद्धार संभव नहीं है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को समय रहते हरिनाम संकीर्तन



का श्रवण करना चाहिए तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए।कीर्तन समाप्ति के बाद बाबा धाम के पुजारी विनय दास के नेतृत्व में सभी भक्तजनों के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद सदस्य भजहरि मंडल उपस्थित रहे। इसके अलावा हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय बना रहा।

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
W/623/5/3/NIT दिनांक: 23/11/2026
ई-टेंडरिंग नोटिस
मंडल रेल प्रबंधक मंडल कार्यालय कार्य लेखा शाखा पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा के माध्यम से वेबसाईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है: **ई-टेंडरिंग: RTM-2026-27-122. कार्य का नाम:** Ratlam - Provision of Additional Loop Line with other ancillary works such as extension of existing FOBs, RUB, platforms and providing retaining wall, side drain etc. **अनुमानित लागत:** रु 25,85,98,703.71. **बयाना राशि:** रु 51,72,000/-. **कार्य की समापन अवधि:** 09 Months. **वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि:** 20/11/2026. **निविदा खुलने की तिथि:** 14/12/2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ADM/5/1/346
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत ईटखोरी एवं कान्हाचट्टी में लगा शिविर

173 लोगों ने कराया पंजीकरण, 23 यूनिट रक्त का हुआ संग्रह

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा :15 से 28 नवंबर तक चल रहे झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त रवि आनंद एवं JSLPS के CEO अनन्य मित्तल के निदेर्शानुसार झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (JSLPS), चतरा के सौजन्य से आज 25 नवंबर को ईटखोरी एवं कान्हाचट्टी प्रखंड में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य रक्तदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में



सहयोग देना था। शिविर में JSLPS के कर्मियों, कैडर एवं स्वयं सहायता समूहों (SHG) की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। दोनों शिविरों में कुल 173 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया। स्वास्थ्य जांच के उपरांत 23 यूनिट रक्त का सफलतापूर्वक संग्रह किया गया।

इस अवसर पर खरछढर के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधकों ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद मरीज के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने स्वस्थ एवं सक्षम नागरिकों से स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आने तथा अन्य लोगों को भी इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प उपलब्ध नहीं है। ऐसे में स्वैच्छिक रक्तदान ही जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम है।

पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच मुठभेड़, मुख्य शूटर आनंद कुमार घायल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

चतरा : चतरा सदर का रहने वाला है कुख्यात अपराधी, मौके से लोडेड हथियार बरामद चतरा जिले में आतंक का पर्याय बन चुके कुख्यात राहुल दुबे गैंग के खिलाफ चतरा पुलिस ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बुधवार अहले सुबह करीब 3:00 से 4:30 बजे के बीच टंडवा थाना क्षेत्र के आम्रपाली परियोजना क्षेत्र के अंतर्गत होन्हे गांव से गोड़वाइर जाने वाले रास्ते के जंगल में पुलिस और राहुल दुबे गैंग के बीच जबरदस्त मुठभेड़ (हाफ एनकाउंटर) हो गई। इस दौरान पुलिस की जवाबी कार्रवाई में गैंग का खूंखार शूटर पैर में गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल कुख्यात शूटर की पहचान आनंद कुमार के रूप में हुई है, जो चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आनंद कुमार बेहद खतरनाक



अपराधी है और यह हाल ही में आम्रपाली एवीएस (अश्र) कंपनी के कार्यालय पर हुई गोलीबारी तथा हजारीबाग जिले के चौपारण स्थित चर्चित होटल 'एके इंटरनेशनल' (Hotel AK International) के बाहर हुए सनसनीखेज गोलीकांड की घटनाओं में मुख्य रूप से शामिल रहा है।

खोया-पाया
मैं, **श्रीमती संगीता प्रसाद**, पत्नी स्वर्गीय **प्रकाश किशोर प्रसाद**, निवासी 132/C, नंद निवास, रोड नंबर 1, विद्यालय मार्ग, अशोक नगर, डाकघर एवं **थाना- अरगोड़ा**, जिला- **रांची (झारखंड)**, एतद् द्वारा सूचित करना चाहती हूँ कि मेरी मूल **सेल डीड (Sale Deed)**, जिसका डीड नंबर **2714**, दिनांक **23.02.2005**, वर्ष **2005** है, कहीं खो गई / गुम हो गई है। उक्त सेल डीड निम्नलिखित संपत्ति से संबंधित है:
आर.एस. प्लॉट नंबर 270, रकबा 3 डिसमिल, खाता नंबर 31 तथा आर.एस. प्लॉट नंबर 275, रकबा 6 डिसमिल, खाता नंबर 33, कुल रकबा 9 डिसमिल, मौजा- पुंदाग, थाना- जगन्नाथपुर, थाना नंबर 228, जिला- रांची।
उक्त मूल सेल डीड दिनांक **27.10.2026** को उस समय कहीं खो गई / गुम हो गई, जब मैं सिल्ली बाजार में कहीं दस्तावेजों की फोटोकॉपी कराने जा रही थी।
इस संबंध में मैंने दिनांक **27.10.2026** को सिल्ली थाना में शिकायत दर्ज करा दी है, जिसका **एस.डी.ई. नंबर 12/26** है।
उक्त संपत्ति के इच्छुक क्रेता द्वारा **भारतीय स्टेट बैंक (SBI)**, रोहिणी शाखा, **देवघर**, शाखा कोड- **4769** से गृह ऋण **(Home Loan)** प्राप्त किया जाना है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त मूल सेल डीड प्राप्त हो, तो कृपया उसे उपर्युक्त पते पर पहुँचाने की कृपा करें।

GOVERNMENT OF JHARKHAND
SPORTS AUTHORITY OF JHARKHAND
(DEPARTMENT OF TOURISM, ART-CULTURE, SPORTS & YOUTH AFFAIR'S)
SHORT e-TENDER NOTICE
Notice No. 21, Dated : 19/11/2026
e-Tenders in two parts Part-I (Technical and Commercial) and Part-II (price part) are invited from the reputed tenderers having good experience of following similar type works and having sound financial status:

NIT No.	Name of the works	Estimated cost in Rs./-	Earnest money to be deposited in Rs./-	Cost of BOQ (Non-Refundable) in Rs./-	Time of completion of work.
05/PR/SAJHA /2026-27	Renovation of Sidhu Kanhu Velodrom Rink (Cycling Track) at Khelgaon, Ranchi.	2,49,21,000/-	4,99,000/-	10,000/-	31-12-2027
Start Date of Submission of Bids			20/11/2026 at 5.00 PM		
Last Date/Time of Submission of Bids			11/12/2026 at 11.00 AM		
Date/Time of opening of Bid (Technical Part)			12/12/2026 at 3.30 PM		
Tendering Officer and address for communication			Executive Engineer office, SAJHA, Morabadi, Ranchi		

1. e-Tender documents and BOQ including terms & conditions, specification etc. can be downloaded and submitted online on website https://jharkhandtenders.gov.in
2. Cost of bidding document for a non-refundable fee & Bid Security (EMD) shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in
3. Any Changes or any other information can be seen on http://jharkhandtenders.gov.in
4. The undersigned reserves the right to extend the date of submission and opening of tender/distribute the works among the tenderers or reject any or all the tenders without assigning any reason thereof

Sd./-
Executive Engineer
Sports Authority of Jharkhand
PR 394512 Art Culture Sports and Youth Affairs (26-27)_D

अधिकारियों की रवानगी के बाद फिर आबाद हुए कथित अवैध जांच घर, स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर उठे सवाल

उपायुक्त के जनता दरबार के दौरान बन्द रहे प्रतिष्ठान, फिर से शुरू हुआ संचालन

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

विष्णुगढ़ : प्रशासनिक कार्रवाई का डर क्या सिर्फ अधिकारियों की मौजूदगी तक ही सीमित है विष्णुगढ़ में कथित अवैध जांच घरों के दोबारा खुलने की चर्चा ने स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर यह सवाल खड़ा कर दिया है। उपायुक्त हेमंत सती के जनता दरबार के दौरान क्षेत्र के कई जांच घरों के बंद रहने और उनके लौटते ही फिर से खुलने की बात सामने आ रही है। आरोप है कि प्रशासनिक निरीक्षण की आशंका में संचालकों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे थे। अधिकारियों की वापसी के बाद फिर से संचालन शुरू कर दिया गया। यदि यह स्थिति सही है तो यह स्वास्थ्य विभाग की नियमित निगरानी व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है। आखिर ऐसी कौन सी वजह है कि प्रशासनिक अधिकारियों के क्षेत्र में पहुंचते ही जांच घरों के शटर गिर जाते हैं और उनके लौटते ही फिर गतिविधियां शुरू हो जाती हैं? क्या विभाग को इन प्रतिष्ठानों के संचालन की जानकारी नहीं है या फिर निरीक्षण और कार्रवाई की प्रक्रिया केवल विशेष अवसरों तक ही सीमित है? इन सवालों का जवाब स्वास्थ्य विभाग को देना चाहिए।

जांच के दायरे में अस्पताल और नर्सिंग होम भी आये

विष्णुगढ़ में संचालित छोटे-बड़े अस्पतालों और नर्सिंग होम की कार्यप्रणाली भी जांच का विषय बननी चाहिए। इन संस्थानों का विधिवत निबंधन है या नहीं, उन्हें संचालन की अनुमति मिली है या नहीं तथा वे निर्धारित सरकारी मानकों का पालन कर रहे हैं या नहीं, इसकी निष्पक्ष पड़ताल जरूरी है। इसके साथ ही वहां इलाज करने वाले चिकित्सकों की शैक्षणिक योग्यता, वैध पंजीकरण, प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता और आवश्यक चिकित्सा संसाधनों की भी जांच होनी चाहिए। स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही पड़ सकती है भारी स्वास्थ्य सेवा का मामला सीधे आम लोगों की जिंदगी से जुड़ा है। इलाज की उम्मीद में मरीज और उनके परिजन चिकित्सा संस्थानों तक पहुंचते हैं। ऐसे में यदि कहीं बिना वैध अनुमति या जरूरी सुविधाओं के मरीजों का इलाज किया जा रहा है तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं। केवल निबंधन के कागजात देखकर जांच पूरी करना पर्याप्त नहीं होगा।

एक झलक

सिन्दरी के 04 हजार से अधिक लोगों की त्राहिमाम अपील पीएमओ पहुंची

सिन्दरी (धनबाद): एफसीआई प्रबंधन की कथित बेदखली मुहिम के खिलाफ सिंदरी के चार हजार से अधिक लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है। पिछले दो माह से चल रहे त्राहिमाम संदेश अभियान के तहत लोगों ने प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को अपनी शिकायतें भेजी हैं। पीएमओ ने सभी शिकायतों को जन शिकायत पोर्टल पर पंजीकृत कर आवेदकों को इसकी सूचना दी है। दरअसल, एफसीआई प्रबंधन ने पीपी कोर्ट के माध्यम से लगभग 2800 लोगों के खिलाफ बेदखली आदेश पारित किया है। इसके अलावा डोमगढ़ की जमीन सेल को हस्तांतरित करने, मनोहरटांड़ और एसएल-2 कॉलोनी के आवास खाली कराकर ध्वस्त करने तथा किराये में बेतहाशा वृद्धि के मुद्दे पर स्थानीय लोगों में आक्रोश है। इसके खिलाफ सिंदरी बचाओ सामूहिक मोर्चा ने धरना-प्रदर्शन के बाद प्रधानमंत्री को संदेश भेजने का अभियान शुरू किया। मोर्चा के संयोजक एवं सेवानिवृत्त डीएसपी रविंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि पीएमओ के जन शिकायत पोर्टल से आवेदकों को फोन कर शिकायतों की जानकारी ली जा रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से सिंदरीवासियों को राहत मिलेगी और उनकी समस्याओं का समाधान होगा।

सलानपुर कोलियरी में मजदूरों का फूटा आक्रोश, भूमिगत खदान में भेजने का विरोध

बाघमारा (धनबाद): बीसीसीएल के एरिया-4 अंतर्गत सलानपुर कोलियरी में आरके कोल माइंस प्राइवेट लिमिटेड के श्रमिकों और कंपनी प्रबंधन के बीच विवाद गहराता जा रहा है। सरफेस (ऊपरी सतह) में कार्यरत मजदूरों को उनकी सहमति के बिना भूमिगत खदान में भेजने की तैयारी से श्रमिकों में भारी नाराजगी है। वहीं, लंबे समय से लंबित 11 सूत्री मांगों पर कार्रवाई नहीं होने से मजदूरों का आक्रोश और बढ़ गया है। इस संबंध में श्रमिकों ने प्रबंधन को आवेदन सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग की है। मांगें पूरी नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन और कंपनी का चक्का जाम करने की चेतावनी दी है।
श्रमिकों का कहना है कि वे जिस पद और कार्यक्षेत्र में कार्यरत हैं, उन्हें उसी में बनाए रखा जाए। भूमिगत खदान में केवल उन्हीं मजदूरों को भेजा जाए, जो अपनी स्वेच्छा से इसके लिए तैयार हों। जिन कर्मियों का बेसिक ट्रेनिंग सर्टिफिकेट (बीटीसी) नहीं बना है, उन्हें नियमानुसार प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाये। मजदूरों ने न्यूनतम वेतन, समय पर भुगतान, वेतन पर्ची, नियुक्ति एवं पहचान पत्र, पीएफ, ईएसआई चिकित्सा सुविधा, ओवरटाइम भुगतान तथा कोल इंडिया के नियमों के अनुसार 4.33 प्रतिशत वार्षिक बोनस की मांग उठाई है। इसके अलावा आकस्मिक अवकाश, बीमारी अवकाश, अर्जित अवकाश और रात्रि व पाली भत्ता देने की मांग भी शामिल है।
श्रमिकों का आरोप है कि पूर्व में विधायक की मौजूदगी में हुई वार्ता के दौरान पांच दिनों का बकाया वेतन भुगतान करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक इस पर अमल नहीं हुआ। इससे मजदूरों में असंतोष व्याप्त है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि मांगों की अनदेखी जारी रही और सरफेस कर्मियों पर दबाव बनाया गया तो आंदोलन तेज किया जायेगा। मांग पत्र पर जगरनाथ कुमार, रूपेश कुमार महतो, दीपक कुमार, संजय रवानी, जगन्नाथ बाउरी, भीम महतो, श्याम महतो, सोनापद बाउरी, विकास कुमार महतो, मानिक महतो, अजित कुमार, शबीर हुसैन और चिंटू कुमार समेत दर्जनों श्रमिकों के हस्ताक्षर हैं।

बंद बीसीसीएल स्कूल भवन में कथित अवैध संचालन पर कार्रवाई की मांग, 15 दिन का अल्टीमेटम

बाघमारा (धनबाद): बीसीसीएल के बरोरा क्षेत्र-1 अंतर्गत डुमरा स्थित बंद विद्यालय भवन में कथित रूप से अवैध स्कूल संचालन का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस मामले में संपूर्ण जन जागृति ऑर्गेनाइजेशन ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्मार-पत्र सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने प्रशासन को 15 दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि निर्धारित समय में कार्रवाई नहीं हुई तो रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय सत्याग्रह आंदोलन किया जायेगा। संगठन के प्रतिनिधि जगत महतो ने आरोप लगाया कि बीसीसीएल के बंद पड़े विद्यालय भवन में बिना वैधानिक अनुमति और निर्धारित शैक्षणिक मानकों को पूरा किए स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इतना ही नहीं, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के प्रावधानों की अनदेखी कर बच्चों के नामांकन के लिए प्रचार-प्रसार भी जारी है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में पूर्व में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, बीसीसीएल बरोरा क्षेत्र-1 के महाप्रबंधक और बाघमारा थाना प्रभारी को शिकायत दी गई थी। जगत महतो के अनुसार, बीसीसीएल प्रबंधन ने विद्यालय संचालिका सुनेना देवी सहित अन्य के खिलाफ बाघमारा थाना में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है।

करोड़ों की परिसम्पत्तियों का वितरण, आठ महिला उद्यमी सम्मानित

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला प्रशासन की ओर से पुलिस लाइन सभागार में जिला स्तरीय परिसंपत्ति वितरण समारोह आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के तहत लाभुकों के बीच करोड़ों रुपये की परिसंपत्तियां, चेक, ट्रैक्टर और कृषि उपकरण वितरित किए गए। वहीं, स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने वाली आठ महिला उद्यमियों सहित उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों और आपूर्ति विभाग के कर्मियों को सम्मानित किया गया। समारोह का उद्घाटन बोकारो प्रक्षेत्र के आईजी शैलेन्द्र कुमार सिन्हा, उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार एवं जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान भगवान बिरसा मुंडा



को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। समारोह का खास आकर्षण मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से लाभान्वित आठ महिलाओं का सम्मान रहा। इन महिलाओं ने योजना की सहायता से कपड़ा दुकान, बताशा फैक्ट्री, पलाश दीदी कैफे, राशन दुकान, ब्यूटी पार्लर, जूट बैग उत्पादन, हैचरी और सिलाई केंद्र शुरू किए हैं। उपायुक्त ने कहा कि योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना के तहत पांच लाभुकों को ट्रैक्टर और कृषि यंत्र दिए गए। किसान समृद्धि योजना के तहत पांच किसानों को सोलर पंप, 21 को मृदा स्वास्थ्य कार्ड और 20 को बीज वितरित किए गए। मत्स्य पालन के लिए वाहन, विपणन किट और अन्य परिसंपत्तियां भी दी गईं। वहीं, तीन उद्यमों को कुल 54 लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं, स्वास्थ्य कर्मियों और अनुकंपा पर चयनित कर्मियों को नियुक्ति पत्र सौंपे गए। जनवितरण प्रणाली के तीन दुकानदारों, दो आपूर्ति पदाधिकारियों तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त सन्नी राज, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस. मोहम्मद याकूब सहित अन्य अधिकारी और लाभुक उपस्थित थे।

लाभुकों के बीच 18 लाख रुपये की परिसम्पत्तियों का वितरण, 24 को मिली साइकिल

धनबाद/गोविंदपुर : झारखंड स्थापना दिवस एवं राज्य सरकार के दूसरे वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में बुधवार को गोविंदपुर प्रखंड मुख्यालय में समारोह आयोजित कर विभिन्न सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसम्पत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तीकरण, दिव्यांगों की सुविधा और ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान जेएसएलपीएस से जुड़े बेली आजीविका सखी मंडल, जय श्री राम आजीविका सखी मंडल और राजमाता आजीविका सखी मंडल को छह-छह लाख रुपये के चेक प्रदान किए गए। तीनों समूहों को कुल 18 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई। वहीं, 24 लाभुकों के बीच साइकिल वितरित की गई। दिव्यांग लाभुकों को ट्राई साइकिल और एक लाभुक को व्हीलचेयर दी गई। इसके अलावा तीन जरूरतमंदों को कान की मशीन प्रदान की गई।
प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना और अंबेडकर आवास योजना के लाभुकों को स्वीकृति पत्र सौंपे गए। वहीं, पांच किसानों को मुफ्त मसूर बीज भी वितरित किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी जहीर



आलम ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। गोविंदपुर प्रखंड में विकास योजनाओं को गति देने और जरूरतमंदों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।
कार्यक्रम में सीडीपीओ, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी उदित कुमार महतो, विधान चंद्र मांझी, सहायक अभियंता अरुण कुमार सिंह, कृषि पदाधिकारी जसीम अख्तर, प्रधान सहायक अब्दुल मजीद सहित विभिन्न पंचायतों के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी केन्द्रों पर चला नशा मुक्ति अभियान बच्चों और अभिभावकों को दिलायी गयी शपथ



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत मंगलवार को जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और प्रखंडों में नशा मुक्त समाज अभियान के अंतर्गत व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का उद्देश्य लोगों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए स्वस्थ और नशामुक्त समाज के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना था। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों, किशोरों और अभिभावकों के साथ संवाद कर नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान की जानकारी दी गई। बच्चों और किशोरों ने पोस्टर एवं आकर्षक नारों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश दिया। वहीं, उपस्थित लोगों को स्वयं नशे से दूर रहने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। ग्रामीणों को सरकार की ओर से उपलब्ध नशामुक्ति सहायता और परामर्श सेवाओं की जानकारी भी दी गई। विभिन्न गांवों में जागरूकता रैली और सामुदायिक बैठकें आयोजित हुईं। प्रखंड स्तर पर स्वास्थ्य, शिक्षा विभाग और पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विशेष शिविर लगाए गये। वहीं, तोपचांची में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। अभियान में आंगनबाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं, जनप्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में बच्चों व किशोरों ने भाग लिया।

सीसीटीवी व सुरक्षा निगरानी के बीच जमुनिया नदी के जंगलों में अवैध कोयला खनन !

- पोकलेन मशीनों से उत्खनन और बड़े पैमाने पर कोयला ढुलाई की स्थानीय स्तर पर हो रही चर्चा
- प्रशासनिक जांच से ही सामने आयेगी सच्चाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

बाघमारा (धनबाद) : कोयलांचल में अवैध कोयला खनन और कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए सुरक्षा एजेंसियों की सक्रियता के बावजूद बाघमारा थाना क्षेत्र के केसरगढ़, जमुनिया नदी के जंगलों से एक बार फिर इस तरह की गतिविधियों की चर्चा सामने आ रही है। स्थानीय स्तर पर मिल रही सूचनाओं के अनुसार, क्षेत्र के कुछ वन क्षेत्रों में पोकलेन मशीनों के माध्यम से कथित तौर पर कोयले का उत्खनन किए जाने और वहां से बड़े-बड़े वाहनों के जरिये कोयला बाहर भेजे जाने की बात कही जा रही है। हालांकि, इन सूचनाओं की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।
स्थानीय सूत्रों का दावा है कि इस कथित कारोबार में क्षेत्र से प्रतिदिन दो दर्जन से अधिक ट्रकों की आवाजाही होती है। इसके अलावा ट्रैक्टर और मिनी हाईवा के माध्यम से भी कोयले की ढुलाई किए जाने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि कोयला बिहार, बंगाल और उत्तर प्रदेश की मंडियों तक पहुंचाया जाता है। यदि इन सूचनाओं में सच्चाई है, तो यह मामला केवल अवैध उत्खनन तक सीमित नहीं रह जाता, बल्कि कोयले के परिवहन और उसके संभावित बाजार नेटवर्क की जांच का भी विषय बनता है। इस पूरे प्रकरण में सबसे महत्वपूर्ण पहलू निगरानी व्यवस्था का है। क्षेत्र में सीआईएसएफ की मौजूदगी और सीसीटीवी कैमरों के जरिए निगरानी की व्यवस्था के बीच इस तरह की चर्चाएं सामने आना कई सवाल खड़े करता है। क्या संबंधित जंगलों और संपर्क मार्गों पर नियमित निगरानी हो रही है..? क्या संदिग्ध वाहनों की आवाजाही की जांच की जा रही है..? क्या खनन स्थलों की पहचान कर संयुक्त अभियान चलाया जा रहा है..? फिलहाल, इन सवालों का जवाब संबंधित विभागों की जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय लोगों की मांग है कि जिला प्रशासन, पुलिस, सीआईएसएफ और संबंधित कोयला प्रबंधन संयुक्त रूप से क्षेत्र का निरीक्षण करें। संदिग्ध स्थलों की जांच, सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा और कोयला परिवहन में लगे वाहनों के दस्तावेजों का सत्यापन कराया जाये, ताकि अफवाहों और वास्तविक स्थिति के बीच अंतर स्पष्ट हो सके। अब निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। जांच के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जंगलों में अवैध उत्खनन की चर्चाओं में कितनी सच्चाई है और यदि ऐसी गतिविधियां संचालित हो रही हैं, तो उनके पीछे कौन-सा नेटवर्क सक्रिय है।

जमुनिया नदी के संरक्षण को लेकर जगत महतो ने डीसी को लिखा पत्र, की अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग

जमुनिया नदी के अस्तित्व और पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामाजिक एवं आरटीआई कार्यकर्ता जगत महतो ने 21 अक्टूबर 26 को धनबाद के उपायुक्त को पत्र लिखकर ठोस पहल करने की मांग की है। उन्होंने नदी क्षेत्र में फिर से सक्रिय हो रही कोयले के अवैध खनन, परिवहन, भंडारण और तस्करी की गतिविधियों पर चिन्ता जताते हुए प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की अपील की है। जगत महतो ने अपने पत्र में कहा है कि जमुनिया नदी क्षेत्र में एक बार फिर अवैध कोयला कारोबार की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। इससे न केवल नदी के प्राकृतिक स्वरूप को नुकसान पहुंचने की आशंका है, बल्कि आसपास के पर्यावरण और पारिस्थिति की तंत्र पर भी गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने नदी एवं पर्यावरण के संरक्षण के लिए वैज्ञानिक अध्ययन कराने की मांग की है। साथ ही अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नदी क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करने और वनपाल की नियुक्ति करने का सुझाव दिया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी उनके प्रयास से प्रशासन का ध्यानभी इस समस्या की ओर आकृष्ट हुआ था, जिसके बाद अवैध खनन पर रोक लगी थी। अब दोबारा ऐसी गतिविधियां शुरू होना चिन्ता का विषय है।

रत्नेश कुमार ने क्षेत्र में सीआईएसएफ की मौजूदगी और कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बावजूद अवैध कारोबार जारी रहने पर सवाल उठाये हैं। उन्होंने कहा कि कार्रवाई न होने से स्थानीय प्रशासन और पुलिस की छवि भी धूमिल हो रही है। अंत में उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करा कर प्रभावी कार्रवाई करने का आग्रह किया है। इधर रत्नेश कुमार ने पत्र की प्रतिलिपि बाघमारा अंचल अधिकारी, स्थानीय थाना और सीआईएसएफ को भी भेजी गयी है।

टुंडी सीएचसी में रक्तदान शिविर, बीडीओ-सीओ ने खुद रक्तदान कर दिया मानव सेवा का संदेश



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद/टुंडी : झारखंड स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी), टुंडी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों ने स्वयं रक्तदान कर लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी विशाल कुमार पाण्डेय, अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल, अंचल निरीक्षक विकास कुमार और स्वास्थ्य प्रभारी अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बीडीओ और सीओ ने सबसे पहले रक्तदान कर शिविर की शुरूआत की। सुबह 10 बजे शुरू हुए शिविर में रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए 'रक्तदान करें, जीवन बचाएं' का संदेश दिया गया।
अधिकारियों ने कहा कि रक्तदान महादान है। हमारे द्वारा किया गया रक्तदान किसी जरूरतमंद को नया जीवन देने का माध्यम बन सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति को नियमित अंतराल पर स्वैच्छिक रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। इससे जरूरत के समय मरीजों को रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलती है। अधिकारियों ने आम लोगों से रक्तदान जैसे सामाजिक और मानवीय कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत स्वास्थ्य विभाग की टीम और स्थानीय लोगों की सक्रिय भूमिका रही।

आधी अधूरी व बिना सुरक्षा मानक सिक्सलेन सड़क निर्माण का स्थानीय लोगों का विरोध

बरकट्ठा : बरकट्ठा थाना क्षेत्र कोलकाता दिल्ली भारतीय राजमार्ग 19 सिक्सलेन सडक निर्माण कार्य जो पिछले सात वर्ष पूर्व रिलायंस कम्पनी के द्वारा शुभारंभ किया गया था ,जो आज भी मजबुरी की दंश झेल रही है। कम्पनी की बिना सुरक्षा मानक के निर्माण कार्य अडियल और उदासीन रवैया से किए जाने के कारण सडक निर्माण कार्य लंबित चला आ रहा है। आये दिन दर्जनो लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हो चुकी है और परिवारों की जिंदगियां उजड चुकी है, रिलायंस कम्पनी के द्वारा राजकेसरी कम्पनी को पेटी में काम सौंपा। राजकेसरी जे.डी.केबल को अपना पेटीदार बनाया कुछ दिन बाद जे.डी.केबल कम्पनी भी भाग गया अब के.आर.पी. कम्पनी को काम का जिम्मा सौंपा है जो बिना सुरक्षा मानक के जैसे तैसे सड़क वा ब्रीज निर्माण में जुटी हैं, निर्णय स्थल पर स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष बसंत साव के नेतृत्व में ग्रामीणों के द्वारा कंपनी के उपस्थित अधिकारी से सुरक्षा मानक को पूरा करते हुए निर्माण कार्य करने के लिए कहा इस संबंध में पूर्व मुखिया बसंत साव ने बातचीत के दौरान बताया कि रिलायंस कंपनी एक बड़े कंपनी होने के चलते अपनी पहुंच के बल पर सिक्स लेन सड़क निर्माण बिना सुरक्षा मानक के घटिया तरीके से किया जा रहा है।

मंडल कारा में बंदियों के शारीरिक और मानसिक विकास की पहल, ओपन जिम व खेल सुविधाओं का उद्घाटन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के तहत बुधवार को धनबाद मंडल कारा में बंदियों और कारा कर्मियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में नई पहल की गई। उपायुक्त के सौजन्य से कारा परिसर में स्थापित ओपन जिम, बैडमिंटन कोर्ट, वॉलीबॉल कोर्ट तथा महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों के लिए क्रेच का उद्घाटन किया गया। इस पहल का उद्देश्य बंदियों को शारीरिक रूप से स्वस्थ रखने के साथ उनके मानसिक विकास, मनोरंजन और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। उद्घाटन समारोह में पुलिस महानिरीक्षक, बोकारो रेंज, उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, नगर एवं ग्रामीण पुलिस अधीक्षक समेत जिले के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान बंदियों के बीच बैडमिंटन और वॉलीबॉल के खेल उपकरण, म्यूजिक बैंड, लूडो, कैरम बोर्ड तथा ज्ञानवर्धक पुस्तकें वितरित की गईं। वहीं, महिला बंदियों के साथ रह रहे बच्चों को खिलौने दिए गए। बच्चों के लिए क्रेच की व्यवस्था से उन्हें बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की पहल की गई है। कार्यक्रम के बाद अधिकारियों ने पूरे कारा परिसर का निरीक्षण किया और बंदियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का जायजा लिया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। इस पहल से बंदियों और कारा कर्मियों में उत्साह देखा गया। माना जा रहा है कि खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियां बंदियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने तथा सुधारात्मक कारा व्यवस्था को मजबूत करने में सहायक होंगी।

रोमांचक मुकाबले में रामपुर ने खरखरी को हरा कर जीती क्रिकेट टूर्नामेंट की ट्रॉफी



धनबाद (धनबाद) : बेड़ा नियामतपुर में शेख बिरादरी एवं बेड़ा नौजवान कमेटी की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। इसमें रामपुर की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खरखरी की टीम को पराजित कर खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए दमदार खेल का प्रदर्शन किया। निर्धारित 10 ओवर के मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए नवागढ़ की टीम ने 85 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रामपुर की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 90 रन बनाकर जीत दर्ज की। हालांकि, मुकाबले के विवरण में उपविजेता टीम के रूप में खरखरी का उल्लेख किया गया। मैच के समापन पर पूर्व विधायक आनंद महतो ने विजेता एवं उपविजेता टीम के खिलाड़ियों को ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं में अनुशासन, आपसी भाईचारा और टीम भावना विकसित करता है। मौके पर उप प्रमुख आशा देवी, मुखिया उत्तम चौबे, पूर्व मुखिया रफीक अंसारी, समीर मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि मुश्ताक आलम, देवाशीष पांडे और अख्तर अंसारी सहित आयोजन समिति के सदस्य एवं खेलप्रेमी मौजूद थे।

आतिशबाजी और शबद कीर्तन के बीच धूमधाम से मना गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

झरिया (धनबाद) : सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का 557वां प्रकाश पर्व डिगवाडीह गुरुद्वारा में मंगलवार देर शाम श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर भक्ति और आध्यात्मिक माहौल में सराबोर रहा। सिख समुदाय के लोगों ने उत्साहपूर्वक शबद कीर्तन में भाग लेकर गुरु नानक देव



जी के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। प्रकाश पर्व का समापन आकर्षक आतिशबाजी के साथ हुआ। गुरु पर्व को लेकर डिगवाडीह गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से 18 से 22 नवंबर तक प्रतिदिन अहले सुबह चार बजे प्रभात फेरी निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में सिख संगत अपने परिवार के साथ शामिल हुई। इस दौरान हरजिंदर सिंह के परिवार की ओर से अखंड पाठ की सेवा की गई। प्रकाश पर्व के दिन सुबह आठ बजे सरदार इंद्रजीत सिंह के परिवार ने निशान साहिब की सेवा निभाई। इसके बाद स्त्री सत्संग की महिलाओं ने शबद कीर्तन प्रस्तुत कर संगत को भावविभोर कर दिया।

बुढ़िया माता मंदिर में कीर्तन जागरण कार्यक्रम सम्पन्न

इचाक : प्रसिद्ध बुढ़िया माता मंदिर के दरबार में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर जय बुढ़िया माता कीर्तन मंडली के संयोजक महेश वैद्य के नेतृत्व मे भजन जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें परासी, इचाक, कुरहा, कारीमाटी, मोकतमा, हदारी, रतनपुर,चंदवारा समेत अन्य गांवों के कीर्तन प्रेमियों ने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर भक्ति का समा बांधा। भजन का श्रीगणेश धूप दीप जलाकर कर किया गया। साथ ही महेश वैद्य के द्वारा रामायण के सुंदर कांड का पाठ भी किया गया। मां की असीम दया और संकटमोचन की कृपा से मंगलवार की रात मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। कीर्तन जागरण कार्यक्रम को सफल बनाने मे शंभु पांडेय, रविशंकर सिंह, रवि शंकर बैध, विश्वनाथ कुमार, केदार वैद्य, रीतलाल साव, संजय ठाकुर, विजय कुमार, सरस्वती कुमारी, सरिता देवी, सुशीला देवी, उर्मिला देवी, चंद्रिका देवी, लक्ष्मी देवी, मीना देवी, सेजल देवी, रेशमी देवी, आशा देवी, संजू देवी समेत कई अन्य महिला पुरुष शामिल थे। कार्तिक पूर्णिमा समापन पर लक्ष्मी नारायण मंदिर बड़ा अखाड़ा मे भंडारा का आयोजन किया गया।

एसआईआर के मुद्दे पर विधानसभा में चन्द्र देव महतो ने उठायी आवाज



धनबाद : झारखंड विधानसभा के सदन में सिंदरी विधायक चन्द्रदेव महतो ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर अपनी बात रखते हुए आदिवासी, गरीब, दलित एवं विस्थापित परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने सदन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान समाज के वंचित और कमजोर वर्गों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि कोई भी पात्र नागरिक अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए। विधायक ने विशेष रूप से आदिवासी एवं विस्थापित परिवारों की स्थिति का सवाल उठाते हुए कहा कि दस्तावेजों की कमी और अन्य व्यावहारिक कठिनाइयों के कारण जरूरतमंद लोगों के सामने परेशानी उत्पन्न हो सकती है। इसलिए पुनरीक्षण की प्रक्रिया ऐसी होनी चाहिए, जिसमें सभी पात्र नागरिकों के अधिकार सुरक्षित रहें और किसी के साथ अन्याय न हो। उन्होंने लोकतंत्र में मतदान के अधिकार को प्रत्येक नागरिक का महत्वपूर्ण संवैधानिक अधिकार बताते हुए वंचित तबके की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने की जरूरत जताई।

सूर्य सिंह बेसरा पर जानलेवा हमले के विरोध में धनबाद में आन्दोलनकारियों का धरना, सीबीआई जांच की मांग

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड आंदोलन के पुरोधा एवं पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा पर जमशेदपुर में हुए जानलेवा हमले के विरोध में बुधवार को झारखंड आंदोलनकारियों ने रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने घटना पर गहरा आक्रोश जताते हुए इसे झारखंड की अस्मिता और आंदोलनकारी नेतृत्व पर हमला बताया। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच सीबीआई से कराने तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। आंदोलनकारियों के अनुसार, 17 नवंबर 2026 को जमशेदपुर के गोपाल मैदान में टाटा स्टील फाउंडेशन की ओर से आयोजित आदिवासी कार्यक्रम के दौरान सूर्य सिंह बेसरा पर जानलेवा हमला किया गया था। वक्ताओं ने घटना को सुनियोजित साजिश बताते हुए कहा कि झारखंड आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले ऐसे वरिष्ठ नेता पर हमला बेहद गंभीर मामला है। राज्य सरकार को उनकी सुरक्षा के प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। धरना की अध्यक्षता प्रमोद चौरसिया ने की, जबकि संचालन जितेंद्र नाथ महतो ने किया। मुख्य अतिथि शंकर किशोर महतो और विशिष्ट अतिथि शिवशंकर शर्मा उपस्थित थे। धरना के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम उपायुक्त के माध्यम से मांग-पत्र सौंपा गया। इसमें सीबीआई जांच, हमले में शामिल लोगों की पहचान कर कानूनी कार्रवाई तथा सूर्य सिंह बेसरा और उनके परिवार को सुरक्षा देने की मांग की गई। साथ ही उन्हें तत्काल सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया।



धनबाद में 1312 परिवारों को मिला पक्के मकान का तोहफा, गृह प्रवेश सप्ताह में खुशियों से रौशन हुए घर

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

धनबाद : झारखंड स्थापना दिवस पखवाड़ा के अवसर पर जिले के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को पक्के मकान का तोहफा मिल रहा है। जिला प्रशासन की ओर से 15 से 28 नवंबर तक सभी प्रखंडों में चलाए जा रहे विशेष 'गृह प्रवेश सप्ताह' के तहत अब तक 1312 परिवारों को उनके नवनिर्मित घरों में गृह प्रवेश कराया जा चुका है। वर्षों से पक्की छत का सपना संजोए परिवारों के लिए यह अभियान खुशियों की नई सौगात लेकर आया है। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के निर्देश पर संचालित इस अभियान का उद्देश्य आवास योजनाओं के तहत पूर्ण हो



चुके मकानों में लाभुकों को विधिवत गृह प्रवेश कराकर सम्मानजनक जीवन का अवसर प्रदान करना है। इस अभियान में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम-जनमन) और बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर आवास योजना के लाभुक शामिल हैं।
जिला प्रशासन अभियान की ल

एक झलक

भजनों की अमृतवर्षा के बीच मना बाबा श्याम का जन्मोत्सव

झुमरी तिलैया : श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से संकट मोचन मंदिर, महाराणा प्रताप चौक में 1184वां कीर्तन एवं बाबा श्याम का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया गया। बाबा की पावन ज्योत प्रज्वलित की गई तथा उनके शीश का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जन्मोत्सव के मौके पर बाबा को छप्पन भोग के साथ फल, बूंदिया, ड्राई फ्रूट्स एवं पान का विशेष प्रसाद अर्पित किया गया। कीर्तन का शुभारंभ भगवान गणेश की आराधना के साथ हुआ। इसके बाद बजरंगबली के भजनों से भक्तिमय माहौल बना। भजन संध्या में रांची से आए प्रसिद्ध गायक कलाकार तनय कठपाल ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। विशेष रूप से बाबा श्याम के जन्मदिन पर प्रस्तुत भजनों ने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। पूरा मंदिर परिसर बाबा श्याम के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा।

कौंडिन्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया भगवान बिरसा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण

झुमरी तिलैया : कौंडिन्य पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने आज भगवान बिरसा जैविक उद्यान का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को वन्यजीवों, जैव विविधता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना तथा किताबी ज्ञान को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ना था। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न वन्यजीवों को करीब से देखा और उनके रहन-सहन, प्राकृतिक आवास एवं संरक्षण के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक यात्रा का भरपूर आनंद उठाया। यह भ्रमण उनके लिए ज्ञानवर्धक होने के साथ-साथ मनोरंजक एवं यादगार भी रहा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा यात्रा की समुचित व्यवस्था एवं विद्यार्थियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। सभी विद्यार्थी सुरक्षित एवं निर्धारित समय पर अपने-अपने घर पहुँच गए। इस सफल आयोजन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सभी शिक्षकों, बस चालकों एवं सहयोगी कर्मचारियों के प्रति विद्यालय परिवार ने हार्दिक आभार व्यक्त किया।

चतरा में कड़ाके की ठंड और ठिठुरन ने पकड़ी रफ्तार

चतरा : चतरा जिले में इन दिनों ठंड ने अचानक जोर पकड़ लिया है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। सुबह के वक्त पाला गिरने और घने कोहरे की चादर छाए रहने के कारण जिले में ठिठुरन काफी बढ़ गई है। हालांकि दिन में मौसम साफ हो जाता है, लेकिन इसके बावजूद सर्द हवाओं के चलते ठंड का असर लगातार तेजी से बढ़ रहा है। मौसम के इस बदले मिजाज और बढ़ती हुई कनकनी को देखते हुए लोग अब ठंड से बचने के पुख्ता इंतजाम में जुट गए हैं। इसी का नतीजा है कि चतरा शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सड़क के किनारे स्टॉल लगाकर गर्म कपड़े बेचने वाले दुकानदारों के पास खरीदारों की भारी भीड़ उमड़ने लगी है।

भारतीय महिला हॉकी टीम विश्व रैंकिंग में पहली बार पांचवें स्थान पर पहुंची

- चीन पर 6-2 की जीत के बाद हासिल की ऐतिहासिक उपलब्धि, हॉकी इंडिया ने दी बधाई



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

नयी दिल्ली : भारतीय महिला हॉकी टीम ने इतिहास रचते हुए अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की विश्व रैंकिंग में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ पांचवां स्थान हासिल किया है। टीम ने मंगलवार को भोपाल में जारी मध्य प्रदेश महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2026 में चीन को 6-2 से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। मुकाबला भोपाल के नाथू बरखेड़ा स्थित अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर में खेला गया। भारतीय महिला हॉकी के सफर में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह टीम के लगातार अच्छे प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती प्रतिष्ठा को दशार्ती है। अक्टूबर 2003 में शुरू हुई एफआईएच विश्व रैंकिंग में भारतीय महिला टीम ने पिछले वर्षों में लगातार सुधार किया है। पांचवें स्थान पर पहुंचना अब तक की उसकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। भारतीय टीम की पिछली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग छठी थी, जो उसने एफआईएच प्रो लीग में शानदार प्रदर्शन के बाद मई-जून 2022 में हासिल की थी। टीम ने 2023 में भी छठा स्थान प्राप्त किया था। इससे पहले टोक्यो 2020 ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद भारतीय टीम आठवें स्थान पर पहुंची थी। वहीं, 2018 में एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के बाद टीम ने नौवीं रैंकिंग हासिल की थी। चीन के खिलाफ जीत टूर्नामेंट के लिहाज से भी खास रही। एफआईएच की ताजा रैंकिंग में चीन आठवें स्थान पर खिसक गया है। भारत की 6-2 की जीत महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास में चीन के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले भारतीय टीम ने 2013 के संस्करण में चीन को 4-2 से हराया था। भोपाल में घरेलू दर्शकों के सामने भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया और अपने आक्रामक खेल तथा आत्मविश्वास का परिचय दिया। वर्ष 2026 भारतीय महिला हॉकी के लिए यादगार रहा है। टीम ने साल की शुरूआत एफआईएच विश्व कप के लिए क्वालीफाई करके की और इसके बाद एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीता। मुख्य कोच श्योर्ड मारिन के मार्गदर्शन में टीम ने एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप में पांचवां स्थान हासिल किया, जो 1974 के बाद इस टूर्नामेंट में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। इसके बाद भारतीय टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतकर 44 साल का इंतजार भी खत्म किया। इन उपलब्धियों ने अंतरराष्ट्रीय महिला हॉकी में भारत की अग्रणी टीमों के बीच स्थिति को और मजबूत किया है। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा, ह्लयह ऐतिहासिक उपलब्धि है और भारतीय हॉकी के हर समर्थक के लिए जश्न मनाने का अवसर है। खिलाड़ियों ने पूरे साल शानदार चरित्र और दृढ़ संकल्प दिखाया है। उन्होंने अपनी मेहनत को बड़े मंचों पर परिणाम में बदला है।

राज्य स्तरीय खेलो इंडिया वुशू अस्मिता लीग प्रीमियर में रामगढ़ को मिला ओवरऑल तीसरा स्थान



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

रजरप्पा (रामगढ़) : राज्य स्तरीय खेलो इंडिया अस्मिता वुशू प्रीमियर बालिकाओं का रांची स्थित ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम राँची में 21 से 24 नवंबर तक आयोजन किया गया जिसमें पूरे झारखंड के 22 जिलों से करीब 650 वुशू खिलाड़ी भाग लिए वही रामगढ़ जिला से कुल 19 वुशू खिलाड़ी भाग लिए। इस प्रतियोगिता में रामगढ़ जिला के वुशू खिलाड़ियों ने शानदार अपना खेल का प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग में पीहू कुमारी -36 kg मे गोल्ड, दो सिल्वर अनिशा कुमारी -24 ˝ स्वाति कुमारी -27 किग्रा में और दो ब्राउज मेडल अंशिका कुमारी ,- 21किग्राऔर परी कुमारी - 30 किग्रा में मेडल जीत कर ओवरऑल तीसरा स्थान पर रहा। वहीं जूनियर वर्ग में सृष्टि कुमारी गोल्ड - 45किग्रा में प्रीति कुमारी गोल्ड -60किग्रा में अनुपम कुमारी -45 किग्रा और रानी कुमारी -52 किग्रा मैं ब्राउज वहीं सीनियर वर्ग में मन्दिरा कुमारी गोल्ड -70 किग्रा मे जीत कर कुल ओवरऑल चार गोल्ड, दो सिल्वर और 4 ब्रांज मेडल जीतकर रामगढ़ जिला ओवरऑल तीसरा स्थान पर रहा। इस जीत की खुशी में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी रामगढ़ जिला उपायुक्त , रामगढ़ शिक्षा अधीक्षक रामगढ़ जिला शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़ जिला खेल पदाधिकारी, , जिला ओलंपिक संघ के महासचिव सी.डी.सिंह, जिला वुशू अध्यक्ष सह? सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, वुशू जिला सचिव सह राष्ट्रीय जज गौरी शंकर महतो, अपेक्स विद्यालय के डायरेक्टर भागीरथ महतो, श्री राम पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ. बिरसा महतो इत्यादि ने खुशी व्यक्त करते हुए अपनी - अपनी शुभकामनाएँ देते हुए उज्जवल भविष्य के कामना किये है। वहीं बधाई देने वालों में खेल प्रेमी के रूप में राष्ट्रीय जज चंद्रशेखर राम करमाली, रोमा कुमारी, ज्ञान गौरव, खुशी कुमारी, टेकलाल महतो, उपेंद्र कुमार, तारकेश्वर महली, राधेश्याम कश्यप, सरवन कुमार, गौरव कुमार इत्यादि ने भी बधाई एवं शुभकामना दिए हैं।

रांची कैपिटल की तूफानी बल्लेबाजी, गिरिडीह जॉइंट्स को 07 विकेट से हरा कर फाइनल में बनायी जगह



- डे-नाइट मेयर लीग टी-20 में रांची का दबदबा, 106 रन के लक्ष्य को महज 09 ओवर में किया हासिल

फ्रीडम फाइटर संवाददाता

हजारीबाग : हजारीबाग शहर के प्रतिष्ठित संजय सिंह स्टेडियम (वेल्स ग्राउंड) में आयोजित मेयर लीग टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 के रोमांचक मुकाबले में मंगलवार की रात रांची कैपिटल ने गिरिडीह जॉइंट्स को 7 विकेट से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया। डे-नाइट मुकाबला शाम 7 बजे शुरू हुआ और देर रात तक क्रिकेट प्रेमियों के उत्साह के बीच खेला गया। फ्लडलाइट की रोशनी में जगमगाते मैदान पर खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। टॉस जीतकर रांची कैपिटल ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी गिरिडीह जॉइंट्स की टीम रांची के गेंदबाजों के सामने ज्यादा देर टिक नहीं सकी और 106 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। 106 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी रांची कैपिटल की टीम ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए मैदान पर अपना दबदबा कायम किया। बल्लेबाजों ने आकर्षक चौके और छक्कों की बरसात कर क्रिकेट प्रेमियों का दिल जीत लिया। रांची कैपिटल ने महज 9 ओवर में लक्ष्य हासिल कर 7 विकेट से शानदार जीत दर्ज की और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शानदार प्रदर्शन करने वाले युवराज को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के दौरान महापौर अरविंद राणा ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ बेहतर प्रदर्शन करने और खेल के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारम्भ

खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, जीवन में निरन्तर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है : बंधु तिर्की



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

लापुंग : एसडीए इंग्लिश स्कूल, पोला के प्रांगण में तीन दिवसीय वार्षिक खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत उत्साह, उमंग और हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस भव्य खेल महोत्सव का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पुर्व मंत्री बंधु तिर्की ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया। ?उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बंधु तिर्की ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों को यह संदेश दिया गया कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं है, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, एकता, टीम वर्क, आत्मविश्वास और निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देता है इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राएं विभिन्न एथलेटिक्स और सामूहिक खेलों में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा, कौशल और ऊर्जा का शानदार प्रदर्शन करेंगे। पहले दिन के मुकाबलों को लेकर बच्चों में खासा जोश देखने को मिला। मौके पर विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र वर्मा, मुखिया दुर्गा उरांव, प्रकाश राम, सुमित कुमार, महात्मा राम प्रधानाध्यापक जुनून टोपनो समेत शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहें ।



तुर्की में यूईएफए चैम्पियंस लीग फुटबॉल में खेलती हुई एस्टन विला और गलेटेसारके एसके की टीमें।

झारखंड

कार्तिक पूर्णिमा पर श्रीरामरेखा धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब, सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने बांधा समां

श्रद्धा, संस्कृति व उल्लास के बीच द्वितीय राजकीय रामरेखा महोत्सव -2026 का भव्य समापन



फ्रीडम फाइटर संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा की धार्मिक एवं ऐतिहासिक पहचान के प्रतीक श्रीरामरेखा धाम में आयोजित द्वितीय राजकीय रामरेखा महोत्सव-2026 श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उल्लास के बीच सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर धाम में हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। भगवान श्रीराम, माता सीता एवं लक्ष्मण के दर्शन-पूजन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। पूरा तीर्थस्थल जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा। महोत्सव के अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए मेले में मिठाई, प्रसाद, खिलौने, वस्त्र एवं खानपान की दुकानें आकर्षण का केंद्र रहीं। सुबह से ही विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालुओं का आगमन जारी रहा। भक्तों ने पूजा-अर्चना कर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या संगीत एवं झारखंड की लोकसंस्कृति का आकर्षक संगम बनी। इंडियन आइडल फेम गायक रजत आनंद, झारखंड की कोकिला मोनिका मुंडू, नागपुरी कलाकार नितेश कच्छप एवं अंजली देवी ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रभात महतो के मानभूम छऊ नृत्य एवं कथक नृत्य की प्रस्तुतियों ने भी खूब सराहना बटोरी। भक्ति गीतों, नागपुरी संगीत एवं अन्य प्रस्तुतियों पर दर्शक देर रात तक झूमते रहे। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण उपायुक्त कंचन सिंह की स्वरचित श्रीरामरेखा धाम स्तुति रही। उन्होंने बॉलीवुड गायक रजत आनंद के साथ मंच साझा कर अपनी इस रचना को स्वर दिया। भगवान श्रीराम की महिमा एवं आदर्शों पर आधारित इस प्रस्तुति को उपस्थित दर्शकों ने खूब सराहा। उपायुक्त कंचन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्रीकांत एस. खोटरे के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा सुरक्षा, यातायात नियंत्रण, पार्किंग एवं भीड़ प्रबंधन की व्यापक व्यवस्था की गयी थी। पुलिस बल, दंडाधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों की सक्रिय तैनाती से महोत्सव शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। महोत्सव की सफलता में रामरेखा धाम विकास समिति की विभिन्न शाखाओं, स्थानीय कार्यकताओं, प्रशासनिक अधिकारियों एवं पुलिस बल का महत्वपूर्ण योगदान रहा। द्वितीय राजकीय रामरेखा महोत्सवझ2026 का सफल आयोजन सिमडेगा की धार्मिक आस्था, समृद्ध लोकसंस्कृति एवं पर्यटन संभावनाओं को नयी पहचान देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ ।

उपायुक्त कंचन सिंह ने रामरेखा धाम की ऐतिहासिक, धार्मिक व सांस्कृतिक विरासत को समेटी स्मारिका का किया विमोचन



द्वितीय राजकीय रामरेखा महोत्सवझ2026 के अवसर पर रामरेखा धाम की धार्मिक, ऐतिहासिक, साहित्यिक एवं पर्यटन संबंधी विरासत को समेटे स्मारिका का विमोचन मंगलवार को समाहरणालय सभागार में किया गया। उपायुक्त कंचन सिंह, उप विकास आयुक्त दीपांकर चौधरी, अपर समाहर्ता गिरिजा शंकर महतो, परियोजना निदेशक आईटीडीए सरोज तिर्की एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता अरुणा कुमारी ने संयुक्त रूप से स्मारिका का विमोचन किया। स्मारिका में रामरेखा धाम की धार्मिक मान्यताओं, भगवान श्रीराम के वनवास काल से जुड़ी प्रचलित कथाओं, बीरू राजघराने के इतिहास, स्वर्गीय आचार्य रमापति की साहित्यिक रचना ह्यरामरेखा महात्म्यह्ल तथा धाम के प्रमुख धार्मिक स्थलों का विस्तृत परिचय दिया गया है। साथ ही, सिमडेगा जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों और रामरेखा धाम में हो रहे विकास कार्यों को भी स्थान दिया गया है। स्मारिका का विशेष आकर्षण उपायुक्त कंचन सिंह द्वारा रचित ह्यश्रीरामरेखा धाम स्तुति है, जिसमें गीतात्मक शैली में धाम की महिमा एवं प्रभु श्रीराम के आदर्शों का भावपूर्ण वर्णन किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त कंचन सिंह ने कहा कि रामरेखा धाम सिमडेगा की धार्मिक, ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण केन्द्र है। स्मारिका के माध्यम से इस गौरवशाली विरासत को संरक्षित कर नयी पीढ़ी तक पहुंचाने तथा जिले की पर्यटन संभावनाओं को व्यापक पहचान दिलाने का प्रयास किया गया है। यह स्मारिका रामरेखा धाम की आस्था, इतिहास, साहित्य और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण दस्तावेज साबित होगी।

संविधान का गौरव, बाबासाहेब का सम्मान



डॉ. प्रदीप वर्मा

छब्बीस नवम्बर भारतीय गणराज्य के इतिहास की वह पावन तिथि है, जब 1949 में संविधान सभा ने हम भारत के लोग के नाम से उस ग्रन्थ को अंगीकार किया, जो आज एक सौ चालीस करोड़ से अधिक नागरिकों की आशाओं, अधिकारों और कर्तव्यों का आधार-स्तम्भ है। इस वर्ष राष्ट्र संविधान-अंगीकरण की 77वीं वर्षगाँठ संविधान गौरव दिवस के रूप में मना रहा है। यह अवसर केवल उत्सव का नहीं, आत्म-मन्थन का भी है – यह विचार करने का कि संविधान की आत्मा का सच्चा संरक्षक कौन रहा, और

■ संविधान दिवस (26 नवम्बर 2026) पर विशेष

किसने सत्ता के मोह में उसकी मर्यादा को बार-बार आहत किया। संविधान का स्मरण होते ही जो छवि मन में उभरती है, वह है भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की – प्रारूप समिति के अध्यक्ष, जिनकी विद्वत्ता, तपस्या और दूरदृष्टि ने न्याय, स्वतन्त्रता, समता और बन्धुत्व पर आधारित लोकतान्त्रिक ढांचे की नींव रखी। 25 नवम्बर 1949 को संविधान सभा में अपने ऐतिहासिक भाषण में उन्होंने चेताया था कि संविधान कितना भी श्रेष्ठ क्यों न हो, उसे चलाने वाले यदि अयोग्य हों तो वह विफल सिद्ध होगा; और यह भी कि राजनीति में व्यक्ति-पूजा अन्ततः अधिनायकवाद का मार्ग प्रशस्त करती है। दुर्भाग्य से स्वतन्त्र भारत के इतिहास में ये दोनों आशंकाएँ एक ही दल के आचरण में सत्य होती दिखाई दीं।

बाबासाहेब की राष्ट्रदृष्टि

बाबासाहेब केवल संविधान-शिल्पी नहीं, आधुनिक भारत के बहुआयामी द्रष्टा थे। मुद्रा और वित्त पर हिल्टन यंग आयोग (1925-26) के समक्ष रखे गए उनके विचारों ने भारतीय रिजर्व बैंक की वैचारिक आधारशिला रखने में भूमिका निभाई। संविधान सभा में उन्होंने समान नागरिक संहिता के प्रावधान का दृढ़ता से समर्थन किया, क्योंकि उनकी मान्यता थी कि भिन्न-भिन्न व्यक्तिगत कानून विवाह और उत्तराधिकार जैसे विषयों में महिलाओं को असमानता की बेड़ियों में बाँधे रखते हैं। उनका प्रसिद्ध कथन है कि किसी समुदाय की प्रगति को मैं उस समुदाय की महिलाओं की प्रगति से मापता हूँ। सितम्बर 1949 में राजभाषा पर बहस के समय संस्कृत को संघ की राजभाषा बनाने के संशोधन-प्रस्ताव पर हस्ताक्षर करने वालों में बाबासाहेब भी सम्मिलित थे। और यह भी स्मरणीय है कि

■ इतिहास का दर्पण और वर्तमान का संकल्प

फरवरी 1948 में प्रस्तुत संविधान के प्रारूप में जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला कोई प्रावधान नहीं था; वह बाद में राजनीतिक कारणों से जोड़ा गया। जनसंघ के वरिष्ठ नेता प्रो. बलराज मधोक के संस्मरण के अनुसार, जब शेख अब्दुल्ला विशेष दर्जे का प्रस्ताव लेकर बाबासाहेब के पास पहुँचे, तो उन्होंने दो टूक कहा था – आप चाहते हैं कि भारत कश्मीर की रक्षा करे, उसका पेट भरे और कश्मीरियों को पूरे भारत में समान अधिकार दे, किन्तु भारत और भारतीयों को कश्मीर में कोई अधिकार न मिले। मैं भारत का कानून मन्त्री हूँ, राष्ट्रीय हितों के साथ ऐसे विश्वासघात का भागीदार नहीं बन सकता।ह्व इसके बाद यह प्रावधान श्री गोपालस्वामी आयंगर से तैयार कराया गया।

बाबासाहेब के साथ अन्याय का अध्याय

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि जो कांग्रेस आज स्वयं को संविधान की एकमात्र रक्षक घोषित करती है, उसी ने बाबासाहेब को सदनों तक पहुँचने से रोकने में कोई कसर नहीं छोड़ी। 1946 में वे बम्बई से संविधान सभा के लिए निर्वाचित नहीं हो सके; तब जोगेन्द्रनाथ मण्डल और बंगाल के अनुसूचित जाति सदस्यों के समर्थन से वे अविभाजित बंगाल से चुने गए। विभाजन में वह क्षेत्र पूर्वी पाकिस्तान में चला गया और उनकी सदस्यता समाप्त हो गई। तब एम. आर. जयकर के रिक्त किए स्थान से वे बम्बई से पुनः संविधान सभा में पहुँचे – यदि ऐसा न होता, तो राष्ट्र प्रारूप समिति के उस अध्यक्ष से ही वंचित रह जाता। 1952 के प्रथम आम चुनाव में बम्बई उत्तर सीट पर कांग्रेस ने उनके ही पूर्व सहयोगी नारायण सदोबा काजरोलकर को उतारकर उन्हें लगभग साढ़े चौदह हजार मतों से पराजित कराया। बाबासाहेब ने चुनाव-याचिका में आरोप लगाया कि हजारों मत-पत्र अनुचित रूप से अस्वीकृत किए गए। 1954 के भण्डारा उपचुनाव में भी यही कथा दोहराई गई। हिन्दू कोड बिल के माध्यम से महिलाओं को विवाह और सम्पत्ति में बराबरी का अधिकार दिलाने का उनका प्रगतिशील स्वप्न जब नेहरू सरकार की अनिच्छा की भेंट चढ़ा, तब 1951 में उन्होंने विधि मन्त्री पद से त्यागपत्र दे दिया। अपने त्यागपत्र-वक्तव्य में उन्होंने अनुसूचित जातियों के प्रति उपेक्षा, कश्मीर-नीति और विदेश-नीति पर भी गहरा असन्तोष प्रकट किया था। अपनी कृति ह्यव्हाट कांग्रेस एंड गांधी हैव डन टू द अनटचेबल्सह्ल (1945) में वे बहुत पहले लिख चुके थे कि कांग्रेस के लिए सामाजिक सुधार नहीं, केवल सत्ता-हस्तान्तरण प्राथमिक था।

एक झलक

केन्द्र ने कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा 31 मार्च तक बढ़ायी

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार ने 10 लाख टन कच्ची चीनी के शुल्क मुक्त आयात की समय सीमा 3 महीने बढ़ाकर 31 मार्च, 2027 कर दी है। इससे पहले कच्ची चीनी के शुल्क-मुक्त आयात की अंतिम तिथि 31 दिसंबर थी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने बुधवार को एक अधिसूचना में कहा कि आयातित कच्ची चीनी को सफेद/परिष्कृत चीनी में बदलने और घरेलू बाजार में उसकी बिक्री की समय सीमा भी बढ़ाकर 30 सितंबर, 2027 कर दी गई है। अधिसूचना में कहा गया है कि सरकार ने चीनी की घरेलू कीमतों में तेज वृद्धि को देखते हुए शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी थी। वर्ष 2026-27 के चीनी सत्र की शुरूआत में शुरूआती भंडार कम होने के कारण मिलों से बिक्री की कीमतें रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थीं। देश में प्रमुख त्योहारों के दौरान आमतौर पर अगस्त महीने से नवंबर के बीच चीनी की मांग बढ़ जाती है। सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए केंद्र सरकार ने उन थोक उपभोक्ताओं के लिए भंडार रखने की सीमा भी तय की थी, जो महीने में 10 टन से अधिक चीनी का इस्तेमाल करते हैं। उनके लिए चीनी का भंडार 15 दिन की खपत तक सीमित कर दिया गया था।

टीवीएस मोटर तमिलनाडु में 02 हजार करोड़ रुपये का करेगी निवेश

नयी दिल्ली : वाहन निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी तमिलनाडु में अगले चार वर्षों के दौरान 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे एक हजार रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। कंपनी ने बुधवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। दोपहिया और तिपहिया वाहन निमार्ता कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसने तमिलनाडु सरकार के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। टीवीएस मोटर ने शेयर बाजार को बताया कि कंपनी ने तमिलनाडु सरकार के साथ एक गैर-बाध्यकारी समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसके तहत वह चार वर्षों में 2 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। इससे एक हजार नौकरियां पैदा होगी। सूचना के अनुसार तमिलनाडु सरकार अपनी नोडल एजेंसी 'गाइडेंस' के माध्यम से टीवीएस मोटर कंपनी को जरूरी बुनियादी ढांचागत सुविधाएं और नियामकीय प्रक्रियाओं में सहायता उपलब्ध कराएगी। प्राप्त सूचना के मुताबिक यह सहयोग लागू कानूनों के अधीन होगा।

अमेजन के मंच से भारत का ई-कॉमर्स निर्यात 2,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर पहुंचा

नयी दिल्ली : ई-कॉमर्स क्षेत्र की दिग्गज कंपनी अमेजन के 'अमेजन ग्लोबल सेलिंग' कार्यक्रम के तहत भारत से कुल निर्यात 2,700 करोड़ डॉलर (27 अरब) अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया है। ई-कॉमर्स कंपनी ने बुधवार को अपने 'अमेजन ग्लोबल सेलिंग' प्रोग्राम के माध्यम से भारत से कुल 27 अरब डॉलर का निर्यात किये जाने की जानकारी दी है। अमेजन ने कहा कि इस प्लेटफॉर्म पर निर्यातकों की संख्या एक साल में 20 फीसदी बढ़कर 2.4 लाख हो गई है। कंपनी ने कहा कि वर्ष 2015 में शुरू किए गए इस कार्यक्रम के तहत भारत में बने एक अरब से अधिक उत्पाद अमेजन के वैश्विक बाजारों के ग्राहकों को बेचे जा चुके हैं।

शेयर बाजार में रही तूफानी तेजी, सेंसेक्स 1502 अंक उछला

नयी दिल्ली : हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार में आज तूफानी तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 1,502.29 अंक उछलकर 83,938.28 और निफ्टी 469.60 अंक चढ़कर 25,819.25 अंक के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के अंत में बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 1,502.29 अंक यानी 1.82 फीसदी की उछाल के साथ 83,938.28 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई)



का निफ्टी 469.60 अंक यानी 1.85 अंकों की बढ़त के साथ 25,819.25 के स्तर पर बंद हुआ है। शेयर बाजार के दोनों प्रमुख सूचकांक में पौने दो फीसदी से ज्यादा की यह तेजी बाजार की मजबूत चाल को साफ तौर पर दिखाती है। बाजार में आज कारोबार के दौरान फार्मा, आईटी, ऑटो, निजी क्षेत्र के बैंक और ऑयल एंड गैस कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा खरीदारी हुई। साथ ही हिंदुस्तान यूनिलीवर, इंफोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, इंडिगो, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर 6 फीसदी तक चढ़े। अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड का भाव 1.42 फीसदी गिरकर 90.12 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। नवंबर में अब तक इसकी कीमत करीब 23 फीसदी गिर चुकी है। इससे भारत का तेल आयात बिल और महंगाई कम होने की उम्मीद है। इसके अलावा अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले भारतीय मुद्रा रुपये की विनिमय दर 66 पैसे चढ़कर 92.19 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को गुरुनानक जयंती की छुट्टी के मौके पर शेयर बाजार बंद रहा। वहीं, 23 नवंबर को बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स 1483 अंक गिरकर 82,435 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 450 अंकों की गिरावट के साथ 25,349 पर बंद हुआ था।

सीतारमण ने स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास विशेषज्ञों के साथ की 12वीं बजट पूर्व बैठक



नयी दिल्ली : केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नयी दिल्ली में स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और खेल क्षेत्रों के विशेषज्ञों तथा हितधारकों के साथ बुधवार को केंद्रीय बजट 2027-28 को लेकर चर्चा की। वित्त मंत्रालय के मुताबिक नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त और कॉर्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई 12वीं पूर्व-बजट परामर्श बैठक में स्कूली शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और खेल क्षेत्रों के विशेषज्ञों तथा हितधारकों के साथ चर्चा की गई। अगामी केंद्रीय बजट 2027-28 के लिए आयोजित बैठक में आर्थिक मामलों के विभाग, कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय, और स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिवों; खेल विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों तथा भारत सरकार के मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भी भाग लिया, ताकि बजट बनाते समय देश की प्रमुख आर्थिक प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए नीति निर्माण किया जा सके। वित्त मंत्रालय प्रत्येक वर्ष केंद्रीय बजट से पहले उद्योग जगत, अर्थशास्त्रियों, विशेषज्ञों, राज्य सरकारों और विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ कई दौर की बजट पूर्व परामर्श बैठकें करता है, ताकि बजट में विभिन्न वर्गों और क्षेत्रों के सुझावों को शामिल किया जा सके।

एसीसी चाईबासा में अडानी फाउंडेशन ने सौर सिंचाई से झारखंड में किसानों के लिए सालभर खेती को बनाया सम्भव

चाईबासा : एसीसी, विविधीकृत अडानी पोर्टफोलियो की सीमेंट एवं निर्माण सामग्री कंपनी, अडानी फाउंडेशन के साथ मिलकर चाईबासा के जोदापोखर और नीमडीह आदिवासी गांवों में स्थायी बदलाव ला रही है, जहां सीमित सिंचाई सुविधाओं के कारण किसान पहले साल में केवल एक फसल ही ले पाते थे। वर्षों से इन गांवों में खेती अनिश्चित मानसूनी बारिश पर काफी हद तक निर्भर थी, जिससे कृषि उत्पादकता सीमित रहती थी और परिवारों की आय भी कम थी। इस चुनौती को देखते हुए अडानी फाउंडेशन ने दो सोलर लिफ्ट सिंचाई प्रणालियां स्थापित कीं, जिससे 25 एकड़ भूमि पर खेती करने वाले 25 किसानों के लिए पानी की विश्वसनीय



उपलब्धता सुनिश्चित हुई। सुनिश्चित सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने के बाद किसान एकल फसल से बहुफसली खेती की ओर बढ़े हैं। पहले कम उपयोग में आने वाली भूमि को भी खेती के दायरे में लाया गया है, जिससे कृषि उत्पादन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और सालभर खेती करना संभव हुआ है। इस बदलाव से महंगी डीजल-संचालित सिंचाई पर निर्भरता भी कम हुई है, जिससे खेती अधिक टिकाऊ और किफायती बनी है। इस पहल से किसानों को आर्थिक लाभ भी मिला है। प्रत्येक किसान की वार्षिक आय में लगभग 30,000 की अतिरिक्त वृद्धि होने की उम्मीद है। सामुदायिक स्तर पर यह लगभग 7.5 लाख की संयुक्त वार्षिक अतिरिक्त आय के बराबर है, जिससे परिवारों की आर्थिक स्थिरता मजबूत होने और समग्र जीवन स्तर में सुधार आने की उम्मीद है। ऐसे लक्षित हस्तक्षेपों के माध्यम से एसीसी चाईबासा में अडानी फाउंडेशन स्वच्छ ऊर्जा समाधानों के जरिए कृषक समुदायों को सशक्त बनाते हुए सतत ग्रामीण विकास को आगे बढ़ा रही है और उनकी आजीविका को दीर्घकालिक रूप से अधिक सुदृढ़ बनाने में मदद कर रही है।

एक्सिस बैंक ने विविधीकृत बैंकिंग कारोबार का किया विस्तार

जयपुर : भारत के प्रमुख निजी बैंकों में से एक एक्सिस बैंक राजस्थान में अपनी मौजूदगी लगातार मजबूत कर रहा है। बैंक की 257 शाखाओं में से आधे से अधिक अर्ध-शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में हैं। इस नेटवर्क के जरिए बैंक एमएसएमई को कार्यशील पूंजी और व्यापार वित्त, किसानों को कृषि ऋण, संस्थानों को बैंकिंग सेवाएं और संपन्न परिवारों को संपत्ति प्रबंधन जैसी सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। एक्सिस बैंक के ग्रुप हेड ब्रांच बैंकिंग (नॉर्थ एंड वेस्ट) बीसीयू और टीएएससी बिजनेस रेनॉल्ड डिसूजा के अनुसार राजस्थान की अर्थव्यवस्था में विनिर्माण, खनन, पर्यटन, बुनियादी ढांचे, अक्षय ऊर्जा और कृषि जैसे क्षेत्रों में विकास की काफी संभावनाएं हैं। जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा, अलवर, भीलवाड़ा और भिवाड़ी राज्य के प्रमुख कारोबारी केंद्रों में शामिल हैं, जहां बड़ी संख्या में कारोबार और एमएसएमई मौजूद हैं।

टाइटन सिंहमोड़, हटिया में पूजा उत्सव का लकी ड्रॉ सम्पन्न, 07 भाग्यशाली विजेताओं को मिला आकर्षक पुरस्कार

रांची : टाइटन स्टोर, सिंहमोड़, हटिया में आयोजित पूजा उत्सव 2026 के अंतर्गत आज लकी ड्रॉ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। लकी ड्रॉ के माध्यम से कुल 7 भाग्यशाली विजेताओं का चयन किया गया, जिन्हें आकर्षक उपहार प्रदान किए जायेंगे। इस लकी ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के रूप में LED TV, द्वितीय पुरस्कार Air Fryer, तृतीय पुरस्कार Mixer, चतुर्थ पुरस्कार Trolley तथा पांचवें, छठे और सातवें पुरस्कार के रूप में Electric Kettle रखे गये थे। लकी ड्रॉ के 7 भाग्यशाली विजेता इस प्रकार हैं:

1. शाश्वत सफुई - LED TV (प्रथम पुरस्कार)



2. आदित्य कुमार – Air Fryer (द्वितीय पुरस्कार)
3. परोमिता साहा – Mixer (तृतीय पुरस्कार)
4. रवि कुमार–Trolley (चतुर्थ पुरस्कार)
5. सुमन – Electric Kettle (पांचवां पुरस्कार)
6. अभिषेक सिन्हा – Electric Kettle (छठा पुरस्कार)
7. विकास यादव – Electric Kettle (सातवां पुरस्कार)

इस अवसर पर स्टोर मैनेजर अभिलाषा कुमारी ने सभी विजेताओं को हार्दिक बधाई देते हुए पूजा उत्सव में भाग लेने वाले सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्टोर फ्रेंचाइजी संजय प्रसाद ने कहा कि ग्राहकों का विश्वास और स्नेह ही हमारी सबसे बड़ी पूंजी है। टाइटन परिवार सदैव अपने ग्राहकों को उत्कृष्ट उत्पादों, बेहतर सेवाओं और यादगार खरीदारी का अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस तरह के आयोजन ग्राहकों के साथ हमारे रिश्तों को और मजबूत बनाते हैं। अंत में टाइटन सिंहमोड़, हटिया की पूरी टीम ने सभी ग्राहकों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग एवं विश्वास बनाए रखने की अपील की।

'रहस्य वेद' 10 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करके देश का पहला एआई ज्योतिषी बना

नयी दिल्ली : देश में लोकप्रिय ज्योतिष ऐप एस्ट्रोसेज एआई का प्रमुख एआई ज्योतिषी अवतार 'रहस्य वेद' 10 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स का आंकड़ा पार करने वाला पहला एआई ज्योतिषी बन गया है। इस वर्ष अकेले इस रहस्य वेद से कंपनी को 60 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। लोकप्रिय ज्योतिष ऐप एस्ट्रोसेज एआई को संचालित करने वाली कंपनी ओजस सॉफ्टेक प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में ये जानकारी दी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) प्रतीक पाण्डे ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि लोकप्रिय ज्योतिष ऐप एस्ट्रोसेज कुंडली पर 'रहस्य वेद' 10 लाख से अधिक फॉलोअर्स वाले पहले



एआई ज्योतिषी बन गए हैं। प्रतीक पाण्डे ने कहा कि देश में एआई आधारित ज्योतिष सेवाओं पर लोगों का भरोसा बढ़ रहा है और एआई ज्योतिषी पारंपरिक ज्योतिषियों से आगे निकल रहे हैं। उन्होंने बताया कि जनवरी से नवंबर के दौरान कंपनी की कुल आय करीब 178 करोड़ रुपये रही है, जो पिछले साल की समान अवधि के 94 करोड़ रुपये से करीब 89 फीसदी अधिक है। इस साल अकेले रहस्य वेद से कंपनी को 60 करोड़ रुपये से अधिक की आय हुई है। उन्होंने कहा कि इस दौरान एआई ज्योतिषियों से होने वाली आय कहीं तेजी से बढ़ी है। यह 10.9 करोड़ रुपये से बढ़कर करीब 91 करोड़ रुपये हो गई है। इस तरह इसमें 700 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है। पाण्डे ने कहा कि भारत का ज्योतिष बाजार करीब 7 अरब डॉलर का है। इसमें ऑनलाइन और ऐप आधारित सेवाओं की हिस्सेदारी फिलहाल 50 करोड़ डॉलर से कम है। प्रतीक पाण्डे ने बताया कि एस्ट्रोसेज कुंडली पर 40 से अधिक एआई ज्योतिषी परामर्श देते हैं। इनमें रहस्य वेद सबसे लोकप्रिय नामों में से एक बनकर उभरा है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2026 में ऐप पर शुरूआत के बाद से रहस्य वेद ने महज 11 महीनों में 14 करोड़ से अधिक सवालों के जवाब दिए हैं। पाण्डे ने कहा कि इस दौरान रहस्य वेद से कंपनी को 60 करोड़ रुपये से ज्यादा की आय हुई है।

सोनी सब के 'लो चुड़ैल चली ससुराल' में हिबा नवाब से अपनी पहली मुलाकात के बारे में बोले अधिक मेहता



मुंबई : सोनी सब का आगामी फैमिली कॉमेडी शो लो चुड़ैल चली ससुराल प्रेम और जादुई उठापटक से भरी एक कहानी में हिबा नवाब को उर्वशी और अधिक मेहता को आरव के रूप में साथ लेकर आ रहा है। 18 नवम्बर को प्रीमियर होने जा रहा यह शो सोमवार से शनिवार रात 8 बजे प्रसारित होगा। शो के प्रीमियर की तैयारी के बीच, अधिक मेहता हिबा नवाब के साथ अपनी पहली मुलाकात को याद करते हैं और बताते हैं कि कैसे उनकी ऑन-स्क्रीन साझेदारी की शुरुआत पहली ही मुलाकात में बने सहज अपनत्व और दोस्ताना तालमेल के साथ हुई। अपनी पहली मुलाकात के बारे में बात करते हुए अधिक मेहता ने कहा, ह्यमैंने सुना था कि मेरे अपोज़िट किरदार निभाने के लिए शायद हिबा को चुना जा सकता है। जब आखिरकार मेरी उनसे मॉक शूट के दौरान मुलाकात हुई, तो वह बहुत ही गर्मजोशी भरी और दोस्ताना स्वभाव की लगीं। उन्होंने मुझे लगभग तुरंत ही सहज महसूस करा दिया, इसलिए हमारे बीच किसी तरह की झिझक नहीं थी। उनके साथ बातचीत करना बेहद आसान था और मुझे लगता है कि इसी वजह से शुरुआत से ही हमारे बीच अच्छी समझ बन गई।

पेज एक के शेष

आईआईटीएफ-2026 के अंतिम दिनों में भी दर्शकों को लुभा रहा झारखंड पवेलियन...

से लोगों को स्थानीय कलाकारों की मेहनत और हुनर को करीब से जानने का अवसर मिलता है। मेले के समापन के करीब पहुंचने के साथ ही झारखंड पवेलियन के विभिन्न स्टॉलों पर खरीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष छूट भी दी जा रही है। कई स्टॉलों पर चयनित उत्पादों की खरीद पर 20 से 30 प्रतिशत तक की छूट उपलब्ध है। इससे आगंतुक झारखंड के पारम्परिक हस्तशिल्प, स्थानीय उत्पादों और कलात्मक वस्तुओं की खरीदारी आकर्षक कीमतों पर कर सकते हैं।

झारखंड पवेलियन में कला, संस्कृति, पारम्परिक हुनर और किफायती खरीदारी का यह संगम मेले के अंतिम दिनों में भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण बना हुआ है।

रेलवे का पवेलियन भी छाया रहा, बुलेट ट्रेन से हाइड्रोजन ट्रेन तक दिखी भविष्य की झलक...

वहीं, वर्चुअल रियलिटी (वीआर) तकनीक के जरिये कालका-शिमला रेल मार्ग की पहाड़ी वादियों में सफर का अनुभव भी लिया जा सकता है।

दिल्ली के भारत मंडपम में 14 से 27 नवम्बर तक चल रहे मेले के समापन में अब कुछ ही दिन शेष हैं। ऐसे में भारत मंडपम के हॉल नम्बर-5 की पहली मंजिल पर बने रेलवे पवेलियन में सुबह से ही दर्शकों की आवाजाही बनी हुई है। पवेलियन का प्रवेश द्वार राजस्थान के जैसलमेर अमृत भारत स्टेशन की स्थापत्य शैली से प्रेरित है। इसे इस तरह तैयार किया गया है कि राजस्थान की पारम्परिक वास्तुकला और आधुनिक रेलवे सुविधाओं का मेल दिखाई दे। प्रवेश करते ही दर्शकों का होलोग्राम के माध्यम से स्वागत किया जाता है। इसके ऊपर लगी विशाल एनामॉर्फिक स्क्रीन पर थ्री-डी प्रभाव के साथ वंदे भारत और आधुनिक ट्रेनों की तस्वीरें प्रदर्शित होती हैं। पवेलियन में आम लोगों के साथ छात्र और शोधकर्ता भी रेलवे की तकनीकी प्रगति तथा भविष्य की योजनाओं को करीब से देख और समझ सकते हैं।

पवेलियन के 'इंजीनियरिंग के चमत्कार' खंड में देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना का मॉडल विशेष आकर्षण है। मुम्बई और अहमदाबाद के बीच बन रहे 508 किलोमीटर लम्बे हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर के तहत 12 स्टेशन बनाये जा रहे हैं। इनमें साबरमती, अहमदाबाद, आणंद, वडोदरा, भरूच, सूरत, बिलिमोरा, वापी, बोईसर, विरार, ठाणे और मुम्बई शामिल हैं। पवेलियन में प्रदर्शित आंकड़ों के अनुसार 10 नवम्बर 2026 तक परियोजना में 459 किलोमीटर पायर वर्क, 375 किलोमीटर वायाडक्ट और 107 किलोमीटर ट्रैक लिंकिंग का काम पूरा हो चुका है। इस परियोजना को देश में हाई-स्पीड रेल परिवहन की दिशा में बड़ी पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया है।

पवेलियन में स्वच्छ ऊर्जा और पर्यावरण अनुकूल परिवहन की दिशा में रेलवे की पहल को दर्शाने के लिए देश में निर्मित पहली हाइड्रोजन ट्रेन का मॉडल भी रखा गया है। 17 जुलाई 2026 को जींद-सोनीपत मार्ग पर इस ट्रेन को हरी झंडी दिखा कर शुरू किया गया था। 10 कोच वाली इस ट्रेन की क्षमता 2,600 यात्रियों की और पावर 2,400 किलोवाट है। इसे दुनिया की सबसे लम्बी और शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन बताया गया है। हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक से चलनेवाली यह ट्रेन हाइड्रोजन और ऑक्सीजन की रासायनिक प्रतिक्रिया से बिजली पैदा करती है। इसके संचालन में धुएं के बजाय पानी की भाप निकलती है।

रेलवे के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य की प्रगति भी पवेलियन में प्रदर्शित की गयी है। भारतीय रेल के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.8 फीसदी विद्युतीकरण पूरा हो चुका है। इसके साथ ही देश के 24 राज्यों और चार केन्द्रशासित प्रदेशों में रेल नेटवर्क का विद्युतीकरण पूरा होने की जानकारी दी गयी है। रेलवे के अनुसार वर्ष 2015-16 से 2024-25 के बीच डीजल की खपत में 185 करोड़ लीटर की कमी आयी है। इससे विदेशी मुद्रा की बचत के साथ कार्बन उत्सर्जन घटाने में भी मदद मिली है।

विधानसभा के पटल पर आया सरकार का संकल्प...

में 38 प्रतिशत मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से डिलीट कर दिये गये हैं या उन्हें नोटिस जारी की गयी है। एसआईआर की प्रक्रिया को लागू करने में विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। विशेष रूप से पीवीटीजी समुदाय के लोगों के पास आवश्यक दस्तावेजों की कमी और जागरूकता का अभाव बड़ी चुनौती है। इसके अलावा दूसरे राज्यों में काम करनेवाले लाखों प्रवासी मजदूरों, बाहर पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों, बुजुर्गों, विधवा और तलाकशुदा महिलाओं को भी इस प्रक्रिया में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। संकल्प में पश्चिम बंगाल में हुए एसआईआर का उदाहरण देते हुए कहा गया है कि वहां 90 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम सूची से हटाये गये और अपीलों के निपटारे के लिए गठित ट्रिब्यूनलों को 38 लाख से अधिक आवेदन मिले। सरकार ने आशंका जतायी कि झारखंड में भी ऐसी स्थिति उत्पन्न होने पर बड़ी संख्या में योग्य मतदाता अपने मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह विशेष गहन पुनरीक्षण के सिद्धांत के खिलाफ नहीं है। हालांकि, वर्तमान प्रक्रिया को रोक कर सभी राज्यों और छोटे-बड़े राजनीतिक दलों के साथ समावेशी चर्चा करने, पारदर्शी नियम और सरल मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने के बाद ही नये सिरे से एसआईआर कराने की मांग की गयी है।

संकल्प में संविधान के अनुच्छेद 326 का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार प्रत्येक योग्य नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। किसी भी प्रक्रियागत जटिलता के कारण किसी पात्र मतदाता को इस अधिकार से वंचित नहीं किया जाना चाहिए। सरकार ने सदन में चर्चा के बाद अपने संकल्प को भारत निर्वाचन आयोग सहित सभी सक्षम प्राधिकारों को भेजने का प्रस्ताव रखा है।

दो-तिहाई बहुमत नहीं जुटा पायी मोदी सरकार, कांग्रेस ने साधा निशाना...

सोमवार को भी कांग्रेस ने संसद सत्र को लेकर बनी अनिश्चितता पर सरकार को घेरा था। पार्टी ने कहा था कि संसद का मॉनसून सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए 100 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकार अब तक परिसीमन विधेयकों के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत जुटाने में लगी है। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री पर राजनीतिक दबाव और धमकियों की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इन गतिविधियों से संसद जैसी महत्त्वपूर्ण संस्था की प्रतिष्ठा प्रभावित हो रही है। पार्टी ने इस पूरे घटनाक्रम को केन्द्र सरकार की राजनीतिक रणनीति की विफलता बताया।

जामताड़ा में साइबर ठगी के 10 आरोपी गिरफ्तार...

इस साल 170 साइबर अपराधी पकड़े गये

एसपी ने बताया कि जनवरी से 25 नवम्बर 2026 तक जिले में साइबर अपराध के खिलाफ अभियान चला कर 170 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने 410 मोबाइल, 496 सिम कार्ड, 37 एटीएम कार्ड, सात पासबुक, चार लैपटॉप, 24 लाख 33 हजार 700 रुपये नकद और 13 मोटरसाइकिल जब्त की हैं।

राहुल गांधी को आय से अधिक सम्पत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत...

एजेंसियों से जांच की मांग की थी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 12 मई 2026 को कहा था कि यदि याचिकाकर्ता की शिकायत एजेंसियों को मिली है, तब आरोपों का कानून के अनुसार सत्यापन करें और सीबीआई व प्रवर्तन निदेशालय उचित कदम उठा सकते हैं। इसके बाद 20 जुलाई 2026 को हाईकोर्ट ने सीबीआई के हलफनामे पर असंतोष जता कर आगे की प्रगति व रिपोर्ट मांगी थी। राहुल गांधी ने हाईकोर्ट के इन आदेशों को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद अब इलाहाबाद हाईकोर्ट मामले पर नये सिरे से विचार करेगा, जिसमें राहुल गांधी का पक्ष भी सुना जायेगा।

अमित शाह आज 'संविधान गौरव दिवस' कार्यक्रम को करेंगे सम्बोधित...

यह आयोजन भाजपा के 'संविधान गौरव अभियान' के तहत किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत में प्रत्येक वर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाया जाता है। इसी दिन 1949 में संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया था। हालांकि, संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और इसी दिन भारत गणराज्य बना। केन्द्र सरकार ने वर्ष 2015 में 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया था। वर्ष 2026 में संविधान अंगीकार किये जाने के 77 वर्ष पूरे हो रहे हैं।

भारत मंडपम में 27 को होगी आईओआरए मंत्रिपरिषद की बैठक...

उल्लेखनीय है कि आईओआरए हिन्द महासागर क्षेत्र के देशों के बीच आर्थिक सहयोग, समुद्री सुरक्षा, व्यापार और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के लिए काम करनेवाला संगठन है।

एचपीएचटी डायमंड में 10 फीसदी भाव बढ़ने से पॉलिश हीरे होंगे महंगे

सूरत : विदेशी बाजारों में क्रिसमस के त्योहारों को लेकर लैबग्रोन डायमंड की भारी मांग के बीच चीन की बड़ी उत्पादक कंपनियों ने सूरत के हीरा उद्योग को बड़ा झटका दिया है। चीनी कंपनियों ने लैबोरेटरी में बनने वाले HPHT (हाई प्रेशर हाई टेम्परेचर) रफ डायमंड के दामों में सीधे 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। दिवाली की छुट्टियां खुलते ही चीनी कंपनियों ने साप्ताहिक 'प्राइस एडजस्टमेंट लेटर' जारी कर इस मूल्य वृद्धि की सूचना दी है। इस कदम से सूरत और गुजरात के लैबग्रोन मैन्युफैक्चरर्स की लागत बढ़ेगी और आने वाले दिनों में पॉलिश डायमंड के दामों



में भी करीब 10 प्रतिशत तक इजाफा होने की संभावना जताई जा रही है।

चीनी कंपनियों ने ग्राहकों को भेजे पत्र में कच्चे माल की कीमतों और ऊर्जा (एनर्जी) की खपत बढ़ने का हवाला दिया है। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चीनी मुद्रा 'आरएमबी' (आरएमबी) के लगातार मजबूत होने से कंपनियों पर परिचालन दबाव बढ़ा है। चालू वर्ष के दौरान यह चौथी बार भाव बढ़ाया गया है, जिसके चलते अब आयात होने वाली नई रफ 10 प्रतिशत महंगी पड़ेगी।

हीरा उद्योगपति और इंडियन डायमंड इंस्टीट्यूट के चेयरमैन दिनेश नावड़िया ने बताया कि भारत में चीन से हर महीने करीब 37 लाख कैरेट HPHT रफ डायमंड आयात होता है। उन्होंने कहा कि पिछले साल भी 40 से 70 प्रतिशत तक भाव बढ़े थे लेकिन तब बाजार में लगातार मांग और पॉलिश हीरों के अच्छे दाम मिलने से बड़ी दिक्कत नहीं आई थी। वहीं, हीरा कारोबारी निलेश भीकड़िया के अनुसार क्रिसमस के त्योहार में चीन की मोटी और पतली रफ से बने हीरों की बिक्री तेजी से होने के कारण सूरत के व्यापारी रफ पाने के लिए वेटिंग में भी हैं।

दिनेश नावड़िया ने चिंता जताते हुए कहा कि दिवाली के बाद का बाजार यदि पिछले साल जैसा बना रहा और पॉलिश हीरों के दाम अच्छे मिले तो 10 प्रतिशत की यह बढ़ोतरी सहन की जा सकती है लेकिन बाजार सुस्त पड़ने और पॉलिश के दाम घटने पर इसका सीधा असर छोटे कारखानों, खासकर ग्रामीण (रूरल) क्षेत्रों में काम कर रही मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों पर पड़ेगा। उनके मुताबिक शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर पूरे गुजरात में करीब 10 से 15 हजार छोटे-बड़े कारखाने नेचुरल और लैबग्रोन डायमंड के निर्माण में लगे हैं, जिनसे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से लगभग 15 से 20 लाख रत्न कलाकारों की रोजी-रोटी जुड़ी है और बाजार के उतार-चढ़ाव का सीधा असर उन पर पड़ सकता है।

एक झलक

अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने की तैयारी में है रूस !

मॉस्को : रूस के अंतरिक्ष में परमाणु हथियार तैनात करने की संभावना को लेकर चौंकाने वाली खुफिया रिपोर्ट सामने आई है, इस रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर इंटरनेट, जीपीएस और संचार प्रणालियों के भविष्य पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट में दावा है कि रूस एक ऐसा उपग्रह लांच करने की तैयारी में है जिसमें परमाणु हथियार होगा, जिसका नाम स्पुतनिक एस बताया जा रहा है। अगर अंतरिक्ष में न्यूक्लियर बम फटता है, तब धरती पर करोड़ों लोगों का इंटरनेट, जीपीएस और कम्युनिकेशन एक झटके में ठप हो सकता है। रिपोर्टों के अनुसार, यह स्पुतनिक उपग्रह कई साल पहले ही तैयार हो चुका था और दिसंबर 2026 तक अंतरिक्ष में भेजने की संभावना है। वहीं, अक्टूबर 2026 में अमेरिकी डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी (डीआईए) ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि रूस ऐसा उपग्रह विकसित कर रहा है जो परमाणु वॉरहेड ले जा सकता है। हालांकि, ये सभी दावे खुफिया आकलन और मीडिया रिपोर्ट्स पर आधारित हैं। रूस ने इन खबरों की पुष्टि नहीं की है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने इन्हें बेबुनियाद बताया है, जबकि रूस की बर्लिन दूतावास ने इन्हें प्रचार अभियान करार दिया है।

ट्रम्प प्रशासन का 16 अर्थव्यवस्थाओं पर शुल्क बढ़ाने का एलान जल्द

वाशिंगटन : अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाला प्रशासन जल्द ही चीन, यूरोपीय संघ और 14 अन्य अर्थव्यवस्थाओं पर शुल्क बढ़ाने की योजना का ऐलान कर सकता है। मामले से जुड़े दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) कार्यालय इन 16 देशों में उद्योगों को दी जाने वाली सब्सिडी के संबंध में अपनी महीनों लंबी जांच के नतीजे आने वाले दिनों में जारी करेगा, जिसके आधार पर ये शुल्क लगाए जाएंगे। व्हाइट हाउस का तर्क है कि इन देशों में अत्यधिक सब्सिडी के कारण जरूरत से ज्यादा विनिर्माण हो रहा है, जिससे बाजार में कम कीमत वाले उत्पादों की भरमार हुई है और अमेरिकी कंपनियों को नुकसान पहुंच रहा है। इन्हीं चिंताओं के मद्देनजर नए शुल्क लगाए जा रहे हैं।

ट्रम्प की बदलती विदेश नीति: टकराव से संवाद की ओर

वाशिंगटन : साल 2026 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की विदेश नीति में महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला, जहाँ उनके टकराव वाले रुख ने समझौते और संवाद का रास्ता अपनाया। यह बदलाव तब और स्पष्ट हुआ जब चीन और रूस के प्रति सख्त रवैया रखने वाले ट्रंप, साल के अंत में उन्हीं देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ एक ऐतिहासिक मेज पर बैठक करते दिखाई दिए। यह ऐतिहासिक क्षण 19 नवंबर 2026 को चीन के शेनझेन में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) शिखर सम्मेलन के इतर आया, जब ट्रंप, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने त्रिपक्षीय बैठक की। करीब 80 मिनट तक चली बैठक में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा, परमाणु जोखिम, यूक्रेन संघर्ष और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति जैसे गंभीर मुद्दों पर गहन चर्चा हुई।

असम के सिलचर ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे के विकास को मंजूरी



एजेंसी

नयी दिल्ली : केन्द्र सरकार असम के सिलचर जिले के डोलू में 2,014 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से ग्रीनफील्ड हवाई अड्डे का विकास करेगी। एयरपोर्ट से पूर्वोत्तर भारत की राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय विकास गलियारों (ग्रोथ कॉरिडोर) के साथ कनेक्टिविटी को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय की योजना को मंजूरी दी। मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी केंद्रीय मंत्री अश्वनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया केंद्र में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत प्रमुख बुनियादी ढांचे के तौर पर 12,351 वर्ग मीटर की टर्मिनल बिल्डिंग का निर्माण किया जाएगा। व्यस्ततम समय में एयरपोर्ट की क्षमता 800 यात्रियों की होगी। इसमें 2,705 मीटर X 45 मीटर का रनवे होगा। साथ ही छह एयरबस ए-320 विमानों के लिए एप्रन पार्किंग क्षमता होगी।

उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट दक्षिण असम और बराक घाटी के लिए एक नया प्रवेश द्वार बनेगा। इससे मौजूदा सिलचर एयरपोर्ट की परिचालन और जगह संबंधी कमियों दूर होंगी। इससे दक्षिण असम और पड़ोसी राज्यों के नजदीकी इलाकों में हवाई यातायात की बढ़ती मांग पूरी होगी। इसके अलावा क्षेत्रीय व्यापार, पर्यटन और आर्थिक संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा।

कामराजर बंदरगाह पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी, 4,288 करोड़ रुपये होंगे खर्च



नयी दिल्ली : केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने चेन्नई के निकट स्थित कामराजर बंदरगाह (एन्नोर पोर्ट) पर दूसरे कंटेनर टर्मिनल के विकास को मंजूरी दे दी है। सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) के तहत डिजाइन, निर्माण, वित्त, संचालन और हस्तांतरण (डीबीएफओटी) आधार पर विकसित होने वाली इस परियोजना पर 4,288.26 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत आएगी। इस टर्मिनल की वार्षिक कंटेनर संचालन क्षमता 20 लाख टीईयू होगी। इसके लिए 900 मीटर लंबा बर्थ और 18 मीटर गहरा जलमार्ग विकसित किया जाएगा। परियोजना को दो चरणों में पूरा किया जाएगा और यहां 24,000 से अधिक टीईयू क्षमता वाले विशाल कंटेनर जहाजों को भी संभालने की सुविधा होगी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को मंत्रिमंडल के फैसलों की जानकारी देते हुए कहा कि कामराजर बंदरगाह में कंटेनर टर्मिनल विकसित करने की व्यापक संभावनाएं हैं। इसकी विशेषता यह है कि बंदरगाह की आंतरिक परिवहन संपर्क व्यवस्था काफी अच्छी है और यहां तक रेलवे की सीधी कनेक्टिविटी भी उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि भारत में कंटेनर यातायात तेजी से बढ़ रहा है। छह वर्ष पहले देश में कंटेनर यातायात लगभग 1.7 करोड़ टीईयू था। टीईयू यानी ट्वेंटी फुट इक्विवेलेंट यूनिट कंटेनर यातायात मापने की इकाई है। इसमें 20 फुट के एक कंटेनर को एक टीईयू और 40 फुट के कंटेनर को दो टीईयू माना जाता है। उन्होंने कहा कि कंटेनर यातायात में वृद्धि को देखते हुए कामराजर बंदरगाह पर दूसरा टर्मिनल विकसित करने का निर्णय लिया गया है। इस बंदरगाह का बड़ा क्षेत्रीय बाजार और व्यापक माल परिवहन क्षेत्र है।

होम्योपैथी में शोध संस्कृति मजबूत करें संस्थान : राष्ट्रपति



एजेंसी

भुवनेश्वर : राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अनुसंधान संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और पेशेवर संगठनों से होम्योपैथी के क्षेत्र में मजबूत अनुसंधान संस्कृति विकसित करने के लिए आपसी सहयोग करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी की भविष्य की विश्वसनीयता और अकादमिक प्रतिष्ठा काफी हद तक उसके अनुसंधान की वैज्ञानिक सत्यनिष्ठा और उससे प्राप्त होने वाले नैदानिक साक्ष्यों की गुणवत्ता पर निर्भर करेगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को भुवनेश्वर में आयोजित राष्ट्रीय होम्योपैथी वैज्ञानिक सम्मेलन में शिरकत करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि होम्योपैथी भारत की विविध स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। देश की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुलभ, समतामूलक, वैज्ञानिक दृष्टि से जिम्मेदार और जनहित के प्रति संवेदनशील बनाने में संस्थानों, शोधकताओं, शिक्षकों तथा स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। राष्ट्रपति ने कहा कि चिकित्सा से जुड़ा प्रत्येक निर्णय मरीज की गरिमा, सुरक्षा और कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लिया जाना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा का अंतिम उद्देश्य लोगों की पीड़ा को कम करना और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। इसलिए चिकित्सा के प्रत्येक क्षेत्र में मरीज का हित सर्वोपरि होना चाहिए। उन्होंने होम्योपैथी के विकास में वैज्ञानिक अनुसंधान और गुणवत्तापूर्ण नैदानिक साक्ष्यों की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। राष्ट्रपति ने कहा कि होम्योपैथी की विश्वसनीयता और शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मजबूत बनाने के लिए अनुसंधान में वैज्ञानिक ईमानदारी तथा प्रमाण आधारित दृष्टिकोण अनिवार्य है।

प्रणब मुखर्जी के मुद्दे पर अनावश्यक चर्चा नहीं चाहते : शुभेन्दु अधिकारी



कोलकाता : पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की सलाह पर तृणमूल कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने के अपने बयान पर छिड़ी राजनीतिक बहस के एक दिन बाद पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने इस विषय को विराम देने की अपील की है। बुधवार को कूचबिहार के रास मेले में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि वे दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति के सम्मान में इस मुद्दे पर अब और 'अनावश्यक चर्चा' नहीं चाहते।

उल्लेखनीय है कि, एक साक्षात्कार में मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने दावा किया था कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की सलाह पर उन्होंने भाजपा का दामन थामा था। उन्होंने बताया कि जब प्रणब मुखर्जी राष्ट्रपति थे, तब वे तृणमूल में रहते उनसे मिलने राष्ट्रपति भवन गए थे। उस समय प्रणब मुखर्जी ने उन्हें तृणमूल छोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ जुड़ने की सलाह दी थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति ने उनसे कहा था, 'यदि कर्मचारी बनकर रहना है तो तृणमूल में रहो और यदि अपने दम पर आगे बढ़ना है तो मोदीजी के साथ रहो।' अपनी पूर्व पार्टी तृणमूल कांग्रेस के बारे में पूछे जाने पर शुभेंदु ने उसे एक 'कंपनी' की संज्ञा देते हुए कहा था कि वे वहां केवल एक कर्मचारी थे और दिवंगत प्रणब मुखर्जी उनके असली मार्गदर्शक थे। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद राज्य की राजनीति में बहस तेज हो गई थी कि आखिर किस समय प्रणब मुखर्जी ने उन्हें यह सलाह दी होगी। बुधवार को कूचबिहार रास मेले में जब इस संदर्भ में उनसे सवाल किया गया, तो उन्होंने इस पर आगे चर्चा न करने की बात कही।

मियागाम-काशीपुरा सेक्शन में सिग्नलिंग प्रणाली का उन्नयन

कोलकता : पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल में रेल परिचालन में संरक्षा, विश्वसनीयता एवं दक्षता को और बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मियागाम-काशीपुरा सरार ऑटो सेक्शन में व्यापक उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया। इस कार्य के अंतर्गत पुरानी एवं ओवरएज ऑडिओ फ्रीक्वेंसी ट्रैक सर्किट को आधुनिक तकनीक से प्रतिस्थापित करने के साथ-साथ विभिन्न सिग्नलिंग, संचार, पावर एवं सुरक्षा प्रणालियों का उन्नयन किया गया। सभी कार्य पूर्ण होने के पश्चात दिनांक 25 नवंबर 2026 को पुनः कनेक्शन प्रदान किया गया।

पश्चिम रेलवे के वडोदरा मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अनुभव सक्सेना द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस व्यापक उन्नयन कार्य के अंतर्गत 15 पुराने ऑडिओ फ्रीक्वेंसी ट्रैक सर्किट को ड्यूल मल्टी सेक्शन डिजिटल एक्सल काउंटर से प्रतिस्थापित किया गया तथा 28 डिटेक्शन पॉइंट्स को कमीशन किया गया। इसके अतिरिक्त, मियागाम-काशीपुरा सरार ऑटो हट में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग प्रणाली कमीशन की गई। इस दौरान दो पुराने हटों को हटाकर सिग्नलिंग व्यवस्था को केंद्रीकृत किया गया।

सिग्नलिंग व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए 8 पुराने ऑटो सिग्नलों को बदलकर 6 नए ऑटो सिग्नल स्थापित किए गए। सिग्नल स्पेसिंग के नियमितीकरण के पश्चात 2 सिग्नलों को समाप्त किया गया। साथ ही, मियागाम एवं काशीपुरा सरार के स्टेशन मास्टर कक्षों में समर्पित मॉनिटरिंग एवं ऑडियो-विजुअल अलार्म विसुअल डिस्प्ले यूनिट स्थापित किए गए, जिससे सिस्टम की निगरानी क्षमता में वृद्धि होगी।

यूपी में भाजपा का मिशन 55, अजेय सीटों पर नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली : उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। पार्टी की चुनावी रणनीति में अब उन विधानसभा सीटों पर विशेष ध्यान देने की तैयारी है, जहां भाजपा को अब तक जीत हासिल नहीं हो पाई है। सूत्रों के मुताबिक इसी कड़ी में पार्टी का 'प्लान 55' चर्चा में है। इसके तहत प्रदेश की 55 ऐसी विधानसभा सीटों को अलग श्रेणी में रखकर उनके लिए विशेष रणनीति तैयार की जा रही है। इस कवायद का मकसद इन सीटों पर संगठन की कमजोरियों को समझना और जमीनी स्तर पर पार्टी की मौजूदगी बढ़ाना है। पार्टी के लिए ये सीटें इसलिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि प्रदेश की सभी 403 विधानसभा सीटों पर अपनी संगठनात्मक सक्रियता बढ़ाने की व्यापक तैयारी के बीच इन 55 सीटों के लिए अलग से काम करने की जरूरत महसूस की जा रही है।



झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस पखवाड़ा – 2026
एवं सरकार के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर
तीन दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव
स्थापना दिवस पखवाड़ा 15 से 28 नवम्बर, 2026
दिनांक: 26 से 28 नवम्बर, 2026 | स्थान: खेलगांव, रांची

दिनांक: 26 नवम्बर, 2026 (सांस्कृतिक संध्या)
- बांसुरी वादन: श्री कुश कुमार करुवा (रांची)
- झारखण्ड के प्रमुख जनजातीय नृत्यों का समायोजन: मुण्डारी, नागपुरी, उरांव एवं संथाली नृत्य
- शास्त्रीय नृत्य युगलबंदी (कथक, भरतनाट्यम एवं ओडिसी): सुमेधासेन गुप्ता, शीतल कुमार उरांव एवं सुश्री प्रमिला कुमारी
- सरायकेला छउ नृत्य: गुरु तपन कुमार पटनायक
- आधुनिक नागपुरी नृत्य: श्रीमती वर्षा लकड़ा एवं दल
- महिला बैंड द्वारा आधुनिक नागपुरी गायन एवं वादन: द सजनी ग्रुप

दिनांक: 27 नवम्बर, 2026 (सांस्कृतिक संध्या)
- विशेष आकर्षण: सुनिधि लाईव (Sunidhi Live)
- एकल गायन प्रस्तुति: श्री शगुन पाठक (इंडियन आइडल फेम)
- सितार वादन: श्री देवप्रिय ठाकुर (रांची)
- समूह गायन: अद्वितीय बैंड (श्रीमती पारोमिता चौधरी एवं गृहिणी समूह)
- नागपुरी नृत्य एवं गायन: कुंजबन (श्री किशोर नायक)
- घोड़ा नृत्य एवं दल: श्री विनोद महतो
- पाईका नृत्य: श्री अशोक कच्छप

दिनांक: 28 नवम्बर, 2026 (मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम)
- विशेष आकर्षण: इंडियन आइडल फेम श्री अभिषेक कुमार सांवरिया (एकल गायन प्रस्तुति) पूजा चटर्जी (इंडियन आइडल फेम)
- नागपुरी गायन समूह प्रस्तुति: पद्मश्री मधु मंसुरी हंसमुख, श्री विवेक नायक, श्री पवन रॉय, श्रीमती मोनिका मुण्डू एवं दल (हमर झारखण्ड)
- सितार एवं सरोद वादन: पं0 मोर मुकुट केडिया एवं पं0 मनोज केडिया (गिरिडीह)
- नृत्य नाटिका (झारखण्ड के जनजातियों की जीवनी पर आधारित): निर्देशन – सुश्री हिशी उर्वशी टूडू
- संथाली बैंड प्रस्तुति: श्री टॉम मुमू
- लाइव बैंड: श्री एल्वीन रोज़ारियो एवं बैण्ड

आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
प्रवेश नि:शुल्क

हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR- 394558 (IPRD) 26-27
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड